14 जुलाई 2025 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), सोमवार | वर्ष-31, अंक- 267, पृष्ठ-12 | श्रावण कृष्ण पक्ष 04, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

बोल बम

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्।
उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय माऽमृतात्॥

## एक नजर

### तमिलनाडु में मालगाड़ी पटरी से उतरी, 18 बोगियां जली

**तिरुवल्लूर।** तमिलनाडु के तिरुवल्लूर रेलवे स्टेशन के पास मनाली से जोलारपेट होते हुए कर्नाटक जा रही एक डीजल मालगाड़ी पटरी से उतर गई। इसके बाद उसमें आग लग गई। शुरुआत में पांच बोगियों में आग लगी। बाद में यह 18 बोगियां आग की चपेट में आ गईं। घटना रविवार सुबह 5.30 बजे हुई। मालगाड़ी में 52 बोगियां थीं। जिला कलेक्टर एम प्रताप ने बताया कि 40 बोगियों को जलती हुई ट्रेन से अलग कर लिया गया है। वहीं, रेलवे स्टेशन के आसपास रहने वाले लोगों को निकालकर सुरक्षित जगह पहुंचाया गया। आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल सका है। फायर ब्रिगेड की कई टीमें बुलाई गईं। दोपहर तक मिली जानकारी के मुताबिक 10 गाड़ियों की मदद से आग पर लगभग काबू पा लिया गया है। इधर, रेलवे और पुलिस घटना वाली जगह से 100 मीटर दूर पटरी पर मिली दरार की भी जांच कर रहे हैं।

# झारखंड मुक्ति मोर्चा का 'एक्स' हैंडल हैक

● सीएम हेमंत सोरेन ने दिए कार्रवाई के आदेश



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के आधिकारिक एक्स हैंडल को आसामाजिक तत्वों के द्वारा हैक कर लिया है। हैक किए जाने के मामले को लेकर सीएम हेमंत सोरेन ने अपने एक्स हैंडल से जानकारी दी है।

**क्या है पूरा मामला :** झारखंड की सत्ताधारी पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा के आधिकारिक एक्स हैंडल को साइबर अपराधियों ने हैक कर लिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पूरे मामले की जानकारी खुद से दी है। सीएम ने बताया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा का आधिकारिक एक्स हैंडल को असामाजिक तत्वों के द्वारा हैक कर लिया गया है। मुख्यमंत्री ने इस मामले में झारखंड पुलिस को संज्ञान लेते हुए जांच कर शीघ्र कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया है।

**जांच में जुटी पुलिस :** मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद साइबर क्राइम ब्रांच की टीम पूरे मामले की तफ्तीश में जुट गई है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के आधिकारिक एक्स हैंडल को साइबर अपराधियों ने हैक किया है या फिर यह किसी और की साजिश है, इसकी जांच की जा रही है। एक्स हैंडल को हैक कर किसी तरह की छेड़खानी की गई है या नहीं इसकी भी जांच की जा रही है।

**लगातार आ रहे मामले सामने :** झारखंड में बड़े नेताओं, अधिकारियों और कारोबारियों के फेसबुक और एक्स हैंडल हैक करने या फिर फेक आईडी बनाए जाने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। हाल में ही रांची डीसी का ही फेक प्रोफ़ाइल बना दिया गया था। अब राज्य की सत्ताधारी पार्टी का एक्स हैंडल ही हैक कर लिया गया है, जिसकी जांच पुलिस कर रही है।

# हुसैनाबाद में देसी पिस्टल व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पुलिस ने पथरा टांड़ के पास एक देशी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर बताया कि शनिवार की शाम गुप्त सूचना मिली थी कि पथरा टांड़ के समीप एक युवक पिस्टल और कारतूस के साथ अपने एस्बेस्टस के घर में किसी घटना को अंजाम देने के लिये बैठा है। इसकी सूचना हुसैनाबाद एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब को दी। एसडीपीओ के निर्देश पर एक छापेमारी दल का गठन कर पुलिस जब उक्त स्थल पर पहुंची तो पुलिस को देखते ही वह भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस के जवानों ने उसे घेराबंदी कर धर दबोचा। पूछताक्ष पर उसने थाना क्षेत्र के चनकार कस्तूरी गांव निवासी सुभाष चौधरी बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देसी पिस्टल दो जिंदा कारतूस एक मोबाइल बरामद किया। पुलिस ने पिस्टल और कारतूस जब्त कर हुसैनाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज कर रविवार को न्यायिक हिरासत मेदिनीनगर भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया की वह पूर्व में जेल जा चुका है। इस अभियान में थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी, एसआई मुकेश सिंह, कमल किशोर पांडेय, सौरभ चौबे, रमन यादव, नर्मदेश्वर सिंह, एएसआई कलिका राम व पुलिस के जवान शामिल थे।



# बिहार में विदेशी नागरिक भी बने मतदाता

● जांच के दौरान चुनाव आयोग ने किया बड़ा खुलासा

**पटना।** बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी के तहत चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के दौरान ऐसा चौंकाने वाला खुलासा हुआ है, जिसने राजनीतिक गलियारों से लेकर प्रशासनिक हलकों तक हलचल मचा दी है। चुनाव आयोग के मुताबिक, राज्य के विभिन्न जिलों में मतदाता सूची में नेपाल, म्यांमार और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों के नागरिकों के नाम शामिल पाए गए हैं।

**विदेशी नागरिकों के पास वोटर आईडी, आधार और राशन कार्ड भी मिले :** डोर-टू-डोर सत्यापन के दौरान कई विदेशी नागरिकों के पास भारतीय पहचान पत्र भी पाए गए हैं, जिसमें वोटर आईडी, आधार कार्ड और राशन कार्ड तक शामिल हैं। यह स्थिति चुनावी पारदर्शिता और सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर रही है।

**चुनाव आयोग ने लिया संज्ञान, नाम हटाने की प्रक्रिया शुरू :** चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि इन अवैध मतदाताओं को अंतिम सूची से बाहर रखा जाएगा। SIR अभियान का प्रमुख उद्देश्य ही फर्जी वोटरों की पहचान करना है। आयोग ने संकेत दिया है कि 1 अगस्त 2025 के बाद ऐसे नामों को अंतिम सूची में नहीं जोड़ा जाएगा और 30 सितंबर को प्रकाशित होने वाली फाइनल लिस्ट में इनकी संख्या भी सार्वजनिक की जाएगी।

**विपक्ष ने साधा निशाना, आयोग ने ठोस सबूतों का हवाला दिया :** हालांकि महागठबंधन और कांग्रेस ने इस अभियान को 'राजनीतिक एजेंडा' बताया है, लेकिन डोर-टू-डोर सत्यापन के दौरान मिले दस्तावेजों ने इस मुद्दे को गंभीरता से लेने का संकेत दिया है।

# 24 दिन बाद झाड़ी में मिला डीपीएस के शिक्षक का शव

● बह गए थे झरने की तेज धारा में

**रांची।** सेल टाउनशिप स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) के शिक्षक माइकल घोष का क्षत-विक्षत शव रविवार को जोन्हा फॉल से करीब चार किलोमीटर दूर झाड़ी से बरामद किया गया है। वह 19 जून को झरने की तेज धारा में बह गए थे। इसके बाद से ही उनका कुछ पता नहीं चल पा रहा था।

डीपीएस में म्यूजिक टीचर के रूप में काम करने वाले माइकल घोष मूल रूप से झारखंड के धनबाद के निवासी थे। वह रांची के अलकापुरी मुहल्ले में किराए के मकान में रहते थे। बताया गया कि वह अपने दो साथी शिक्षकों



पंकज श्रीवास्तव और ऋतिक सामंता के साथ जोन्हा फॉल घूमने गए थे। वहां एक ऊंचे चट्टान पर चढ़कर फोटो खिंचवाते समय फिसलकर पानी में गिर गए थे। घटना के बाद से ही प्रशासन के अलावा एनडीआरएफ की 30 सदस्यीय टीम उनकी खोजबीन में लगी हुई थी। जोन्हा थाने के प्रभारी हीरालाल शाह ने बताया कि शव की खोज के लिए लगातार दो दिन तक ड्रोन कैमरे का इस्तेमाल किया गया। साथ ही करीब 10 किलोमीटर दूर तक तलाशी अभियान चलाया गया। स्थानीय ग्रामीण भी अपने स्तर से उनकी तलाश करने में जुटे थे। इसके बाद भी उनका कुछ पता नहीं चल पा रहा था। रविवार सुबह ग्रामीणों को झाड़ी में एक शव फंसा हुआ मिला। सूचना पर पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और शव की पहचान माइकल घोष के रूप में की गई। एनडीआरएफ और प्रशासन के सर्च ऑपरेशन के विफल होने से माइकल घोष के परिजन मायूस थे। रविवार को शव बरामद होने के बाद उनके घर वालों को सूचना दी गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए रांची स्थित रिम्स भेजा जाएगा।

# विभागाध्यक्ष के यौन उत्पीड़न से तंग छात्रा ने खुद को लगाई आग

**बालासोर।** ओडिशा के बालासोर जिले में यौन उत्पीडन से परेशान एक कॉलेज छात्रा द्वारा खुद को आग लगाने की दिल दहला देने वाली घटना ने राज्य में हडकंप मचा दिया है। छात्रा ने अपने विभागाध्यक्ष पर बार-बार यौन संबंध बनाने की मांग करने और इनकार करने पर उसका भविष्य बर्बाद करने की धमकी देने का आरोप लगाया था। बालासोर में कॉलेज छात्रा के आत्मदाह के प्रयास के बाद प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की है। कॉलेज प्रिंसिपल को निलंबित कर दिया गया है, जबकि आरोपी विभागाध्यक्ष को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**छात्रा की हालत गंभीर :** रिपोर्ट्स के अनुसार, बालासोर के एफएम स्वायत्त कॉलेज की द्वितीय वर्ष की इंटीग्रेटेड बीएड छात्रा ने विभागाध्यक्ष और सहायक प्रोफेसर समीर कुमार साहू के उत्पीडन से तंग आकर खुद को आग लगा ली। वह 90 प्रतिशत से अधिक जल चुकी है और उसकी हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। उसे बचाने की कोशिश करने वाला एक साथी छात्र भी 70 प्रतिशत तक जल गया है। दोनों का इलाज एम्स भुवनेश्वर में चल रहा है।

**मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने किया दौरा :** घटना की गंभीरता को देखते हुए ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और उपमुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव ने एम्स भुवनेश्वर पहुंचकर छात्रा और उसके माता-पिता से मुलाकात की। मुख्यमंत्री माझी ने मीडिया से बातचीत में कहा, 'भुवनेश्वर एम्स में उनका इलाज चल रहा है। अभी मरीज की हालत बहुत नाजुक है। मेडिकल टीम इलाज कर रही है।

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

## आज / कल




# अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की कल धरती पर होगी वापसी

● अंतरिक्ष से शुभांशु बोले-भारत आज भी सारे जहां से अच्छा



**नई दिल्ली।** भारत की तरफ से इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन गए ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के साथ उनकी टीम अब पृथ्वी पर लौटने की तैयारी तेज कर दी है। वे 15 जुलाई को दोपहर लगभग 3 बजे पृथ्वी पर लौट सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर 18 दिवसीय मिशन सोमवार को समाप्त हो जाएगा लेकिन इसमें 2 बड़ी बाधाओं को पार करना चुनौतीपूर्ण होगा।

**इन 2 बाधाओं को पार पाना जरूरी :** उनकी वापसी का समय मौसम और तकनीकी कारकों पर निर्भर करेगा, इसलिए इसमें थोड़ा बदलाव भी हो सकता है। वापसी के बाद, वे 7 दिनों के लिए नासा के पुनर्वास कार्यक्रम में रहेंगे, जहां डॉक्टर उनकी शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर नजर रखेंगे।

**नासा के एक्स हैंडल पर होगा लाइव प्रसारण :** नासा के एक्स हैंडल पर इसका लाइव प्रसारण देख सकेंगे। यह लाइव प्रसारण 14 जुलाई को दोपहर 2 बजे किया जाएगा जो कि अनडॉकिंग से पहले शुरू हो जाएगा। बता दें कि अनडॉकिंग की टाइमिंग 14 जुलाई की शाम 4 बजकर 30 मिनट पर निर्धारित है। अनडॉकिंग का मतलब है स्पेस स्टेशन से अलग होना। इसके अलावा आप टीवी पर भी इसे देख सकेंगे।

### भव्य श्रृंगार और प्रकाश व्यवस्था से जगमगा रहा पहाड़ी मंदिर

# आरती के बाद साढ़े तीन बजे खुलेगा बाबा का कपाट



● पहाड़ी मंदिर विकास समिति और भोले की फौज स्वयंसेवक तत्पर है पहली सोमवारी के दर्शन पूजन के लिए

● असुविधा या आकस्मिता होने पर पहाड़ी मंदिर के सीढियों के बाएं तरफ बने नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें

● सुरक्षा के हैं व्यापक इंतजाम, बड़ी संख्या में महिला पुलिस कर्मी तैनात

● पहाड़ी मंदिर में 500 से अधिक तैनात रहेंगे पुलिस कर्मी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** सावन के पहले सोमवारी को पहाड़ी मंदिर में भक्तों का आना रात के 12.30 बजे से शुरू हो गया। राज्य के कई जिलों से पहली सोमवारी के दिन शिवभक्त पहाड़ी मंदिर पहुंचेंगे। वहीं कावरियों और भक्तों के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पूरे पहाड़ी मंदिर परिसर में लगभग 500 से अधिक जवानों की तैनाती की गई है जिसमें महिला पुलिस कर्मी भी शामिल है। रांची एसडीओ ने बताया कि पुलिस बल के साथ साथ हर मुख्य जगह पर मजिस्ट्रेट की तैनाती है। पहाड़ी मंदिर के दाई तरफ भक्तों के जाने वाले रास्ते में भी सज्जा धज्जा की गई है। वहीं, मंदिर के सीढ़ियों के बाई तरफ नियंत्रण कक्ष बनाया गया हैं जहां किसी भी तरह की परेशानी होने पर भक्त संपर्क कर सकते हैं।

**सावन के हर रविवार को बाबा का होगा भव्य श्रृंगार :** सावन महीने के हर रविवार को पहाड़ी मंदिर के नीचे स्थित शिवलिंग का भव्य श्रृंगार कर 6.30 बजे भजन कीर्तन का कार्यक्रम पहाड़ी मंदिर विकास समिति और भोले की फौज के द्वारा किया जाएगा। वहीं, रविवार की शाम श्रृंगार, भजन और कीर्तन के बाद 7.30 मी आरती की जाएगी।

## इंडिया

# लुप्त होते कैमरे और एआइ निर्मित फर्जी वीडियो की धूम



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

सोशल मीडिया में पीएम मोदी और चीनी, अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ वैश्विक रूप से चर्चित नेताओं के अजीबो गरीब कृत्रिम मेधा निर्मित फर्जी वीडियो की धूम मची है और अब बनारस में गंगा किनारे बंदरों के वीडियो भारी ट्रैफिक और फॉलोइंग बटोर रहे हैं। इनमें काशी के घाट से लेकर, प्रयाग का गंगा स्नान और प्रेमानंद महाराज के दरबार से लेकर अबुंबाची का मेला भी है। यही नहीं ट्रैवल, धर्म, फूड के अलावा पहलगाम आतंकी हमले जैसे न्यूज कंटेंट भी मौजूद हैं। बिना किसी जगह पर जाए, बिना ऑन कैमरा चेहरा दिखाए सिर्फ तकनीक और क्रिएटिव कंटेंट की बदौलत तैयार ये वीडियो न्यू एज वी-लॉगिन्ग का अद्भुत ऑप्शन हैं।बंदर के कैरेक्टर के जरिये 15-20 दिन में 30 हजार फॉलोवर्स वाला इंस्टाग्राम अकाउंट क्रिएट करने वाले आकाश उत्तर प्रदेश के हरदोई के रहने वाले हैं। वह बीटेक ड्रॉपआउट हैं। आकाश कहते हैं कि वह लंबे वक्त से एआई के जरिये एनिमेशन तैयार कर रहे थे। बंगलूरू के एक स्टार्टअप के लिए काम करते थे। फिर उन्होंने विदेशी क्रिएटर्स को जानवरों का इस्तेमाल कर वीलॉग बनाते देखा, तो तय किया कि भारतीय बाजार के लिए वह बंदर के कैरेक्टर का इस्तेमाल कर वीडियो तैयार करेंगे। उन्होंने सबसे पहला वीडियो बनारस के घाट का बनाया, जिसमें यह बंदर बनारस जाता है। चौथे वीडियो तक उनका अकाउंट हिट हो गया। इस वीडियो को अब तक 90 लाख लोग देख चुके हैं। उन्हें एक वीडियो बनाने में 5-6 घंटे लगते हैं। वह कहते हैं एआई से काम आसान हुआ है। लेकिन कंटेंट मजबूत नहीं होगा, तो उनके वीडियो कोई नहीं देखेगा। वह कंटेंट के लिए बाकायदा जांचते हैं कि आजकल हमारे आसपास क्या चल रहा है और कोशिश करते हैं कि कहानी इन्सानों की जिंदगी जैसी हो। पिछले एक महीने में लगभग 50 से ज्यादा ऐसे अकाउंट्स इंस्टाग्राम पर शुरू हुए हैं, जिनमें बंदर को लेकर एआई निर्मित वीडियो पोस्ट किए जा रहे हैं। दूसरी ओर अब चलन से दूर होते कैमरे की शुरुआत 1839 में एक चमत्कार के रूप में हुई थी, जब क्षणों को रजत-पटलों की मदद से छवियों को कैद किया जाता था । अंग्रेज लेखिका और



इतिहासकार एलिजाबेथ ईस्टलेक ने कैमरे के बारे में लिखा था, 'इसका उद्देश्य तथ्यों का प्रमाण देना है। प्रत्येक तस्वीर हमारी दुनिया के इतिहास का प्रामाणिक अध्याय बन जाती है।'फ्रांसीसी आविष्कारक और सिनेमा के अग्रदूत लुमियर ब्रदर ऑगस्टे और लुई ने वर्ष 1895 में पहली बार सार्वजनिक तौर पर फिल्म स्क्रीनिंग आयोजित की। फिल्मों में वास्तविक लोगों, जगहों और घटनाओं को दिखाया गया, जो एक तरह से दुनिया का आईना ही था। लेकिन दर्शकों के बीच बैठे एक जादूगर के दिमाग में कुछ और ही चल रहा था। ये फ्रांसीसी जादूगर जॉर्जेस मेलिएस थे, जो कैमरे के साथ और संभावनाएं देख रहे थे। उन्होंने छवियों के साथ कुछ प्रयोग किए, जो कामयाब रहे। पैसे बनाने के नए तरीकों को ईजाद करने की धुन में उन्होंने नए वीडियो बनाने की सोची।वास्तविक समारोह के फिल्मांकन के बजाय जादूगर ने कुछ फ्रांसीसी कलाकारों के साथ मिलकर यह वीडियो बनाया था। जब राजा ने इसे देखा, तो वह बहुत खुश होकर बोला, 'यह कैमरा क्या कमाल की मशीन है। इसने समारोह के वे हिस्से भी दिखा दिए, जो असल में हुए ही नहीं थे।' यही वह क्षण था, जिसके बाद से कैमरा कहानियां कहने का माध्यम बन गया। 1961 में आयरलैंड के राष्ट्रपति ने टीवी लॉन्च करते हुए कहा, 'मुझे स्वीकार करना होगा कि कभी-कभी, जब मैं टीवी और रेडियो और उनकी अपार शक्ति के बारे में सोचता हूं, तो मुझे थोड़ा डर लगता है। टेलीविजन के आगमन से कैमरे की छवियां सीधे लोगों के घरों में पहुंचने लगी थीं।2000 के दशक की शुरुआत के साथ मोबाइल क्रांति से हर कोई तस्वीरें खींच रहा था। आज दुनिया में लगभग 45 अरब कैमरे हैं और यूट्यूब पर हर मिनट में 500 घंटे के बराबर फुटेज प्रकाशित किए जा रहे हैं। कभी दिलों को छूने वाली लोगों की भावनाओं को जगाने वाली छवियां होतीं थी और अब वीडियो बनाए जा रहे हैं। डरावने, हिंसक, हास्यप्रधान से लेकर अश्लीलता की सीमाएं लांघते सभी तरह के वीडियो बनाए जा रहे हैं। कैमरों के बारे में कहा जाता था कि वक्त यादों को भले धुंधला कर दे तस्वीरें कभी धुंधली होती नहीं हैं ।आज तकनीक यदि एआइ की है तो हमें उसका दुरुपयोग करने के बजाय समाज को दिशा देने का प्रयास करना चाहिए और यदि भौंडे अश्लील कंटेंट किसी ने डालें हो तो उनका सार्वजनिक बहिष्कार कर उन्हें हतोत्साहित किया जाना चाहिए ताकि समाज और संस्कृति सुरक्षित रहे और ये हम हम सभी के हाथों में है।

# रेलवे का बड़ा फैसला, अब हर डिब्बे में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यात्री डिब्बों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के प्रायोगिक परिणाम के सकारात्मक परिणाम के आधार पर, रेलवे ने सभी डिब्बों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्णय लिया है। इस कदम से यात्री सुरक्षा में उल्लेखनीय सुधार होगा। बदमाश और संगठित गिरोह भोले-भाले यात्रियों का फायदा उठाते हैं। कैमरे लगने से ऐसी घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आएगी। यात्रियों की निजता बनाए रखने के लिए, दरवाजों के पास सामान्य आवागमन क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने इंजनों और डिब्बों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की प्रगति की समीक्षा की। शनिवार 12 जुलाई, 2025 को आयोजित बैठक में रेलवे बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

**360-डिग्री व्यापक कवरेज :** रेलवे अधिकारियों ने बताया कि उत्तर रेलवे के लोको इंजन और डिब्बों में सफल परीक्षण किए जा चुके हैं। केंद्रीय रेल मंत्री ने सभी 74,000 डिब्बों और 15,000 इंजनों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की अनुमति दे दी है। प्रत्येक रेलवे डिब्बे में 4 डोम सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे - प्रत्येक प्रवेश मार्ग पर 2 और प्रत्येक लोकोमोटिव में 6 सीसीटीवी कैमरे होंगे। इनमें लोकोमोटिव के आगे, पीछे और दोनों तरफ 1-1 कैमरा शामिल होंगे। प्रत्येक कैब (आगे और पीछे) में 1 डोम सीसीटीवी कैमरा और डेस्क पर 2 माइक्रोफोन लगाए जाएंगे।

# सेविका की मनमानी से आंगनबाड़ी केंद्र प्रभावित

## आदिवासी टोला के लाभार्थी पोषाहार से वंचित

▸ ग्रामीणों ने एसडीओ को दिया आवेदन, उचित कार्वाई की मांग




**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर (पलामू)।** छतरपुर प्रखंड के भैसाखांड पंचायत अंतर्गत आदिवासी टोला में विगत कई वर्षों से आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हो रहा था। पूर्व सेविका की सेवा समाप्ति के बाद नव-नियुक्त सेविका नीरजा देवी पर आरोप है कि उन्होंने मनमानी करते हुए केंद्र को अपने गांव कुमियाही स्थित आवास पर चला रही हैं, जो आदिवासी टोला से लगभग तीन किलोमीटर दूर है। ग्रामीणों का कहना है कि सेविका नियुक्ति के बाद आज तक टोला में नहीं गई हैं, जिससे बच्चों और महिलाओं को पोषाहार का लाभ नहीं मिल पा रहा है। नियुक्ति प्रक्रिया में भी अनियमितता का आरोप लगाया गया है, जिसके विरुद्ध उपायुक्त पलामू को भी शिकायत दी गई है। ग्रामीणों ने अनुमंडल पदाधिकारी छतरपुर को आवेदन देकर वर्तमान सेविका के विरुद्ध जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। वहीं क्षेत्र के मुखिया उमेश यादव ने भी नियुक्ति को गलत बताते हुए सभी लाभार्थियों को आंगनबाड़ी केंद्र की सुविधा नियमित रूप से दिलाने की मांग की है। आवेदन देने वाले में बैजनाथ सिंह, महेंद्र सिंह, अशोक सिंह, प्रमोद उरांव, सरिता देवी, दुखनी देवी, पूनम देवी सहित 43 ग्रामीणों का हस्ताक्षर है।

# नावाबाजार : अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

● अवैध विदेशी शराब के बड़े भंडार का हुआ भंडाफोड़

**नवीन मेल संवाददाता**



**नावाबाजार।** थाना पुलिस ने शनिवार को तमदागा गांव में अवैध विदेशी शराब के भंडारण को जब्त किया। साथ ही इसमें संलिप्त तमदागा गांव निवासी योगेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर रविवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। यह कार्रवाई पलामू पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार की गई। नावाबाजार थाना पुलिस को अवैध शराब भंडारण व बिक्री की गुप्त सूचना मिली। जिसके आलोक में नावाबाजार थाना द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए एसआई सुबोध कुमार व एसआई विपिन कुमार के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। साथ ही टीम के द्वारा किए गए कार्रवाई के दौरान तमदागा गांव निवासी संजय सिंह के नए पक्के मकान में छापामारा की गई। जहां से एक व्यक्ति भागने की कोशिश कर रहा था। जिसे पुलिस बल की सतर्कता से गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं व्यक्ति के साथ पूछताछ में उसने तमदागा गांव निवासी अपना नाम योगेन्द्र सिंह बताया। वहीं घर की तलाशी के क्रम में अलग-अलग दो कमरों से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। जिसमें रॉयल कैरैज ब्रांड अवैध विदेशी शराब बरामद हुई। जिसमें 180 एमएल की 10 हजार 320 बोटल 215 कार्टन में पाया गया। वहीं 350 एमएल की 7200 बोटल 300 कार्टन में व 750एमएल की 240 बोटल 20 कार्टन में रखा पाया गया। पुलिस के द्वारा इस संबंध में संबंधित कागजात की मांग की गई। लेकिन कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। अभियुक्त के साथ सख्ती से पूछताछ करने पर स्वीकार किया कि वह इस अवैध कारोबार में मकान मालिक संजय सिंह, बिहार के सोनू सिंह व अन्य लोगों के साथ संलिप्त होकर काम कर रहा है। बताया कि वह वाहन के माध्यम से शराब की लोडिंग, अनलोडिंग व रेकी का काम करता था। जिसके बदले उसे पैसे मिलते थे। इस संबंध में नावाबाजार थाना में कांड संख्या 49 /25, धारा 274 /275/ 292/3(5) बीएनएस व 47(ए) झारखंड उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर की गई। साथ ही अभियुक्त योगेंद्र सिंह को न्यायिक हिरासत में भेजा दिया गया है। वहीं अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस द्वारा अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। वहीं छापामारी दल में एसआई सीताराम सिंह, हवलदार रामविलास सिंह, हवलदार राजेश्वर प्रसाद, आरक्षी चंचल राय, आरक्षी विरेन्द्र कुमार, आरक्षी बृज कुमार वर्मा, आरक्षी रामयश यादव, चालक गौतम कुमार सिंह व चालक शिव कुमार चौधरी शामिल थे। वहीं नावाबाजार पुलिस ने आमजनों से अपील करते हुए कहा है कि यदि कहीं भी अवैध गतिविधियों की जानकारी हो तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। उनकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

## पुलिस ने फरार वारंटी के घर चिपकाया इश्तेहार



**ऊंटारी रोड।** बिंदुआ निवासी जमालुद्दीन के पुत्र सफीक अंसारी के घर पर रविवार को थाना प्रभारी प्रदीप कुमार दुबे दल-बल के साथ पहुंचकर इश्तेहार चिपकाया है। थाना प्रभारी ने बताया कि थाना के फरार अभियुक्त सफीक अंसारी के घर पर कोर्ट के आदेश पर जारी इश्तेहार चिपकाया गया है। अगर वारंटी न्यायालय में उपस्थित नहीं हुआ तो उसके खिलाफ कुर्की की जाएगी।

# वृद्धापेंशन लाभुक सीएसपी में ई-केवाईसी कराकर कागजात जमा करें : बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता**



**उंटारी रोड।** वृद्धपेंशन प्राप्त कर रहे लाभुकों को ई-केवाईसी कराना जरूरी है। प्रखंड में भारी भीड़ उमड़ जाने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सुविधा के हिसाब से लाभुक केवाईसी अपने पंचायत सचिवालय में अवस्थित सीएसपी में कराना सुनिश्चित करें। साथ ही उसकी कागजात प्रखंड कार्यालय में जमा करें। ताकि निर्वाध रूप से पेंशन चालू रहे। उक्त बातें उंटारी रोड बीडीओ श्रवण कुमार भगत ने दी। बताया कि वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ उठाने के लिए सभी लाभार्थियों को ई-केवाईसी कराना आवश्यक है। यह एक सामान्य प्रक्रिया है जिसका उपयोग वित्तीय संस्थानों व सरकारी योजनाओं में व्यक्तियों की पहचान व पते को सत्यापित करने के लिए किया जाता है। ई-केवाईसी के बिना, पेंशन का वितरण बंद हो सकता है। बताया कि सरकार को यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि पेंशन सही व्यक्ति को मिल रही है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपके पास पेंशन का वितरण जारी रहे। ऐसे में सभी को जल्द से जल्द अपनी ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी करनी चाहिए। बताया कि ई-केवाईसी के लिए आमतौर पर आधार कार्ड, बैंक खाता विवरण व अन्य प्रासंगिक दस्तावेजों की आवश्यकता होती है। जिसे लेकर सीएसपी जाना होगा।

# विश्व आदिवासी दिवस पर अधिकतम वन अधिकार पट्टों के वितरण का लक्ष्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**लंबित दावों के शीघ्र निपटारा करने का दिया गया निर्देश**

**हुसैनाबाद।** आदिवासी समुदायों के अधिकारों को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी, हुसैनाबाद ने आगामी विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत सीएफआर/ सीएफआरआर / आईएफआर पट्टों के लंबित दावों के त्वरित निपटारे के निर्देश दिए हैं। राज्य स्तर पर चलाए जा रहे अबुआ वीर अबुआ दिशोम अभियान के अंतर्गत सभी अंचल अधिकारियों को 5 अगस्त 2025 तक सामुदायिक वन अधिकार दावों का निष्पादन कर आवश्यक कार्रवाई पूरी करने को कहा गया है, ताकि विश्व आदिवासी दिवस के दिन अधिकतम पात्र लाभुकों के बीच पट्टों का वितरण सुनिश्चित किया जा सके। उल्लेखनीय है कि यह अभियान वनों में निवास करने वाले अनुसूचित जनजातियों और परंपरागत वनवासी समुदायों को अधिकार प्रदान करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। अनुमंडल स्तर पर एसएलडीएस एवं डीएलसी समितियों को सक्रिय करते हुए सभी लंबित आवेदनों का प्राथमिकता से निपटारा किया जाना है।

## कावड़ियों का जत्था देवघर के लिए रवाना

**छतरपुर (पलामू)।** छतरपुर प्रखंड अंतर्गत विभिन्न गांव से देवघर बैजनाथ धाम के लिए रविवार को कांवरियों का जत्था निकला। चल कांवरिया शिव के धाम, कांवरिया संघ छतरपुर के बैनर तले हर साल की भांति इस साल भी सुनील बम, लव बम, अर्जुन बम के नेतृत्व में बबलू चंदा बस सर्विस से 52 महिलाएं- पुरुष कांवरियों का जत्था बोल बम देवघर के लिए हर हर महादेव, बोलबम की जयकारे के साथ छतरपुर ओम पेट्रोलियम पंप से देवघर के लिए रवाना किया गया। कांवरिया संघ के सुनील कुमार ने बताया कि सुलतानगंज से गंगाजल लेकर देवघर बाबा धाम दर्शन के बाद बासुकीनाथ, राजगीर, बोधगया सहित अन्य देवस्थल, देवी धामों का दर्शन करते हुए वापस छतरपुर लाया जाएगा। जाने वाले कांवरियों में सुनील कुमार, अर्जुन साव, लव कुमार, बालगोबिंद साव, सुशीला देवी, संजय गुप्ता, कलावती देवी सहित 52 कांवरियों जत्था रवाना हुआ।

# हुसैनाबाद में पंचायत प्रतिनिधियों की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** शहर के कृष्णा नगर स्थित प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी के आवास परिसर में पंचायत प्रतिनिधियों की एक आवश्यक बैठक हुई। बैठक में प्रखंड प्रमुख, उप प्रमुख, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य एवं विभिन्न वार्ड सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में सभी सदस्यों ने राज्य सरकार के कार्यप्रणाली के प्रति काफी रोष दिखा। सरकार ने वर्त्तमान में पंद्रहवीं वित्त आयोग से जन कल्याणकारी विकास कार्यों का आवंटन बंद कर दिया है। वहीं एक मात्र विकल्प था पंचायत में विकास कार्य इन प्रतिनिधियों की अनुसंशा पर करने का। वहीं पंचायत प्रतिनिधियों को सम्मान जनक मानदेय भी नहीं मिलता है। इसको लेकर सबने सरकार की कार्यशैली पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आगामी 15 जुलाई को प्रखंड कार्यालय परिसर में विरोध मार्च का आयोजन का निर्णय लिया गया। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख ने बताया कि अपनी हक और अधिकार के लिए क्षेत्र के सभी पंचायत प्रतिनिधि उक्त धरना प्रदर्शन में शामिल होंगे। इस मौके पर उप प्रमुख इंदु देवी, मुखिया सरिता कुमारी, विजय राम, सुदामा यादव, आत्मेश कुमार सिंह, अमरेंद्र ठाकुर, पंचायत समिति सदस्य अरबिंद मेहता, धनंजय यादव, राजवंश यादव, रमेश पासवान, मिंटू मेहता आदि मौजूद थे।

## तीन गैर जमानती वारंटी गिरफ्तार



**पांकी।** थाना पुलिस ने रविवार को तीन गैर जमानती वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस आशय की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी राजेश रंजन ने बताया कि राहुल ठाकुर, पिता राम अवतार ठाकुर, नावाडीह नरेश प्रसाद, पिता लगन प्रसाद, पांकी व देवकरण कुमार, पिता मिथिलेश मिस्त्री महुगाई तीनों थाना पांकी, जिला पलामू को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। राहुल ठाकुर एवं देवकरण कुमार अलग अलग चोरी के कांड में तथा नरेश प्रसाद मारपीट के कांड में वारंटी हैं।

# बचाव करने गए दो भाइयों को पीटकर किया घायल

**नवीन मेल संवाददाता**



**हैदरनगर।** हैदरनगर थाना क्षेत्र के कुकही गांव निवासी अयोध्या पासवान के दो पुत्र सिद्धू पासवान व जितेंद्र पासवान को बीती रात करीब आठ बजे गांव के ही विशुनदेव तांतो के पुत्र सोनू तांतो, संजीत तांतो, धीरज तांतो ने लाठी, डंडा और धारदार हथियार से सिर में वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद परिजनों ने दोनों घायलों को इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल ले गए हैं। जहां प्रारंभिक इलाज के बाद चिकित्सकों ने दोनों की गंभीर स्थिति देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल मेदिनीनगर रेफर कर दिया है। बताया जाता है कि अबतक इलाज के बाद भी दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। सिद्धू पासवान के सिर में पांच टांके लगे हैं। जबकि जितेंद्र पासवान का हाथ फैक्चर होने के साथ ही सिर में छह टांके लगे हैं। इस घटना के बारे में घायल सिद्धू पासवान ने बताया कि बीती रात करीब आठ बजे खाना खाकर बाहर टहल रहा था तो देखा की घर से कुछ दूरी पर विशुनदेव तांतो के पुत्र सोनू तांतो, संजीत तांतो, धीरज तांतो आपस में बहस कर रहे हैं। सिद्धू उन्हें समझाने गया तो वे लोग उसी को लाठी डंडा और धारदार हथियार से पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। यह देख अपने भाई को बचाने जितेंद्र पासवान भी वहां पर पहुंचा तो उसे भी उन्होंने लाठी डंडे से पीट कर घायल कर दिया। वहीं इस घटना के बाद घायल के परिजनों ने इस घटना की जानकारी हैदरनगर थाना को दे दी है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस घटना की मामले की छानबीन में जुट गई है।

# 2,822 राशन कार्डधारियों ने 6 माह से लेकर पांच वर्ष तक नहीं उठाया राशन, ना ही कराई ई-केवाईसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** राशन कार्ड लाभुकों के द्वारा विगत छह माह से लेकर पांच वर्ष से भी अधिक अवधि से खाद्यान्न आदि का उठाव नहीं किया गया है। साथ ही ई-केवाईसी कार्य पूर्ण नहीं कराया जा सका है। जिसका विवरण प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमरेश कुमार ने बताया कि विभागीय और सरकार के गाइडलाइन को पूरा नहीं किए जाने की स्थिति में इसके लाभ से वंचित किया जाना तय है। उन्होंने बताया कि हैदरनगर प्रखंड में विगत छह माह से खाद्यान्न नहीं उठाने वाले लाभुकों की संख्या 1103 है। जबकि उनका राशन कार्ड नौ माह पूर्व ही जारी किए गए हैं। वहीं 12 माह से खाद्यान्न नहीं उठाने वाले लाभुकों की संख्या 688 है। इनका राशन कार्ड 15 माह पूर्व जारी हुआ है। तीन वर्षों से खाद्यान्न नहीं उठाने वाले लाभुकों की संख्या 554 है और राशन कार्ड बने 39 माह बीत गए हैं। पांच वर्षों से खाद्यान्न नहीं उठाने वाले लाभुकों की संख्या 477 बताई गई है। इनका राशन कार्ड बने 5 वर्ष 3 माह पूर्व हो गए। यह स्थिति न केवल योजनाओं की जरुरतहीनता को दशार्ती है, बल्कि इतने राशन कार्ड की आवश्यकता नहीं रहने के भी संकेत देती है कि जरूरतमंदों की जगह कई ऐसे लोगों को भी कार्ड निर्गत किए गए, जिन्हें इसकी आवश्यकता ही नहीं है। इसे लेकर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने कहा कि मेरी ओर से लगातार हर संभव प्रयास किया जा रहा है कि कोई भी वास्तविक, पात्र और जरूरतमंद लाभुक योजना से वंचित न हो। ऐसे कार्डों की तत्काल समीक्षा, जांच एवं निरस्तीकरण की आवश्यकता है। जिससे अपात्र लाभुकों को हटाकर योग्य और जरुरतमंद परिवारों को इस योजना का लाभ से लाभान्वित सुनिश्चित किया जा सके।

### राशन उपभोक्ताओं को ई-केवाईसी मंगलवार तक कराना अनिवार्य : बीएसओ

**मोहम्मदगंज।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के उपभोक्ताओं को अब 15 जुलाई तक ई-केवाईसी कराना अनिवार्य होगा। पहले इसकी अंतिम तिथि 30 जून तक थी। इसे बढाया गया है। उपभोक्ताओं को इसके प्रति सजग करने को लेकर इसका गांव-गांव में ध्वनिविस्तारक यंत्र से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। वहीं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी नौशाद आलम ने सभागार में आयोजित बैठक में सभी डीलर को इसे सुनिश्चित करने की हिदायत दी है। इसमें उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं करने पर खाद्यान उठाव में मुश्किल खड़ी हो सकती है। राशनकार्ड रद्द भी किया जा सकता है।

# शराब के नशे में दोस्तों ने ही दोस्त को चट्टान से फेंका

**नवीन मेल संवाददाता**



**विश्रामपुर (पलामू)।** शराब के नशे में धुत चार दोस्तों ने मिलकर अपने ही एक दोस्त को चट्टान से नीचे फेंक दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान पांडेपुर-निमीटांडी गांव निवासी हजरत अंसारी के पुत्र मकबूल अंसारी (26) के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मकबूल अपने चार दोस्तों के साथ रविवार को पार्टी मनाने के लिये रेहला थाना क्षेत्र के भोलाटांड़ गांव नदी किनारे गया था। जहां एक ऊंचे चट्टान पर बैठकर सभी ने जमकर शराब पी। इसी दौरान किसी बात को लेकर मकबूल अंसारी से चारों का विवाद हो गया। गुस्से व शराब के नशे में चारों ने मिलकर मकबूल को चट्टान से नीचे फेंक दिया। जिससे मकबूल घायल हो गया। घायल मकबूल को चारों नीचे आकर भी पीटने लगे। शोरगुल सुनकर स्थानीय लोग जमा हुये और घटना की सूचना रेहला पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और घायल मकबूल को बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने आरोपी चारों दोस्तों को भी हिरासत में ले लिया है। जिसमें पांडेपुर-निमीटांडी गांव का आनंद शर्मा व गुलाम हुसैन का नाम शामिल है।

## न्यूज बॉक्स

### चेरो जनजातीय महासंघ की बैठक

**सतबरवा।** राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ की बैठक रविवार को सतबरवा के बीएसएनएम कॉलेज के सुरेश प्रसाद सभागार कक्ष में किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि मनिका विधायक व राष्ट्रीय चेरों जनजातिय के प्रधान सचिव रामचंद्र सिंह चेरों, अधिवक्ता सर्वेश सिंह को राष्ट्रीय संयोजक ,अवधेश सिंह चेरो के नेतृत्व में प्रखंड इकाई के सदस्यों के द्वारा अंगवस्त्र ओढ़ाकर तथा पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन सिंह तथा संचालन राष्ट्रीय संयोजक अवधेश सिंह चेरों ने किया। विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि चेरों जनजातीय महासंघ का अपना विधान बने तथा नियम बनाकर उस पर चर्चा के लिए विनियम की रूपरेखा तय करके लोगों के बीच सामान्य रूप से जानकारियां देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि महासभा का पंजीकरण करने हेतु आप लोगों के साथ विचार विमर्श के बाद सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि महासभा का रजिस्ट्रेशन कराया जाएगा। अधिवक्ता सर्वेश सिंह ने महासभा का विधान तथा नियम एवं विनिमय के साथ समान जानकारियां का अभिलेख प्रस्तुत की तथा बृहद कार्यक्रम कर इस पर विशेष चर्चा किया जाएगा। इस मौके पर भरदूल सिंह चेरों, विजय बहादुर सिंह, प्रेम सिंह,हदया सिंह, श्याम नंदन सिंह, जिला परिषद सदस्य बासो देवी, पूर्व जिप सदस्या चिंता देवी, मृत्युंजय सिंह, उपाध्याय सिंह, मुखिया ब्रह्मदेव सिंह, डॉ. रविंद्र सिंह, अनिल सिंह, मनोज सिंह, उपेंद्र सिंह, लाला सिंह, गुड्डू सिंह के साथ जनजातीय महासंघ के कई लोग मौजूद थे।

### ददई दुबे को कांग्रेसी नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

**हैदरनगर।** अविभाजित बिहार की राजनीति में लालू यादव के दौर में कांग्रेस के दिग्गज नेता सह सांसद ददई दुबे ने इंसानियत, सामाजिक समरसता, जनसेवा और विचारधारा की राजनीति के साथ कार्यकताओं की भरपूर सम्मान दिया है। कांग्रेस की हैदरनगर प्रखंड इकाई के अध्यक्ष सह पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पाण्डेय की अध्यक्षता में की गई शोक सभा में उन्हें श्रद्धांजलि के बाद कहा कि उनके निधन से पलामू जिला ही नहीं बल्कि झारखंड राज्य के कांग्रेस को अपूर्णनीय क्षति हुई है। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात का गर्व है कि दिवंगत ददई दुबे ने अपने जीवन काल में उन्हें राजनीति को सदैव नए-नए आयाम लाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि आमजन या कार्यकर्ता के सम्मान एवं स्वाभिमान पर उन्होंने कभी भी आंच नहीं आने दिया। वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस के संवेदनशील नेता ददई दुबे उनके विचारों, आदर्शों को उन्हें आत्मसात करने की जरूरत है। इस मौके पर जगदीश पासवान, मदन गोपाल सिंह, गणेश पासवान, मुखिया सह पलामू जिला महासचिव कमल कुमार पासवान, लाल मोहन चौधरी, अकील अहमद, हसन इमाम, महताब सिदिकी, अफरोज सिदीकी, नदीम खान आदि ने भाग लेकर गहरा शोक व्यक्त किया है।

### धोबी महासंघ के हुसैनाबाद प्रखंड अध्यक्ष बने शशिरंजन

**हुसैनाबाद।** रविवार को प्रखंड परिसर हुसैनाबाद में अखिल भारतीय धोबी महासंघ की बैठक आयोजित की गई । जिसकी अध्यक्षता मोक्तार बैठा ने की, जबकि संचालन बबन कुमार रजक के द्वारा किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य अखिल भारतीय धोबी महासंघ हुसैनाबाद का प्रखंड कमेटी गठन करना है । चुनाव में पर्यवेक्षक के रूप में अखिल भारतीय धोबी महासंघ पलामू के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से कमिटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष शशिरंजन, उपाध्यक्ष रमेश कुमार रजक,सचिव मुख्तार बैठा ,कोषाध्यक्ष जनेश्वर बैठा, संगठन सचिव गुलशन रजक ,मीडिया प्रभारी चंदन रजक ,संरक्षक जयश्री बैठा ,मुरारी बैठा ,जगदीश बैठा ,छेदी बैठा ,बीरेंद्र रजक,कार्यकारणी में बबन कुमार रजक ,सत्यम रजक,रवि कुमार रजक,संजय बैठा को चुना गया है मौके पर अखिल भारतीय धोबी महासंघ पलामू के संगठन सचिव प्रमोद कुमार रजक,गुडु रजक,रामनाथ बैठा ,छोटू रजक ,रविकांत रजक, बबलू रजक,उमेश बैठा, दीपक कुमार,जितेंद्र रजक, संजय बैठा, कमलेश कुमार, विनोद कुमार रजक एवं अन्य सभी सम्मानित सदस्य मौजूद थे।

### मंदिर प्रांगण में विशेष आरती पूजा का आयोजन

**हैदरनगर।** स्थानीय सिद्धपीठ मां भगवती मंदिर प्रांगण में विशेष आरती पूजा का आयोजन मंदिर के महंथ सुरेंद्र दास त्यागी ने कराया। पूजा के दौरान महिला मंडली के श्रद्धालुओं ने कई मां भगवती पर आधारित भजन व भक्ति गीत गाकर माहौल को भक्तिरस में डूबोया। इस मौके पर उपस्थित पूजा का आयोजन देवी मंदिर के पुजारी सुरेंद्र दास त्यागी द्वारा खर्च कर मंदिर का साज सजावट रागभोग का व्यवस्था कर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना किया गया। इस संबंध में उन्होंने बताया कि लगातार प्रत्येक सप्ताह माता दरबार में आरती पूजा का व्यवस्था मंदिर के महंथ द्वारा ही किया जा रहा है। जिसमें काफी संख्या में हैदरनगर प्रखंड क्षेत्र के महिला पुरुष शामिल होते हैं। इस मौके पर मौजूद बाजार क्षेत्र के भक्तों ने कहा कि प्रत्येक सप्ताह विशेष पूजा का आयोजन में पुरुष से अधिक महिलाओं की भीड़ जुट रहा है। उन्होंने कहा कि हैदरनगर मां भगवती मंदिर परिषर शक्तिपीठ के रूप में जाना जाता है। जहां वर्ष में दो बार चैती नवरात्र व आश्विन शुक्ल पक्ष नवरात्रि के मौके पर भव्य नवरात्र मेला का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि मां भगवती के आराधना के साथ साथ मां भगवती का स्तुति होने से क्षेत्र के लोग को धर्म कर्म पर जागरूकता आयेगी। मंदिर में पूजा करा रहे पंडित सत्येंद्र दुबे, सुरेंद्र दास त्यागी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा को सम्पन्न कराया गया।

## इंडियन मानवाधिकार के प्रदेश सचिव बने अरुण चंद्रवंशी

**पंडवा।** प्रखंड अंतर्गत पंडवा से मानवाधिकार प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र ठाकुर ने अरुण कुमार चंद्रवंशी को इंडियन मनवाधिकार के प्रदेश सचिव बनने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में मानव के अधिकार संबंधी निपटारा अब सहजता से हो सकेगा। प्रखंड स्तरीय राशन, वृद्धापेंशन, जमीन सम्बंधित या किसी भी प्रकार की समस्या हो जो वर्षों से लंबित है उसका निपटारा हेतु संगठन को लिखित आवेदन देकर निजात सहजता से पाया जा सकता है। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि संगठन निष्पक्ष और त्वरित कार्रवाई हेतु सदैव तत्पर है।

**बैठक** | **मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम**

# मतदाता सूची निर्माण में सभी की सहभागिता जरूरी : एसडीओ

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** विगत सोमवार से चलाये जा रहे मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के तहत योग्य नागरिकों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने, पता एवं अन्य विवरणों में सुधार, फोटो अपडेट करने जैसे कार्यों को गंभीरता से सम्पन्न करने के निर्देश हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी-सह-निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ओमप्रकाश गुप्ता ने दिए हैं। उन्होंने कहा कि त्रुटिरहित, अद्यतन और समावेशी मतदाता सूची निर्माण में सभी की सक्रिय सहभागिता अनिवार्य है। गत शनिवार को अनुमंडलीय सभागार में आयोजित बैठक में गुप्ता ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी योग्य नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। उन्होंने सभी बीएलओ और सुपरवाइजर से कहा कि वे जनभागीदारी को प्राथमिकता दें और मतदाता सूची में सुधार के लिए घोषित कार्यक्रमों में सक्रिय सहयोग करें। बीएलओ को आयोग प्रायोजित गरुड़ ऐप के माध्यम से नागरिकों के आवेदन ऑनलाइन समर्पित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने आम नागरिकों से अपील की कि वे 1 जनवरी 2026 को अहर्ता मानकर 18 वर्ष या उससे अधिक आयु प्राप्त कर चुके हों, वे प्रपत्र-6 के माध्यम से रंगीन फोटो, जन्म तिथि प्रमाण और निवास प्रमाणपत्र के साथ मतदाता सूची में नाम दर्ज कराएं। निर्वाचन आयोग द्वारा ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यम से आवेदन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। ऑफलाइन आवेदन फॉर्म 6, 6ए, 7, 8 बीएलओ/ईआरओ/एईआरओ को समर्पित कर सकते हैं।जबकि ऑनलाइन आवेदन एनएसभीपी पोर्टल या वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से किया जा सकता है। एसडीओ ने बीएलओ एवं सुपरवाइजर को सभी मतदान केंद्रों की नजरी नक्शा तैयार करने का निर्देश दिया। चुनाव आयोग के नए निदेशों के आलोक में मतदान केंद्रों का पुनर्गठन व सुधार कार्य के तहत 1200 से अधिक मतदाता वाले केंद्रों का विखंडन कर नया मतदान केंद्र बनाया जाना है। 2 किलोमीटर की परिधि में पोलिंग बूथ के लिए रिपोर्ट समर्पित करना है। एक परिवार के सभी वोटर्स का नाम एक ही बूथ पर होना चाहिए। उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिया हैं कि वे आम नागरिकों को जागरूक करें और एक-एक योग्य मतदाता का नाम सूची में जुड़वाने का कार्य सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और आम नागरिकों के सामूहिक प्रयास से ही सशक्त लोकतंत्र की नींव और मजबूत होगी। बैठक में हुसैनाबाद, हैदरनगर और मोहम्मदगंज के सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजर उपस्थित थे। सभी को स्पष्ट दिशा-निर्देश देते हुए उन्होंने इस अभियान को गंभीरता से लेने और समयबद्ध रूप से कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया हैं।


## दो दिन बारिश नहीं होने से मिली राहत, धनरोपनी में जुटे किसान

**मेदिनीनगर।** जिला मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों मे लगातार हुई जोरदार बारिश से के बाद दो दिन वारिश नहीं होने से किसानों के चेहरे पर खुशी झलक रही है। वारिश नहीं हाने से किसानों को खेती के लिए उपयुक्त समय मिला है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अभी तक 350 मिमी से अधिक वर्षा हो चुकी है। इस बरसात में कई वर्ष की तुलना में सर्वाधिक वषार्पात दर्ज की गई। इस दौरान गांवों में किसान धान की रोपनी में जुटे गए हैं। किसानों ने बताया कि कई दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण धनरोपनी करना व खेत तैयार करना मुश्किल हो रहा था। जमुने के किसान राजू मेहता ने बताया कि लगातार हुई बारिश के कारण मकई अरहर व अन्य फसलों की खेती नहीं हो सकी है। बारिश के कारण धान की खेती भी पिछड़े हैं लेकिन दो दिनों से बारिश से राहत होने के दौरान किसानों ने बिचड़ा खेत में रोपना शुरू कर दिया है। मुख्यालय सहित आसपास के गांव पोखराहा, रजवाडीह, जमुने, खनवा, जोड़, बड़कागांव पोलपोल, दुबियाखाड़ में अच्छी बारिश के बाद सभी किसान उत्साह से खेतों मे लग गए हैं।

# झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक में चोरी की कोशिश नाकाम

● शहरी क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटना

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलवाटीकर चौक स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक में शनिवार रात्रि चोरी की कोशिश नाकाम हो गई। रात्रि में जब स्थानीय लोगों को शक हुआ तो स्थानीय लोगों ने टीओपी प्रभारी राकेश कुमार को सूचना दी कि कुछ लोग बैंक का शटर काटने की कोशिश कर रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर टीओपी पुलिस पहुंची तब तक स्थिति को देखते हुए चोर गैस कटर तथा अन्य सामान छोड़कर वहां से भाग निकले।
मौके से पुलिस ने एक गैस सिलेंडर ऑक्सीजन सिलेंडर और गैस कटर को बरामद किया है। पुलिस के द्वारा जब सीसीटीवी फुटेज को देखा गया तो साफ-साफ दिख रहा है कि एक चोर मुंह पर रुमाल बांध कर बैंक के शटर को काट रहा है। ज्ञात हो कि नवंबर 2024 में चोरी की घटना इस बैंक में हो चुकी है। उस समय चोर बैंक का लॉकर काट करके बैंक में रखे करीब 10 लाख रुपए चोरी कर ले गए थे। ज्ञात होगा कि शहरी क्षेत्र में चोरी की घटना और चेन छिनतई की घटना शहरी क्षेत्र में लगातार बढ़ रही है। जिससे आम जनता के मन में डर का माहौल बना हुआ है। लेकिन अभी तक प्रशासन का हाथ खाली ही दिख रहा है।

# श्रावण की प्रथम सोमवारी आज, तैयारी पूरी

● शहर के कई शिवालयों में जुटेंगे श्रद्धालु

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** जिला मुख्यालय में प्रथम सोमवारी को लेकर विभिन्न मंदिरों में तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु खासकर महिलाएं शहर के प्रसिद्ध मंदिरों नर्मदेश्वर महादेव मंदिर, कामना पूर्ति शिव मंदिर, शिवाला रोड स्थित शिवालय, पहाड़ी शिव मंदिर, बुढ़वा शिव मंदिर, पुलिस लाइन रोड स्थित शिवालय, शिव शक्ति धाम सुदना में शिवरात्रि समेत अन्य मंदिरों में भगवान शिव को जल, पुष्प, बेलपत्र आदि अर्पित कर आशीर्वाद की कामना करेंगी। सावन महीने को देवों के देव महादेव का प्रिय महीना माना गया है। धार्मिक मान्यता है कि इस मास में यदि श्रद्धापूर्वक शिवलिंग पर एक लोटा जल अर्पित किया जाए तो भगवान शिव प्रसन्न होकर अपने भक्तों को सुख, शांति और समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करते हैं। इस दौरान श्रद्धालु सोमवारी का व्रत रखते हैं जिसमे पूरे दिन भूखे, फलाहार या मीठे भजन का सेवन करते हैं।

**पहली व आखिरी सोमवारी पर मिलता है विशेष फल :** वैसे तो सावन में आने वाले प्रत्येक सोमवार का विशेष महत्व होता है। लेकिन पहले एवं आखिरी सोमवारी को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह रहता है। सोमवारी पर छोटे-बड़े शिवालयों में चार बजे भोर से ही शिवालयों की घंटियां बजने लगती है और शिवलिंग का जलाभिषेक शुरू हो जाता है। तमाम शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है।भगवान शिव की पूजा पाठ हेतु शाम तक शिवालियों में भीड़ लगी रहती है।

### विधि विधान से करें भगवान शिव का पूजन : पं. मनीष मिश्रा

पंडित मनीष मिश्रा के अनुसार वैसे तो पूरे दिन शिव पूजन किया जा सकता है। परंतु इस दिन ब्रह्म मुहूर्त सुबह, अभिजीत मुहूर्त के साथ प्रदोष काल भी जलाभिषेक के लिए अधिक शुभ माना जाता है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालु इस दिन प्रात:काल स्नान करके स्वच्छ वस्त्र धारण कर शिवलिंग की श्रद्धा और नियम से पूजन करें। शिवलिंग का अभिषेक जल, दूध, दही, शहद, घी और गंगाजल से करें। इसके बाद बेलपत्र, सफेद पुष्प, धतूरा, आक, अक्षत और भस्म अर्पित कर भगवान शुभ की पूजा करें।

# कोयल नदी में नहाने के दौरान डूबने से 13 वर्षीय बच्चे की मौत

नवीन मेल संवाददाता



**चैनपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कांकारी गांव के कोयल नदी में अखलेश पाल का पुत्र अमन अमन कुमार पाल (उम्र 13) की नहाने के दौरान नदी में डूबने से मौत हो गई। परिजनों के अनुसार अमन रविवार दोपहर लगभग 2 बजे के बाद घर में बिना किसी को बताएं कांकारी गांव के करीब कोयल नदी में नहाने के लिए गया था, इसके बाद परिजनों को सूचना मिली कि अमन नदी में डूब गया है। सूचना मिलते ही परिजन कोयल नदी पहुंचे और अमन को नदी से निकाल कर एमएमसीएच में इलाज के लिए लाए जहां पर चिकित्सकों ने प्रारंभिक जांच के बाद अमन को मृत घोषित कर दिया। इधर शव के पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इधर घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# दवा दुकानदारों का निलंबन नहीं हटा तो बुधवार से फेडरेशन करेगा हड़ताल

● विधायक आलोक चौरसिया से मिला पलामू केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स फेडरेशन, कहा- सुलझाएं दवा व्यवसायियों का मामला

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स फेडरेशन का प्रतिनिधिमंडल रविवार को विधायक आलोक चौरसिया से उनके शाहपुर आवास पर मिला और जिले में औषधि प्रशासन की एकतरफा कार्रवाई के खिलाफ अपनी चिंता जताई। फेडरेशन ने चेतावनी दी कि यदि निलंबन की कार्रवाई वापस नहीं हुई तो बुधवार से जिलेभर के दवा दुकानदार अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।
फेडरेशन के पदाधिकारियों ने कहा कि बीते एक वर्ष से औषधि प्रशासन नए-नए नियमों का हवाला देकर खुदरा और थोक दवा दुकानदारों को अनावश्यक रूप से प्रताड़ित कर रहा है। कभी पत्राचार, तो कभी स्पष्टीकरण, नोटिस और फिर निलंबन या बर्खास्तगी जैसी कार्रवाई कर दवा कारोबारियों में भय का माहौल पैदा किया जा रहा है।
बताया गया कि हाल ही में जिले के कई प्रतिष्ठित थोक और खुदरा दुकानों- जैसे अमित मेडिकल एजेंसी, आण्विका डिस्ट्रीब्यूटर, सिद्धार्थ मेडिकल एजेंसी, श्री भवानी फार्मा, सुमित्रा मेडिकल एजेंसी, आदर्श मेडिकल एजेंसी व बुलबुल मेडिकल एजेंसी को एक से दो महीने के लिए निलंबित कर दिया गया है। आरोप है कि पत्रों में व्यापारिक स्वतंत्रता पर हमला करते हुए पुलिसिया कार्रवाई की भी धमकी दी गई है, जो अब तक कभी नहीं हुआ था। फेडरेशन ने यह भी कहा कि इतने बड़े पैमाने पर प्रतिष्ठानों के बंद होने से जीवन रक्षक दवाएं और टीके तक प्रभावित हो रहे हैं। जिले के कई अस्पताल व उपकेंद्र इन्हीं प्रतिष्ठानों से दवा मंगाते हैं। ऐसे में आम जनता की स्वास्थ्य सेवा भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है।
इस संदर्भ में विधायक आलोक चौरसिया ने आश्वस्त किया कि वे औषधि प्रशासन, उपायुक्त और राज्य के वरीय अधिकारियों से मिलकर समाधान की कोशिश करेंगे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अगर दवा दुकानदारों के खिलाफ गलत कार्रवाई हो रही है तो जिम्मेदार अधिकारियों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए।
बैठक के बाद फेडरेशन के सदस्यों ने औषधि प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की। इस दौरान बैठक की अध्यक्षता रमेश शुक्ला ने की, जबकि संचालन फेडरेशन के सचिव अमिताभ मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में सैकड़ों खुदरा और थोक दवा व्यवसायी शामिल हुए, जिनमें प्रमुख रूप से मृत्युंजय शर्मा, सतीश तिवारी, हनी, जितेंद्र कुमार, संजय अग्रवाल, कंचन अग्रवाल, विक्रम, मनोज कुमार सिन्हा, अमित कुमार, पुरुषोत्तम अग्रवाल, प्रिंस साबरी, राजहंस अग्रवाल, रमाकांत पांडे, राकेश, रवि कुमार, पवन कुमार और नागेंद्र कुमार पासवान शामिल थे।

# जान जोखिम में डाल यात्रा करते हैं लोग

● सड़कों पर फर्राटे से दौड़ रहे ओवरलोड वाहन

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** तमाम नियमों को ताक पर रख कर मेदिनीनगर से ग्रामीण मार्गों में वाहन चालकों की मनमानी से यात्री मौत का सफर करने को मजबूर हैं। इन वाहन चालकों द्वारा निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियों को बिना रोकटोक के बैठाया जाता है। इतना ही नहीं ग्रामीण क्षेत्र के वाहनों के पीछे व छतों पर भी सवारियों को बेखौफ होकर बैठाया जाता है। इस दौरान ये वाहन दो-तीन थाने के आगे से बेरोकटोक पार करने से भी गुरेज नहीं करते। इसके बावजूद पुलिस द्वारा इन पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती। वहीं ग्रामीण रूट पर चलने वाले सवारी, आटो सहित मिनी ट्रक व पिकअप की ट्रालियों में सवारियों को ओवरलोड बैठाकर खतरों भरा सफर कराया जा रहा है। बताते चले कि कुछ दिनों पहले छतरपुर में क्षमता से अधिक लोगों को लेकर जा रही पिकअप के पलटने से तीन मजदूरों की जान भी जा चुकी है। इसके बावजूद नियमों को दर किनार कर वाहनों का संचालन किया जा रहा है।

**सर्वाधिक असर रांची रोड में :** ग्रामीण क्षेत्र में जाने के लिए कम किराया देने के चक्कर में मजदूर एवं रोजमर्रा के काम करने वाले लोग खतरा होने के बाद भी इन वाहनों में सफर करने की मजबूर हैं। इसका सर्वाधिक असर रांची रोड में देखने को मिलता है। यहां सवारियां मालवाहक वाहनों पर भी लदकर सतबरवा, पोलपोल मनिका आदि के लिए जाते हैं। ऐसे में सवारी गाड़ी में 25 तो ऑटो में 15 सवारियां तक ले जाई जाती हैं।

**पुलिस विभाग सुस्त :** यातायात सुरक्षा को लेकर पुलिस व परिवहन विभाग लोगों को सड़क सुरक्षा का पाठ पढ़ा रहा है। वहीं विभाग की टीमें समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को तेज गति से वाहन न चलाने व क्षमता से अधिक भार लेकर न चलने की हिदायत देते हैं। लेकिन जिस प्रकार ओवरलाडिंग कर वाहन जिले की सड़कों पर दौड़ रहे हैं उससे साफ जाहिर है कि विभाग के दावे हकीकत में नहीं दिखाई देते।

# श्रावण की पहली सोमवारी पर भक्तिमय होगा तिसीबार धाम

● कांवर यात्रा, मंगला आरती व गंगा पूजन से महादेव की भक्ति में रंगेगा शक्ति पीठ

नवीन मेल संवाददाता



**पांडू।** श्रावण मास की पहली सोमवारी आज है, और इसके स्वागत में झारखंड के प्रसिद्ध तिसीबार धाम शक्ति पीठ पांडू पूरी तरह भक्तिमय हो चुका है। यहां झारखंड विश्वनाथ मंदिर समिति द्वारा आयोजित वार्षिक कांवर यात्रा की शुरुआत 11 जुलाई से हो चुकी है, जो आगामी 9 अगस्त तक चलेगी। श्रावण मास में प्रतिदिन मंदिर प्रांगण में आराधना और सेवा का वातावरण बना हुआ है।
भक्तों के लिए प्रतिदिन सुबह 4 बजे मंगला आरती और शाम 7 बजे गंगा (बांकी नदी) आरती का आयोजन किया जा रहा है। श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति ने पूरे धाम को आस्था के रंग में रंग दिया है। आज 13 जुलाई को तिसीबार धाम में अत्यंत श्रद्धा और उल्लास का माहौल दिनभर गुरु पूजन, प्रवचन और भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ। पहली सोमवारी के अवसर पर विशेष रुद्राभिषेक, जलाभिषेक एवं श्रावणी पूजन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक विनय कुमार दुबे एवं मंजू दुबे ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे कल के दिन अधिकाधिक संख्या में आकर भगवान शिव की पूजा-अर्चना में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि "श्रावण मास की सोमवारी शिवभक्ति का परम पर्व है, और यह सिर्फ एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज में संयम, सेवा और समर्पण का प्रतीक भी है। 11 जुलाई को प्रारंभ हुई कांवर यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। कांवरियों ने बांकी नदी से जल भरकर तिसीबार मंदिर परिसर में रुद्राभिषेक किया और हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। शनिवार 12 जुलाई को भी रात्रि आरती और भजन संध्या का आयोजन भक्तिमय वातावरण में सम्पन्न हुआ।
श्रावण मास के इस विशेष पर्व को लेकर क्षेत्रीय श्रद्धालुओं के साथ-साथ अन्य जिलों और राज्यों से भी भक्तों के आने की संभावना है। मंदिर प्रबंधन समिति ने विधिवत व्यवस्था, सुरक्षा और सफाई की मुकम्मल तैयारी की है।
तिसीबार धाम इस बार भी अपने ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गरिमा के साथ श्रावण की पहली सोमवारी को भक्ति, सेवा और आस्था के एक सुंदर संगम में बदलने को तैयार है।

## प्रेरणा शाखा के श्रावणी मेले में उमड़ा जनसैलाब

# स्वादिष्ट व्यंजन, मनोरंजक खेल व सामूहिक सहभागिता ने बढ़ाया आयोजन का आकर्षण

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** मारवाड़ी समाज की महिलाओं के संगठन मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा शाखा द्वारा श्रावणी पर्व के उपलक्ष्य में रविवार को महाराजा अग्रसेन भवन में भव्य श्रावणी मेले का आयोजन किया गया, जो उत्साहपूर्ण वातावरण और व्यापक सहभागिता के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अरुणा शंकर द्वारा दोपहर 1 बजे दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। उद्घाटन के पश्चात मेले की गतिविधियों का रंगारंग शुभारंभ हुआ।
प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष रीमा भिवानिया एवं सचिव अलका सिंघानिया ने कार्यक्रम के माध्यम से महिला संगठन की सशक्त भागीदारी को रेखांकित किया और भविष्य में भी समाजहित में इसी तरह के आयोजन निरंतर करते रहने का संकल्प दोहराया।
मेले में आगंतुकों के लिए विविध स्वादिष्ट व्यंजनों की आकर्षक स्टॉलें सजाई गई थीं, जिनमें चाऊमीन, मंचूरियन, सेवपूरी, जलमुड़ी, पकौड़ी, केक, आइसक्रीम, गुलाबजामुन, कोल्ड ड्रिंक आदि शामिल थे। इन सभी की तैयारी और संचालन प्रेरणा शाखा की महिला सदस्यों द्वारा स्वयं किया गया था, जो उनकी आत्मनिर्भरता और संगठन क्षमता का परिचायक है। मनोरंजन के लिए भी मेले में कई खेल व गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जैसे ट्राय अगेन, ब्रेकिंग द पिरामिड, हाउसी, म्यूजिकल चेयर आदि, जिन्होंने बच्चों व महिलाओं सहित सभी आगंतुकों को आनंदित किया। इस आयोजन को सहज बनाने हेतु श्री विमल उदयपुरी एवं श्री पुनीत लाठ द्वारा दोपहर 1 बजे से शाम 7 बजे तक निःशुल्क जलपान एवं पेयजल की व्यवस्था की गई, जिसे सभी आगंतुकों ने सराहा। कार्यक्रम की सफलता में मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष संदीप केजरीवाल, सचिव सौरभ सर्राफ सहित मंच की युवा टीम का भी उल्लेखनीय सहयोग रहा। मंच की प्रेरणा शाखा ने मारवाड़ी समाज की विभिन्न संस्थाओं के अध्यक्षों एवं सचिवों को सम्मानित किया और समाज के प्रत्येक कार्य में सक्रिय भागीदारी का आश्वासन दिया। शाम 7 बजे मेले के समापन के साथ लकी ड्रॉ का आयोजन हुआ, जिसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कारों की घोषणा की गई और विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच के सह-सचिव एवं मीडिया प्रभारी श्री अंकित पोद्दार ने कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा, नारी शक्ति यदि संगठित होकर कार्य करे, तो किसी भी लक्ष्य को पाना असंभव नहीं है। प्रेरणा शाखा का यह आयोजन इसी सशक्त नारी नेतृत्व का उदाहरण है। सह मीडिया प्रभारी रवि कामदार ने भी आयोजन को सराहनीय बताते हुए महिला सदस्यों के प्रयासों को बधाई दी। प्रेरणा शाखा की सदस्य रीमा भिवानिया, अलका सिंघानिया, लवली मोदी, ममता पोद्दार, गुड्डी पोद्दार, प्रियंका सिंघानिया, जिया वर्मा, मीरा कामदार, प्रिया पोद्दार, बबीता सिंघानिया, मीना लाठ, रीना लाठ, आरती संघाई, श्वेता संघाई, पूजा भिवानिया सहित अन्य सक्रिय सदस्य उपस्थित रहीं। मौके पर मारवाड़ी समाज एवं मंच के प्रमुख सदस्य आलोक सवारिया, बदरी सिंघानिया, विमल पोद्दार, राजेश अग्रवाल, विकास उदयपुरी, दीपक नेमला, आलोक पसरी, निशांत सिंघानिया, श्याम पोद्दार, संदीप केजरीवाल, सौरभ सर्राफ, राकेश सुरेका, अंकित तुलस्यान, हेमंत सोनी, रवि कामदार सहित अन्य गणमान्य सदस्य कार्यक्रम में सम्मिलित रहे।

# सावन शुरू होते ही फलों के दामों में इजाफा, बाजार में बढ़ी मांग

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** सावन चढ़ते ही मेदिनीनगर के मुख्य बाजार में सावनी रंग चढ़ गया है। फलों की कीमतों में भी इजाफा हो गया है। सावन में एक माह तक बाजार में फलों की मांग रहेगी, जिसके कारण विक्रेताओं ने फलों का स्टॉक मंगवा कर रख लिया है। जिससे पूरे माह तक वे फल को बेच सकें। ज्ञात हो कि पूरे सावन सनातन धर्म के अधिकतर लोग फल व शाकाहार भोजन खाकर ही सावन का माह गुजराते हैं। बाजार में सेब, केला, संतरा, अनार, अंगूर, आम नाशपाती के कई प्रकार पहुंच चुके हैं। जिसकी कीमत उनके क्वालिटी के आधार पर दुकान में रखी गई है। ग्राहक भी वैसे दुकानों की तलाश कर रहे हैं, जहां कुछ सस्ते फल उन्हें मिल सके। सेव, अनार एवं अंगूर की बात करें तो यह केवल खास लोगों के लिए उपलब्ध है क्योंकि इनके दाम आसमान छू रहे हैं। अनार ढाई सौ से लेकर 300 तक बिक रहा है वहीं आम 100 से ऊपर बिक रहा है जबकि अंगूर डेढ़ सौ रुपए से लेकर 200 प्रति आधा किलो बिक रहा है। सावन के महीने की शुरूआत होते ही फलाहार के लिए फलों की मांग तेजी से बड़ी है। जिसे कारण महिलाएं बाजार में काफी संख्या में फल की खरीदारी करने आ रही हैं। थोक व्यापारियों का कहना है की फल की आवक कुछ दिनों में और बढ़ जाएगी। इसके बाद सेव आदि के दामों में कमी आ सकती है इसी तरह केला,मौसमी, नाशपाती और अनार भी काफी महंगे बिक रहे हैं।

### फलों के दाम में हुआ इजाफा

| | | |
|---|---|---|
| ● आम | 80 से 100 रुपए | प्रति किलो |
| ● केला | 60 से 70 रुपए | प्रति दर्जन |
| ● नया सेव | 200 रुपए | प्रति किलो |
| ● पुराना सेव | 60 से 300 रुपए | प्रति किलो |
| ● अंगूर | 140 रुपए | प्रति पैकेट |
| ● मौसमी | 80 रुपए | प्रति किलो |
| ● अनार | 80 रुपए | प्रति किलो |

### मुर्गा, खस्सी व मछली की दुकानों में भीड़ घटी

सावन आते ही मुर्गा, खस्सी व मछली की दुकानों में भीड़ कम होने लगी है। इनके विक्रेता भी कम ही माल मंगवा रहे हैं। सावन में मुर्गा, खस्सी व मछली नहीं खाने वाले लोगों की कमी हो जाती है। जिस कारण सावन चढ़ते ही मुर्गा व मछली की कीमतों में कमी आ गई है।

# प्रधानमंत्री पोषण योजना के तहत रसोइयों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी (गढ़वा)।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत रविवार को खरौंधी प्रखंड में रसोइयों के लिए पुनश्चर्या प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण दो अलग-अलग स्थानों पर संपन्न हुआ। मध्य विद्यालय अमरोरा में आयोजित प्रशिक्षण शिविर का नेतृत्व संकुल समन्वयक अर्चना कुमारी ने किया। उन्होंने रसोइयों को मध्यान्ह भोजन योजना से जुड़े कर्तव्यों, दायित्वों तथा पोषण व स्वच्छता संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मेनू के अनुसार पौष्टिक एवं स्वादिष्ट भोजन तैयार करना, किचन शेड की नियमित सफाई, खाद्यान्न का समुचित रख-रखाव तथा स्वच्छता का विशेष ध्यान रखते हुए बच्चों को भोजन परोसना आवश्यक है। दोनों प्रशिक्षण शिविरों में संकुल क्षेत्र के अंतर्गत सभी विद्यालयों की रसोइया उपस्थित रहीं। रसोइयों ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताते हुए इसे अपने कार्य में मददगार बताया। प्रशिक्षण का उद्देश्य रसोइयों को अपडेट करना और प्रधानमंत्री पोषण योजना को और अधिक प्रभावशाली बनाना रहा।

# हनुमंता कला की मुखिया सविता देवी निलंबित

## अयोग्य लाभुकों को योजना का लाभ दिलाने का था आरोप

● **अबुआ आवास योजना में हुई थी बड़ी गड़बड़ी**




**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** अबुआ आवास योजना में गंभीर अनियमितताओं के आरोपों के चलते बंशीधर नगर प्रखंड के हनुमंता कला पंचायत की मुखिया सविता देवी को निलंबित कर दिया गया है। गढ़वा उपायुक्त द्वारा जारी आदेश के अनुसार, मुखिया पर ग्रामसभा से 09 अयोग्य लाभुकों को योजना का लाभ दिलाने के आरोप प्रमाणित हुए हैं। उक्त मामले की जांच उपायुक्त कार्यालय द्वारा 25 अप्रैल 2025 को भेजे गए पत्रांक 448 के आलोक में की गई थी। तीन सदस्यीय जांच समिति की रिपोर्ट में यह स्पष्ट रूप से पाया गया कि मुखिया सविता देवी ने न केवल अयोग्य लोगों को योजना से लाभांवित किया, बल्कि ऐसे परिवारों को भी सूचीबद्ध किया, जिन्हें पहले ही सरकारी आवास का लाभ मिल चुका था।

इन आरोपों पर 26 मार्च 2025 को उपायुक्त ने स्पष्टीकरण मांगा था, लेकिन मुखिया द्वारा दिया गया उत्तर असंतोषजनक पाया गया। अपने जवाब में सविता देवी ने तर्क दिया कि उन्हें योजना की ऑनलाइन जांच का प्रशिक्षण नहीं मिला था और प्रखंड स्तर से लाभुकों की सूची भी उपलब्ध नहीं कराई गई थी, जिसके कारण अनजाने में मानवीय त्रुटि हुई। हालांकि, जांच प्रतिवेदन, प्राप्त स्पष्टीकरण और उपायुक्त की अनुशंसा की समग्र समीक्षा के उपरांत झारखंड पंचायत राज अधिनियम, 2001 के तहत सविता देवी को उनके पद से निलंबित करते हुए उनकी समस्त प्रशासनिक व विशेष रूप से वित्तीय शक्तियां तत्काल प्रभाव से जब्त कर ली गई हैं। इस प्रस्ताव को पंचायत राज विभाग की मंत्री की स्वीकृति भी प्राप्त हो चुकी है।

# चिनियां में अवैध बालू कारोबार पर चला प्रशासन का डंडा

## सीओ ने ट्रैक्टर किया जब्त, केस दर्ज



**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां।** अंचल मुख्यालय के चपकली मोड़ के पास अवैध रूप से बालू लोड कर ले जा रहे एक ट्रैक्टर (महिंद्रा बी 275 डिआई, लाल रंग) को अंचल पदाधिकारी उमेश्वर कुमार यादव ने रंगे हाथों पकड़ लिया। प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए ट्रैक्टर को जब्त कर चिनियां थाना में खनन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कराया। इसकी पुष्टि थाना प्रभारी अमित कुमार ने की। उन्होंने बताया कि अंचल पदाधिकारी द्वारा रविवार को केस संख्या 2825 दर्ज कराया गया है। थाना प्रभारी ने सख्त लहजे में कहा कि अवैध खनन करने वालों को किसी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। बताया जा रहा है कि जब्त किया गया ट्रैक्टर चिनियां निवासी अकलीम अंसारी का है, जो अवैध बालू ढुलाई में संलिप्त पाया गया।

# सहियाओं ने तीन क्लस्टर प्रभारी पर लगाया पैसा लेने का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता**

**रंका।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के तीन क्लस्टर के सहिया का सहिया साथी के द्वारा जबरन पैसा लेने की समस्या को लेकर उपायुक्त एवं प्रभारी को सहियाओं ने आवेदन दिया। इस संबंध में रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के तीन क्लस्टर के सहिया विश्रामपुर, दूधवाला एवं रमकंडा के सहिया रंका पहुंचे और उन्होंने अपनी वेतन एवं प्रोत्साहन राशि सरकार के द्वारा मिलने वाली प्रोत्साहन राशि से जबरन सहिया साथी के द्वारा पैसा मांगने का आरोप रंका प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर असद एवं उपयुक्त गढ़वा को दिया गया है। सहिया के प्रखंड अध्यक्ष चंद्रावती देवी ने बतलाइ कि सहिया साथी विश्रामपुर, दूधवाला, और रमकंडा के सहिया साथी के द्वारा हमारे तीनों क्लस्टर के सहियाओ के साथ काफी अत्याचार किया जा रहा है। सरकार के द्वारा मिलने वाले प्रोत्साहन राशि एवं वेतन की राशि से जबरन पैसा की मांग की गई और सहिया के द्वारा डरा धमका कर पैसा ले ली गई। इस संबंध में तीनों क्लस्टर के सहिया साथी से पूछे जाने पर उनके द्वारा बताया गया कि पैसा की मांग नहीं की गई है। उन लोगों के द्वारा गलत आरोप लगाकर फंसाया जा रहा है। वहीं इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर आजाद से फोन पर पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि इसकी जानकारी मुझे मिली है। सोमवार को सभी सहियाओं को बुलाकर इसकी जांच की जायेगी। जांच में दोषी पाए जाने वाले पर विभाग के द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल

**रंका।** एन एच 343 भौंरी मुख्य मार्ग पर बाइक चालक अनियंत्रित होकर गिरने से गंभीर रूप से दो लोग हुआ घायल। बांदु निवासी बसंत सोनी एवं सुरेश सिंह रामानुजगंज बाजार कर अपना घर बांदु जा रहे थे। एनएच-343 भौंरी मोड़ के पास वाहन अनियंत्रित हो गई जिससे गिरकर गंभीर रूप से दोनों घायल हो गए।

# रंका थाना परिसर में मना थाना दिवस



**नवीन मेल संवाददाता**

**रंका।** थाना दिवस अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी की अध्यक्षता में मनाया गया। रंका थाना परिसर में थाना दिवस मनाई गई। जिसमें रंका अनुमंडल क्षेत्र के ग्रामीणों की समस्याओं का निपटारा किया गया। इस संबंध में रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह ने बतलाया कि थाना दिवस के अवसर पर रंका अनुमंडल के ग्रामीणों की जो समस्या थी उसे 70 प्रतिशत निराकरण कर दी गई है। उन्होंने बताया कि सबसे ज्यादा मारपीट की समस्या खपरो गांव से आई हुई थी। और गांव से भी आया हुआ था। जिसका ऑन द स्पॉट समस्याओं का निराकरण कर दी गई है। इस थाना दिवस से लोगों को काफी सुविधा मिल रहा है। मौके पर रंका थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह, रंका एसाई राजेश झा, रंका सब इंस्पेक्टर, राजेश वर्मा, अचल कर्मी, पुलिसकर्मी एवं ग्रामीण मौके पर उपस्थित थे।

# जमीनी विवाद में दो पक्षों में मारपीट, कई लोग घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** थाना क्षेत्र के रारो गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में लाठी डंडे से जमकर मारपीट हो गई। जिसमें दोनों पक्ष के करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में एक पक्ष के मंतु यादव प्रमोद यादव नन्हकी देवी मंती देवी कमोदा देवी तथा दूसरे पक्ष के उषा देवी सुखन यादव सहित कई का नाम शामिल है। एक पक्ष की रामाधार यादव ने बताया कि 44 डिसमिल जमीन को लेकर गांव के ही सुखन यादव, मुखन यादव, लालमोहन यादव, नंदू यादव, नंदकुमार यादव, धर्मेंद्र यादव, कमला कुँवर, उषा देवी, मनिका देवी के द्वारा लाठी डंडे और कुल्हाड़ी से हम लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। उसने बताया कि 44 डिसमिल जमीन में मेरा पूर्वजों के समय से ही जोत कोड होते आ रहा है और उसमें घर भी है। लोगों के द्वारा उक्त जमीन को अपना बताते हुए एक राय होकर लाठी डंडे से लैस होकर घर को तोड़ने के लिए दबाव बनाया गया। जब हम लोग घर नहीं तोड़ने का विरोध किया तो उक्त लोग मारपीट कर हम लोगों को घायल कर दिया।तो वहीं दूसरा पक्ष के नंदकुमार यादव का कहना है कि 10 फीट लंबी हमारी जमीन को मंटू यादव, प्रमोद यादव वगैरह के द्वारा कब्जा किया जा रहा था। जिसको लेकर विवाद बढ़ी थी। जब हम लोग उसका विरोध किये तो उक्त लोग मारपीट पर उतारू हो गए और हम लोगों को लाठी डांटे से जमकर मारपीट कर घायल कर दिया गया। न्याय को लेकर स्थानीय थाना में हम लोग आवेदन दिए हैं। मामले में थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी ने बताया कि जमीनी विवाद को लेकर मारपीट की घटना घटी है जिसमें एक तरफ के तीन और दूसरे तरफ के दो लोग घायल हुए हैं। घायलों का इंजरी काटकर इलाज के लिए भेज दिया गया है वहीं दोनों तरफ से मामले को लेकर आवेदन मिला है।

# रसोइया सह सहायिका को दिया गया प्रशिक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत संकुल संसाधन केन्द्र मध्य विद्यालय भोजपुर में रविवार को रसोइया सह सहायिका का पुनश्चर्या प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सी आर पी शक्ति दास सिन्हा तथा रिसोर्स शिक्षक शशिकांत पाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया प्रशिक्षक सी आर पी शक्ति दास सिन्हा ने उपस्थित सभी रसोइया को मध्याह्न भोजन से संबंधित उनके सभी कार्य एवं दायित्व की विधिवत जानकारी दिया। उन्होंने मीनू के अनुसार भोजन तैयार करने, किचेन शेड की सफाई, अनाज का रख रखाव, प्रत्येक सोमवार तथा शुक्रवार को अतिरिक्त पोषाहार के रूप मे अंडा या मौसमी फल देने, भोजन को परोसने, शुद्धता एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की जानकारी दिया। उन्होंने एमडीएम में उपयोग होने वाले चावल, दाल, तेल, सब्जी आदि की मात्रा की जानकारी भी विस्तार से दिया। प्रशिक्षण में रसोईया चंचला कुमारी, जयात्री देवी, केवलपति देवी, विमली देवी, अनिता देवी, प्रतिमा देवी, जीरा देवी, निशा देवी, निर्मला देवी, चिंता देवी, श्यामली देवी सहित संकुल संसाधन केंद्र मध्य विद्यालय भोजपुर के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों की सभी रसोइया उपस्थित थे।

# मनरेगा में आदेश की अनदेखी, रोक के बाद भी जारी रहा डोभा योजनाओं का भुगतान

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** प्रखंड में मनरेगा योजनाओं को लेकर जारी दिशा-निर्देशों की खुलेआम अवहेलना सामने आई है। वरीय अधिकारियों के निर्देश के आलोक में डंडई प्रखंड विकास पदाधिकारी देवलाल करमाली ने 15 जून 2025 से मनरेगा के तहत संचालित सभी मिट्टी और मोरम आधारित कार्यों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी थी। इसके संबंध में बीडीओ ने एक आधिकारिक पत्र जारी कर प्रखंड क्षेत्र के सभी मुखिया, बीपीओ, कनीय अभियंता, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक और मनरेगा ऑपरेटरों को स्पष्ट निर्देश दिए थे। उस पत्र में यह साफ तौर पर उल्लेख किया गया था कि अगले आदेश तक किसी भी प्रकार के मिट्टी-मोरम कार्य की स्वीकृति, ऑनलाइन डिमांड और भुगतान नहीं किया जाएगा। बीडीओ द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया था कि यदि कोई कर्मी इस आदेश की अवहेलना करता है, तो उसके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इन सख्त निर्देशों के बावजूद, तसरार पंचायत में मनरेगा नियमों की खुली अनदेखी सामने आई है। पंचायत निवासी लाभुक जैनुल बीबी के नाम से डोभा योजना संख्या 7080903732598 के अंतर्गत 20 जून को मिट्टी-मोरम से संबंधित कार्य का डिमांड मनरेगा पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया। इसके अलावा, लाभुक प्रमोद तुरिया (योजना सं. 7080901683628), प्यारी सिंह (योजना सं. 7080901544640), राजेश कुमार तिवारी (योजना सं. 7080903763176) और एस. कुमार यादव (योजना सं. 7080903716409) एसके अलावे दर्जनों डोभा में 15 जून के बाद डिमांड लगाया गया। इतना ही नहीं सभी का भुगतान भी कर दिया गया है। यह मामला न केवल बीडीओ के आदेश की खुली अवहेलना है, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही और सरकारी नियमों की अनदेखी का गंभीर मामला भी बन गया है। इस मामले के उजागर होने के बाद स्थानीय स्तर पर यह चर्चा का विषय बन गया है कि जब बीडीओ द्वारा स्पष्ट रूप से मिट्टी-मोरम कार्यों पर रोक का आदेश पहले ही जारी किया गया था, तो फिर संबंधित योजना का डिमांड किसके निर्देश पर लगाया गया और भुगतान कैसे स्वीकृत हुआ। यह स्थिति इस ओर संकेत करती है कि प्रखंड स्तर पर जिम्मेदार अधिकारियों या कर्मियों ने या तो आदेश को गंभीरता से नहीं लिया, या फिर जानबूझकर नियमों की अनदेखी की गई। इधर इस मामले में पूछे जाने पर बीडीओ देवलाल करमाली ने कहा कि 15 जून के बाद मनरेगा के तहत मिट्टी-मोरम कार्यों पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया था। अगर इसके बावजूद डिमांड या भुगतान हुआ है, तो यह स्पष्ट रूप से आदेश की अवहेलना है। मामले की जांच की जा रही है, और जो भी कर्मी या पदाधिकारी दोषी पाए जाएंगे, उनके विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### सगमा से कावड़ियां देवघर के लिए रवाना

**सगमा।** सावन का महीना शुरू होते ही प्रखंड क्षेत्र से प्रतिवर्ष हजारों की संख्या में भोले भंडारी के भक्त देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ पर जलाभिषेक करने जाते हैं। इसी कड़ी में रविवार को कावड़ियों का दल देवघर के लिए रवाना हुए। इसके पूर्व कावड़ियों ने गांव स्थित देव स्थलों पर जाकर माथा टेक बाबा बैद्यनाथ के ऊपर जलाभिषेक कर सकुशल घर वापसी की आशीर्वाद लिया। इस दल में शामिल सभी बम रास्ते में हर हर महादेव बोल बम के जयकारा लगा रहे थे। जिस कारण पूरा गांव भक्तिमय हो चला था।



# सड़क में आयी दरार, दुर्घटना की संभावना



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** प्रखंड के पढुवा मोड़ से भंडार भाया पढुवा सिकनी पतरा पथ निर्माण में उत्क्रमित मध्य विद्यालय सोहबरिया के पास बने पुलिया के पास कालीकरण सड़क में लंबी दूरी तक दरार हो गए हैं। जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की संभावना है। अब तक इस पर ना तो ध्यान संवेदक का गया है और ना ही संबंधित अधिकारियों का। इसी तरह इस सड़क में कई गांव पढुवा आदि जगहों पर भी यही स्थिति है। विधायक प्रतिनिधि डॉक्टर लालमोहन ने ग्रामीणों के आग्रह पर स्थल पर पहुंच सड़क की स्थिति से अवगत हुए। उन्होंने इसकी शिकायत क्षेत्रीय विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी से करने की बात कही।

### पांच माह में ही टूट गयी सड़क

यह सड़क ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के वित्त पोषित परियोजना द्वारा पारित है जिसकी लंबाई 9.6 किमी है। सड़क निर्माण कार्य त्रिवेणी त्रिवेणी कॉन्ट्रक्शन द्वारा कराया गया है। इस सड़क का निर्माण कार्य 6 सितंबर 2023 जबकि पूर्ण करने की अवधि 5 मार्च 2025 है। जबकि पूर्ण होने के कुछ ही महिने में सड़क कई जगह दरार होकर टूट चुका है। विधायक प्रतिनिधि डॉक्टर लालमोहन के साथ भारतीय जनता पार्टी उत्तरी मंडल अध्यक्ष रूपू महतो, दक्षिणी मंडल अध्यक्ष मनोज जायसवाल, ई.रोहित कुमार, हरिहर मेहता, नथुनी चंद्रवंशी, जनकधारी चौधरी सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# सर्पदंश से महिला की मौत



**रंका।** सोनदाग पंचायत के सोनदाग गांव के ग्रामीण महिला को सांप के काटने से हुई मौत। सोनदाग पंचायत के मुखिया रीमा देवी ने बतलाया कि पिछले दिनों सोनदाग ग्राम निवासी वीरू राम की पत्नी को खेत में काम करने के दौरान सांप काट लिया। जिसके इलाज बनारस अस्पताल से चल रहा था। परंतु बनारस इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

**उम्मीद**

### कैंसर पीड़ित युवक ने मदद की लगायी गुहार

# सरकार मैं मरना नहीं चाहता हूं, जीने की लालसा है मुझे

**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी (संवाददाता)।** जी चाहता है कि जहर खाकर आत्महत्या कर लूं। एक युवक की हर धड़कन यह बयां कर रही है। संभवतः इच्छा हो रही है जीने की, किंतु विवशता के कारण मन में कई बातें आ रही हैं। उक्त बातें हैं लाचार कैंसर पीड़ित एक युवक की। चुकी गरीबी के कारण इलाज कराना उसके लिए मुश्किल है। मामला है गढ़वा जिले के कांडी प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत लमारी कला पंचायत के हरिगावां गांव का। जहां एक फुस की झोपड़ी में निवास करने वाला दोनों पैर से दिव्यांग 35 वर्षीय एक युवक रंजीत कुमार पासवान उर्फ गुड्डू पासवान कैंसर की बीमारी से पीड़ित है। उसके पिता रामचन्द्र पासवान भी अब इस दुनियां में नहीं हैं। उसने मीडिया को जानकारी देते



हुए अपनी पूरी दुःख भरी दास्तान सुनाते हुए अपनी व्यथा बताई। उसने बताया कि तकरीबन एक वर्ष से उसके कमर पर एक घाव था, जो ट्यूमर का रूप धारण कर लिया। पैसे के अभाव में वह इलाज कराने से असमर्थ रहा। जब स्थिति बिगड़ी तो वह किसी प्रकार उधार-पधार पैसे लेकर वाराणसी स्थित हेरिटेज अस्पताल पहुंचा। जहां से घाव का जांच सेम्पल भेजा गया। रिपोर्ट के अनुसार चिकित्सक ने कैंसर बताया। रंजीत ने कैंसर का नाम सुनते ही भावुक हो गया, चिंता सताने लगी। रंजीत ने बताया कि दिव्यांग पेंशन मिलता है, किंतु उससे इलाज कराना असंभव है। उसने मीडिया के माध्यम से समाजसेवियों से अनुरोध किया है कि इस समस्या को सरकार तक पहुंचाते हुए आर्थिक मदद करें। साथ ही सरकार से उसने मांग की है कि बेहतर अस्पताल में कैंसर का इलाज हो, जिससे वह ठीक हो जाए। रंजीत का कहना है कि सरकार मैं मरना नहीं चाहता हूं, जीने की लालसा है मुझे। यदि सरकार मेरे प्रति कोई बेहतर कदम नहीं उठाती है तो अंततः कैंसर की बीमारी से मरने से पहले जहर खा कर आत्महत्या कर लूंगा। उसने बताया कि बचपन में ही पिता जी का साया मेरे सिर से उठ गया। मेरी मां है, जिसका खर्च भी जैसे-तैसे मैं ही चलाता हूं।

# डूबा गड़ात नाला में घायल लकड़बग्घा देखा गया



**नवीन मेल संवाददाता**

**रंका।** प्रखंड के चुतरु पंचायत डूबा गड़ात नाला के गड्ढे में एक घायल लकड़बग्घा देखा गया। जिसे देखने के लेकर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जुट गए। इस संबंध में बताते चले कि रविवार को चुतरू पंचायत के उप मुखिया मेराज अहमद सुबह घर से बाहर निकले हुए थे। उप मुखिया ने चुतरू मुख्य सड़क से 100 मीटर की दूरी पर एक लकड़बग्घा को गड्ढे में गिरा देखा। ग्रामीणों ने उप मुखिया जियाउद्दीन अंसारी ने गांव के लोगों को लकड़बग्घे के बारे में बताया। उनके बताने के बाद आश पास के ग्रामीण लकड़बग्घे को देखने के लिए जमा होले लगे। लोगों ने इसकी सूचना रंका वन विभाग को दी गई।

ग्रामीणों के द्वारा यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि लकड़बग्घा चुतरू मुख सड़क को रात्रि में पार कर रहा होगा। रास्ता पार करने के दौरान अज्ञात वाहन के चपेट में आ गया होगा। चपेट में आने के बाद वह पूरी तरह घायल हो गया हो गया होगा।

# आजसू नेता की पत्नी हृदयाघात से निधन

**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत अरसली उतरी गांव से आजसू पार्टी के केंद्रीय समिति सदस्य रविंद्रनाथ शर्मा की पत्नी किरण देवी (उम्र 41 वर्ष) का रविवार सुबह हृदयाघात से निधन हो गया। परिवारिक सूत्रों के अनुसार किरण देवी खेत से मुंग तोड़कर बटेदार के घर मे खटिया पर बैठीं। इसी दौरान अचानक बेहोश होकर गिर पड़ीं। आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर ले जाया गया, जहां डॉ. रंजन कुमार दास ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनकी असामयिक मृत्यु की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मुखिया प्रतिनिधि तस्बीन अंसारी, समाजसेवी जयराम पासवान, अरुण गुप्ता, उदय गुप्ता, डोमन चंद्रवंशी, मुना शर्मा, जावेद अंसारी समेत कई गणमान्य लोग अस्पताल पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी।

## नगर प्रशासक के निर्देश पर बदहाल सड़क की हुई मरम्मत



**लातेहार।** शहर से सटे पहाड़पुरी होते हुए पांडेयपुरा जाने वाली बदहाल सड़क पर जीप सदस्य विनोद उरांव, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष आर्सेन तिर्की समेत स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा प्रशासन से अविलंब सड़क को दुरुस्त की मांग की थी। इस जनसमस्या को मीडिया में प्रमुखता से प्रकाशित किया गया, जिसके बाद नगर पंचायत के प्रशासक राजीव रंजन ने मामले को संज्ञान में लिया। प्रशासक के आदेश पर रविवार को नगर पंचायत विभाग के कर्मियों द्वारा सड़क मरम्मत का कार्य प्रारंभ कर दिया गया। गौरतलब है कि यह सड़क पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील हो चुकी थी। जिससे स्कूली बच्चों, राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों की मांग पर प्रशासन से संज्ञान लेते हुए सड़क मरम्मती का कार्य किया।ताकि लोगों को राहत मिल सके।इधर जीप सदस्य और झामुमो नेता आर्सेन तिर्की ने जिला प्रशासन और नगर प्रशासक त्वरित कारवाई के लिए धन्यवाद दिया।

### कामता पंचायत के दामोदर स्थित परहिया टोला का हाल बेहाल

# दशकों पुराने कुएं के सहारे कट रही है आदिम जनजाति परिवारों की जिंदगी

- नल जल योजना के बावजूद भी नहीं मिला रहा शुद्ध पेयजल

**नवीन मेल संवाददाता**



**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कामता पंचायत के दामोदर स्थित आदिम जनजाति समुदाय का परहिया टोला आज भी बुनियादी सुविधाओं से महरूम है। टोले में न तो पीने के पानी की व्यवस्था है और न तो टोले तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क बन पाई है। रविवार को कामता पंसस अयुब खान ने परहिया टोला का दौरा कर आदिम जनजाति समुदाय का हाल चाल जाना। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि आदिम जनजाति परिवार आज भी सरकार के कई सुविधाओं से महरूम हैं। नल जल योजना के माध्यम से कई गांव की पानी की समस्या दूर हो रही है। इस योजना के आने से लोगों को गंदे पानी से छुटकारा मिल रहा है, लेकिन इस टोले में पानी की समस्या अब तक जस की तस बनी हुई है।

ज्ञात हो कि दामोदर का परहिया टोला एनएच से काफी सटा हुआ है। प्रखंड कार्यालय से इसकी दूरी करीब चार किलोमीटर है। यह गांव पहाड़ के किनारे बसा हुआ है, यहां करीब बीस घर की आबादी हैं। इनकी जनसंख्या एक सौ के आसपास है। एक दो परिवार सूप दौरा बनाकर किसी तरह परिवार चलाते हैं। कुछ मजदुरी पर आश्रित हैं। कई परिवार दुसरे प्रदेश में काम के लिए पलायन कर गए हैं। दसकों से पानी और सड़क की समस्या इस टोले में बनी हुई है। दशकों पुराने कुंए और चापानल से लोग अपनी प्यास बुझाने को मजबूर हैं।

**गांव में लगे दोनों चापाकल खराब :** टोले की असरीता परहिन, एतवरिया परहिन, शीला परहिन, सरहुलिया परहिन, राजेश परहिया, सीताराम परहिया,राजेश राम,विशाल परहिया,रोहित परहिया आदि ने बताया कि गांव में पक्की सड़क तक नहीं है जिससे लोग आवागमन कर सके। बरसात के समय में पूरा इलाका कीचड़ से भरा रहता है जिसपर पैदल चलना भी दूभर हो जाता है। टोले में सभी के घरों तक शुद्ध पानी पहुंचाने के लिए यहां दो नल लगाए गए हैं लेकिन इससे एक बुंद भी पानी नहीं निकलता है। दोनों नल खराब पड़ा हुआ है। नल जल के दो स्थानों पर बोरिंग की गई थी लेकिन दोनों जगह ड्राई हो गया पानी निकला ही नहीं। इस टोले के लोगों को शुद्ध पेयजल मिलना किसी सपने से कम नहीं है। सबसे ज्यादा परेशानी तब होती है जब किसी के घर में शादी या किसी की मृत्यु हो गई हो।

पंसस अयुब खान ने कहा कि पानी को लेकर कई बार अधिकारियों से पत्राचार किया गया है लेकिन पानी की समस्या आज भी जस की तस बनी हुई है। दसकों से एक पुराना कुआं है वह भी दुषित है। मजबूरी में उसी पानी से गांववासी अपनी प्यास बुझा रहे। अयुब खान ने लातेहार उपायुक्त महोदय से परहिया टोला में पानी व सड़क की समस्या दूर करने की मांग की है।

### बीपीओ जितेंद्र सिंह को जान से मरवाने की धमकी

# थाना में आवेदन देकर सुरक्षा की लगाई गुहार

**नवीन मेल संवाददाता**



**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह के शिक्षा विभाग के प्रभारी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी जितेंद्र सिन्हा ने सरकारी स्कूलों के सप्लायर राम अवतार चौधरी के खिलाफ बरवाडीह थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए थाना प्रभारी से सुरक्षा की गुहार लगाई है। दिए गए आवेदन में जितेंद्र सिन्हा ने बताया है कि सप्लायर राम अवतार चौधरी द्वारा उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई है। उन्होंने आगे बताया कि जिला के वरीय अधिकारियों को सूचना मिली थी कि राम अवतार चौधरी द्वारा कई वर्षों से व्हाट्सप पर ग्रुप बनाकर सभी शिक्षकों पर दबाव बनाया जाता है कि स्कूल का कोई भी समान ड्रेस से लेकर पेन पेंसिल और अन्य सामग्री तक वह उनसे ही खरीदे। इसपर शिक्षकों को कमीशन का लालच देकर जबरन पैसे देने का दबाव बनाया जाता है जिसकी जानकारी अखबारों के माध्यम से वरीय अधिकारियों को प्राप्त हुई थी। जिसके आलोक में हमें आदेश दिया गया था कि शिक्षकों को उस ग्रुप से बाहर निकलने की सूचना दे दी जाए। ताकि समिति बनाकर ही विद्यालय प्रबंधन खरीदारी करें। इसी को लेकर हमने शिक्षा विभाग के एक व्हास्ट्सप ग्रुप के माध्यम से सभी शिक्षकों को सूचना दी थी। जिसकी जानकारी किसी शिक्षक द्वारा राम अवतार चौधरी को दे दी गई। शनिवार की शाम मैं बाजार आया था वह मुझे देखकर धमकी और गंदी गंदी गालियां देने लगे। हमने पूछा कि आप गाली किसको दे रहे है तो उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग किसी की बपौती नहीं है, हम ही सब स्कूलों में समान देंगे और बीच में कोई रोक टोक किए तो जान से मरवा देंगे।

**जबरन स्कूलों में करता है सप्लाई**

उन्होंने आवेदन में बताया है कि सप्लायर का अपराधियों के साथ सांठ गांठ है और अपराधियों के बल पर ही शिक्षकों को धमका कर उन्हें सामान जबरन सप्लाई करता है। कहता है कि मैंने ऐसे ही बिजनेस खड़ा नहीं किया।

# एनएलसी कंपनी के खिलाफ ग्रामीणों हुए एकजुट, कहा- नहीं देंगे जमीन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** प्रखंड क्षेत्र के धांधू पंचायत के मकईयाटाड़ स्थित दुर्गा मंदिर के पास धांधू पंचायत के ग्रामीणों की बैठक ग्राम प्रधान बिहारी यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में धांधू, चितरपुर भैसादोन नावाडीह हेमपुर एवं ग्रेजा गांव के सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने एक ही स्वर में कहा किसी कीमत में अपना पूर्वज की जमीन नहीं देंगे। जल,जंगल-जमीन हमारा है और कंपनी के लोगों को गांव में नहीं इंट्री होने देंगे। गांव के जो लोग बिचौलिए गिरी करेंगे उन्हें दंडित किया जाएगा। बैठक में मुखिया पति रामवृक्ष उरांव हेमपुर ग्राम प्रधान दिलेश्वर गंझू, नावाडीह ग्राम प्रधान बनारसी उरांव, भैंसादोन ग्राम प्रधान बिहारी यादव, गेरेजा ग्राम प्रधान प्रमेश्वर उरांव, पंचायत कई प्रतिनिधियों समेत लक्ष्मण प्रसाद यादव, नन्द कुमार यादव, फरीद खान, दालें उरांव, मो हसिब्बुलाह, दशरथ यादव, संजय यादव, शंकर उरांव, संतोष उरांव, बाबूलाल लोहारा, उदय यादव, विरेन्द्र यादव, पच्चू खान, महाबीर उरांव, प्रदीप यादव समेत पंचायत के सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

# जरूरतमंदों की मजबूरी का फायदा उठा रहे हैं ईंट भट्ठा संचालक व बालू कारोबारी

- निर्माण सामग्री की कीमतों में बेतहाशा बढ़ोतरी
- सरकारी योजनाओं पर पड़ा असर

**नवीन मेल संवाददाता**

**बेतला।** लातेहार बरवाड़ीह प्रखंड क्षेत्र में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भवन निर्माण सामग्रियों की कीमतों में भारी बढ़ोतरी ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। ईंट, बालू, सीमेंट और छड़ जैसी बुनियादी निर्माण सामग्री के दाम पिछले कुछ महीनों में 40 से 50 प्रतिशत तक बढ़ चुके हैं। जिससे खासकर प्रधानमंत्री आवास योजना और शौचालय निर्माण जैसी सरकारी योजनाओं के लाभुकों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि आवास योजनाओं के तहत मिलने वाली राशि अब पर्याप्त नहीं रह गई है। पहले जहां एक ट्रैक्टर बालू 600 से 700 रुपये से लेकर 1200 में मिल जाता था, वहीं अब उसकी कीमत 2000-2200 रुपये से ऊपर पहुंच चुकी है। यह स्थिति तब है जब एनजीटी ने बालू उठाव पर रोक लगा रखी है। बावजूद इसके बालू की आपूर्ति रात के अंधेरे में चोरी-छिपे की जा रही है। इसी तरह ईंट की कीमतों में भी भारी उछाल आया है। पहले 1500 ईंट की कीमत लगभग 9500 से 10 हजार थी, अब वही ईंट 13,000 या उससे अधिक में बेची जा रही है। प्रति ईंट की कीमत 7 से बढ़कर 9 रुपए तक पहुंच गई है। वहीं सीमेंट की दर 300 से बढ़कर लगभग 360 प्रति बैग हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ईंट भट्ठा संचालक और बालू विक्रेता, जरूरतमंदों की मजबूरी का खुलकर फायदा उठा रहे हैं। न तो कीमतों पर कोई नियंत्रण है, न ही प्रशासन की सख्ती नजर आ रही है। लाभुकों का कहना है कि अगर हालात ऐसे ही रहे, तो उन्हें निर्माण कार्य अधूरा छोड़ना पड़ेगा। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि निर्माण सामग्री की कीमतों को नियंत्रित किया जाए और बालू माफियाओं पर सख्त कार्रवाई हो, ताकि गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को सरकारी योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सके।

# महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती पर होगा प्रतिभा सम्मान समारोह

**नवीन मेल संवाददाता**



**इटखोरी (चतरा)।** आगामी 27 जुलाई 2025 को महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती के अवसर पर एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस भव्य समारोह को सफल बनाने के लिए रविवार को इटखोरी प्रखंड अंतर्गत धनखेरी में प्रजापति समाज के लोगों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के दर्जनों लोगों ने भाग लिया और कार्यक्रम को गरिमामय, भव्य और ऐतिहासिक रूप देने का संकल्प लिया। चर्चा के दौरान यह निर्णय लिया गया कि जयंती को जिला स्तर पर एकता और संगठन की मिसाल के रूप में मनाया जाएगा। इसके लिए प्रखंड स्तर पर रणनीति तैयार की गई और समाज की संख्या व शक्ति प्रदर्शन के प्रस्ताव पर सर्वसम्मति बनी। वक्ताओं ने प्रजापति समाज की एकता, संगठन और सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि यह आयोजन समाज को नई दिशा देने का कार्य करेगा। बैठक में समाज के लोगों ने कार्यक्रम में अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने और इसे एक यादगार आयोजन बनाने की प्रतिबद्धता जताई। प्रखंड स्तरीय यह पहल जिला स्तर पर होने वाले समारोह की सफलता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष राजेश प्रजापति, सचिव महादेव प्रजापति, उपाध्यक्ष विजय प्रजापति, जितेन्द्र प्रजापति, महेश कुमार प्रजापति, ब्रजेश प्रजापति, दिलीप प्रजापति, कुलदीप प्रजापति, आदित्य प्रजापति, अकलेश प्रजापति, दामोदर कुम्हार, अशोक प्रजापति, अर्जुन प्रजापति, कैलाश प्रजापति, उमेश प्रजापति, मनोज प्रजापति, अरविंद प्रजापति सहित समाज के अनेक लोग उपस्थित थे। बैठक में उमड़ा उत्साह इस बात का संकेत है कि यह आयोजन समाज की जागरूकता और संगठन की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

# मंत्री डॉ. इरफान अंसारी से मिले औरंगजेब खान प्रखंड की स्वास्थ्य समस्याओं से कराया अवगत

**नवीन मेल संवाददाता**



**बालूमाथ।** झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड युवा अध्यक्ष औरंगजेब खान ने शनिवार को राज्य के माननीय मंत्री डॉ. इरफान अंसारी से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से बालूमाथ क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर मंत्री को अवगत कराया। मुलाकात के दौरान औरंगजेब खान ने बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की कमी और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की जानकारी देते हुए मंत्री से मांग की कि क्षेत्र में जल्द से जल्द चिकित्सकों की नियुक्ति की जाए। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों को इलाज के लिए लातेहार या अन्य दूरस्थ क्षेत्रों में जाना पड़ता है, जिससे समय और पैसे की भारी बबार्दी होती है। मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि न सिर्फ बालूमाथ बल्कि पूरे झारखंड में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए राज्य सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और जल्द ही आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इस दौरान विकास कुमार भी मौजूद रहे।

### डोकवा गांव मे बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव

# ग्रामीण बिजली, पानी व सड़क जैसी कई सुविधाओं से वंचित

- पानी के लिए करना पड़ता है घंटों इंतजार
- गांव के विकास में विभाग व स्थानीय जनप्रतिनिधि नहीं ले रहे रुचि : ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता**



**कुंदा (चतरा)।** कुंदा प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत बोधाडीह पंचायत के डोकवा गांव के ग्रामीण विभाग व स्थानीय जनप्रतिनिधि के उदासीनता के कारण आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। ग्रामीणों ने कहा कि गांव के हरिजन टोला में लगभग 100 घर की आबादी में सिर्फ एक चापाकल चालू हालत में है। जिससे उन्हें पानी के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि जब वे मेहनत-मजदूरी और खेतों से काम कर लौटते हैं, तो पानी लेने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है। एक चापाकल होने की वजह से काफी भीड़ एकत्रित हो जाती है, जिससे उन्हें परेशानी होती है। ग्रामीणों ने कहा कि इस गांव में आज तक पक्की सड़क का निर्माण नहीं किया गया है, जिसके कारण आपात परिस्थितियों में गांव तक पहुंचने में काफी दिक्कत होती है। कई बार संबंधित पंचायत क्षेत्र के मुखिया व प्रखंड में इसकी सूचना दी गई, लेकिन किसी ने इस समस्या में सुधार करने की पहल नहीं की है।वही गांव के बुद्धिजीवियों ने आरोप लगाया है कि सरकार सिर्फ चंद रुपए देकर उन्हें बुनियादी मूलभूत सुविधाओं से ग्रामीणों को वंचित रखना चाहती है, जो न्याय संगत नहीं है। ग्रामीणों ने जिले के उपायुक्त से मांग की है कि उन्हें गांव में पक्की सड़क, पानी, बिजली जैसी कई मुलभुत सुविधा समुचित रूप से प्रदान की जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर सरकार उनकी मांगों पर ध्यान नहीं देती है, तो वे आगामी चुनाव में वोट बहिष्कार करने को बाध्य होंगे। वहीं संबंधित पंचायत क्षेत्र के मुखिया अनीता देवी ने बताई की गांव की समस्या को लेकर जिले में कई बार सूची तैयार कर भेजी गई है लेकिन अभी तक इसका कोई समाधान नहीं हो सका है। ग्रामीणों की मांग जायज है पेयजल आपूर्ति को लेकर उक्त गांव में नलजल योजना का कार्य ठीक ढंग से नहीं कराया गया जिससे ग्रामीणों को पेयजल में समस्या उत्पन्न हो रहा है, इसकी शिकायत लगातर कीया जा रहा है। मौके पर सुमन रविदास, अजय यादव, द्वारिक यादव, कैलाश महतो, पवन यादव, कृष्णा कुमार, उमेश भारती, सतीश भारती, रेखा देवी, आशा देवी, प्रतिमा देवी, उर्मिला देवी, सविता देवी समेत कई उपस्थित थे।

### लातेहार पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# पांच साल से फरार माओवादी जगन लोहरा गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पांच साल से फरार माओवादी को गिरफ्तार किया है। लातेहार एसपी कुमार गौरव के गुप्त सूचना पर माओवादी जगन लोहरा को छिपादोहार पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वर्ष 2020 के अप्रैल माह में पूर्व माओवादी रिजनल कमांडर छोटू खेरवार एवं नकूल यादव के दस्ता एवं लातेहार पुलिस बल के साथ छिपादोहर थाना अन्तर्गत रमनदाग जंगल में हुए मुठभेड में ये शामिल था। इस छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी धीरज कुमार सिंह, सब इंस्पेक्टर रितेश कुमार राव, एएसआई न्द्रजीत तिवारी, एसएसबी-32-बीएन किस्को पुलिस पिकेट और आई आरबी सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## डुमारो में वज्रपात से पांच पशुधन की मौत

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र में इस वर्ष मॉनसून की शुरूआत के साथ हो रही भारी बारिश के बीच वज्रपात होने से लोगों को काफी जानमाल की क्षति उठानी पड़ रही है। शनिवार की शाम बारिश के बीच थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमारो पंचायत के बैलगड़ा सातीटांड़ में आसमानी बिजली के चपेट में आने से पांच पशुधन की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृत पांचों पशु किसान जेठू गोप की है। पांच दुधारू पशुधन की मौत होने से जेठू गोप को लगभग दो लाख रुपए का नुकसान उठाना पड़ा है। जेठू ने बताया कि पशुपालन व दूध बिक्री कर परिवार का जीवकोपार्जन करता था। एक साथ पांचों पशुओं की मौत होने से आर्थिक कमर टूट गई है। उन्होंने प्रशासन से मुआवजा देने को लेकर गुहार लगाई है।

### जंगली हाथियों ने मगध कोल क्षेत्र में जमकर मचाया उत्पात

# तीन दुकान को किया ध्वस्त लाखों की पहुंचाई क्षति



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** प्रखंड क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक जारी है शनिवार रात्रि मगध कोल माइंस क्षेत्र के कांटा नंबर 10 के पास झोपड़ी में संचालित तीन होटल को जंगली हाथियों ने तहस-नस कर दिया। हाथियों का झुंड गांव में प्रवेश होने से ग्रामीण काफी भयभीत हैं। वह अपनी जान माल की सुरक्षा के लिए गांव को छोड़ना उचित समझा रहे हैं। आरा ग्राम निवासी चंद्रिका साव सुधीर साव के होटल होटल में रखे चावल दाल राशन का पूरा सामान मिठाई के फ्रिज, मोटरसाइकिल के अलावा कई कीमती सामान को तहस नहस कर दिया। वहीं होटल संचालक चंद्रिका साव दीपू कुमार, सुधीर साव का भीम होटल और होटल में रखे पूरे सामान को तहस-नस कर दिया। पीड़ित दुकानदारों ने कहा है कि अपना परिवार का जीविका इसी होटल से किया करते थे। होटल टूट जाने से हमारी भुखमरी का स्थिति उत्पन्न हो गया है। वन विभाग से आग्रह करते हुए कहा कि हुई नुकसान का वन विभाग भरपाई करें और यथाशीघ्र इन जंगली हाथियों के आतंक से बचने का कोई ठोस रास्ता निकाले।

### आस्था — मां भद्रकाली की महिमा से गूंजा मंदिर परिसर

# भक्ति जागरण में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

- धार्मिक आयोजनों से समाज में जागती है चेतना : बिरजू तिवारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**सभी अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र प्रदान कर किया गया**

सभी अतिथियों का स्वागत पारंपरिक ढंग से अंगवस्त्र प्रदान कर किया गया। कार्यक्रम में भजन गायकों द्वारा प्रस्तुत किए गए भक्ति गीतों और कीर्तन ने माहौल को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालु देर रात तक मंदिर परिसर में भक्ति में लीन रहे। चारों ओर जय मां भद्रकाली के जयघोष गूंजते रहे। कार्यक्रम में बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं की उत्साहजनक भागीदारी देखने को मिली।

**इटखोरी (चतरा)।** शनिवार की रात इटखोरी स्थित मां भद्रकाली मंदिर परिसर में श्रद्धा, भक्ति और अध्यात्म से सराबोर हो उठा। बिहार के पटना स्थित मोती ढाबा के संचालक मदन जी द्वारा आयोजित वार्षिक भक्ति जागरण कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। इस अवसर पर मां भद्रकाली के दरबार में भक्तों ने भक्ति गीतों, अखंड कीर्तन और आरती के माध्यम से अपनी श्रद्धा अर्पित की। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए क्षेत्र के कई गणमान्य अतिथि भी विशेष रूप से उपस्थित हुए। इस भव्य जागरण में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी पहुंचे। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजनकर्ता मदन जी के सेवा भाव की प्रशंसा करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम में अन्य अतिथियों के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री मृत्युंजय कुमार सिंह, इटखोरी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह, भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला मंत्री टुन्नी सिंह, एएसआई सुनील दुबे, तथा भद्रकाली मंदिर केयर टेकर नागेश्वर यादव आदि उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के आयोजक मदन जी, जो मूल रूप से पटना के मोती ढाबा के संचालक हैं, पिछले 10 से 15 वर्षों से निरंतर इस तरह के धार्मिक आयोजन कर समाज में सांस्कृतिक और धार्मिक चेतना को जागृत कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मां भद्रकाली में उनकी अपार श्रद्धा है और यह आयोजन उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। इस अवसर पर मदन जी द्वारा भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें सेकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भक्ति जागरण का समापन रविवार सुबह आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि सामाजिक एकता और सामूहिक सहभागिता का भी उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने आयोजन को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

# लगातार बारिश से गिरा मिट्टी का घर, बेघर हुआ गरीब परिवार

**नवीन मेल संवाददाता**



**सेन्हा (लोहरदगा)।** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त होता जा रहा है। बरसात के मौसम में कई कच्चे मकान गिरकर क्षतिग्रस्त हो रहे हैं, जिससे प्रभावित परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी क्रम में चितरी डांडू पंचायत अंतर्गत चितरी गांव निवासी स्व. विरेंद्र सिंह के पुत्र जितेंद्र सिंह का मिट्टी का बना मकान भारी वर्षा के कारण धराशायी हो गया। हालांकि मकान गिरने की घटना में किसी प्रकार की कोई जानमाल की हानि नहीं हुई है, लेकिन घर में रखा आवश्यक सामान पूरी तरह से नष्ट हो गया है। घटना के बाद से पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को विवश है। परिजनों ने बताया कि सरकारी सहायता नहीं मिलने की स्थिति में उनके समक्ष बड़ी कठिनाई खड़ी हो गई है। स्थानीय प्रशासन एवं प्रखंड आपदा प्रबंधन विभाग से पीड़ित परिवार ने तत्काल आवास सहायता एवं राहत सामग्री प्रदान करने की मांग की है। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से अपील की है कि बारिश से प्रभावित परिवारों का सर्वे कर उन्हें यथाशीघ्र मुआवजा एवं आवास सुविधा मुहैया कराई जाए, ताकि वे सुरक्षित जीवनयापन कर सकें।

# 29 लोग का हुआ स्वास्थ्य जांच

**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार 161 वां सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 29 लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवा कर लाभान्वित हुए। हीमोग्लोबिन,यूरिक एसिड,ब्लड ग्रुप, शुगर, बी.पी,वजन,हार्ट बीट,ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया,एवं अन्य सभी प्रकार की स्वास्थ जांच पैथोलॉजी के माध्यम से आधे ख़र्च में ही की जाती है। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि बारिश के मौसम पर काफी विषैले जीव जंतु निकलते हैं सांप, बिच्छू आदि विषैला जीव जंतु काटने या कुत्ते के काटने पर तुरंत डॉक्टर से मिले या नजदीक हॉस्पिटल या सदर हॉस्पिटल में इलाज कराएं। कभी भी भूल कर भी झाड़ फूंक कराने के चक्कर में समय को बर्बाद ना करें, इससे शरीर को भारी नुकसान हो सकता है। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा की अभी के मौसम पर स्वास्थ्य के प्रति खास ध्यान देने की आवश्यकता है। बाहर के तेल मसाले से बने खाना को खाने से बचे, और अपने घरों के आसपास गंदगी ना होने दें जिससे कि मच्छर का प्रकोप ना हो, और कहा की स्वास्थ्य से संबंधित और भी बेहतर सुविधा मुहैया कराई जाएगी।




# कुड़ू में 7.750 किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुड़ू-लोहरदगा।** कुडू थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से कुल 7.750 किलोग्राम अवैध गांजा, एक मोटरसाइकिल, दो मोबाइल फोन एवं नकद 1350 बरामद किए गए हैं। उक्त आशय की जानकारी रविवार को कूडू थाना में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा ने देते हुए बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम लापुर निवासी मो० खुर्शीद अपने मोटरसाइकिल रजिस्ट्रेशन संख्या बीआर 14 जे 7891 की डिक्की में अवैध गांजा छिपाकर ग्राम पण्डरा स्थित अजय ढाबा के पास सड़क किनारे खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस कप्तान सादिक़ अहमद रिज़वी के निर्देश पर एक टीम गठित की गई। टीम में शामिल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा, थाना प्रभारी मनोज कुमार, पुअनि दिनेश कुमार, कुंदन कुमार रवानी, सअनि प्रेम प्रकाश एवं कुडू थाना के सशस्त्र बल द्वारा मौके पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान लापुर गांव निवासी मो० खुर्शीद की मोटरसाइकिल से 1.050 किग्रा गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में उसने बताया कि यह गांजा सुजीत कुमार, निवासी कुडू बाजार टांड़, का है। तत्पश्चात पुलिस ने सुजीत कुमार के घर पर छापा मारा, जहाँ से 6.700 किग्रा गांजा बरामद किया गया। 7.750 किग्रा गांजा, एक मोटरसाइकिल बीआर 14 जे 7891, दो मोबाइल फोन और 1350 रु नकद बरामद हुआ है। दोनों आरोपियों के खिलाफ कांड संख्या 78/25 एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी)(ii)(सी)/29 के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# जर्जर पथों की स्थिति सुधारें परेशानी से दिलाएं मुक्ति : डीसी

- **पावरगंज चौक से सदर अस्पताल तक नो-पार्किंग जोन बनाने का निर्देश**
- **बारिश की वजह से कीचड़ व जलजमाव वाले पथों को ठीक करने का उपायुक्त ने दिया निर्देश**

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में बारिश की वजह से पथों में कीचड़ व जलजमाव की स्थिति को दूर करने को लेकर आज उपायुक्त डॉ ताराचंद ने पथ निर्माण से संबंधित सभी विभागों के साथ बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने विभिन्न माध्यम से प्राप्त कीचड़मय व जलजमाव वाली सड़क की शिकायत की बिंदुवार समीक्षा की और सभी संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंताओं को उन पथों में स्टोन-डस्ट व बालू भराव कर समतल करने का निर्देश दिया। वहीं प्रशासक नगर परिषद लोहरदगा को शहरी क्षेत्र में पावरगंज से बीएस कॉलेज स्टेडियम तक और पावरगंज से सदर अस्पताल तक के क्षेत्र को नो पार्किंग जोन बनाये जाने हेतु आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही, पावरगंज से सदर अस्पताल तक दोनों ओर नालियों को ढंके जाने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि आमजनों को लगातार बारिश की वजह से पथों पर आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और इस पर त्वरित कोई ठोस कदम नहीं उठाना आपकी संवेदनहीनता को दर्शाता है। इसलिए संवेदनशील होकर कार्य करें और आमजनों को परेशानी से मुक्ति दिलाएं।बैठक में प्रशासक नगर परिषद, ग्रामीण कार्य विभाग, पथ प्रमण्डल लोहरदगा, ग्रामीण कार्य विशेष प्रमण्डल, एनएच आदि के अभियंतागण उपस्थित थे।

# महाकाल क्लब के तत्वावधान में निकली विशाल कांवड़ यात्रा

- **डीसी-एसपी ने किया पूजन-पाठ से शुभारंभ**
- **श्रवण मास में भोलेनाथ के जलाभिषेक हेतु श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब**

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** सावन मास के पावन अवसर पर महाकाल क्लब, चंद्रशेखर आज़ाद चौक तेतर तर लोहरदगा के तत्वावधान में रविवार को पहाड़ी बाबा के दर्शन व जलाभिषेक के लिए भव्य व विशाल कांवड़ यात्रा निकाली गई। कांवड़ यात्रा का शुभारंभ उपायुक्त डॉ. कुमार ताराचंद एवं पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिज़वी ने विधिवत पूजन-पाठ कर किया।

इस अवसर पर उपायुक्त डॉ. कुमार ताराचंद ने कहा, "भगवान भोलेनाथ ने समुद्र मंथन में निकले विष को स्वयं ग्रहण कर संसार को अमृत प्रदान किया। वे नीलकंठ कहलाए और अपनी जटाओं में गंगा को धारण कर यह संदेश दिया कि शीतल मन और शांत चित्त से ही विजय प्राप्त होती है। भगवान शिव सभी को एक दृष्टि से देखते हैं — देवता हों या दानव।"

एसपी सादिक अनवर रिज़वी ने अपने संबोधन में कहा, "श्रावण मास को अमृतकाल कहा जाता है। यह मास आत्मशुद्धि और मनोकामना पूर्ति का समय है। जो भी श्रद्धा से भोलेनाथ का जलाभिषेक करता है, उसकी मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है।"महाकाल क्लब के संरक्षक बलराम कुमार साहू, निश्चय वर्मा आदि ने बताया कि, "महाकाल क्लब पिछले 30 वर्षों से लगातार जिले की सुख-समृद्धि एवं शांति के लिए कांवड़ यात्रा का आयोजन करता आ रहा है। इस धार्मिक आयोजन में समाज के सभी वर्गों का सहयोग मिलता रहा है, जो अत्यंत सराहनीय है।"

क्लब अध्यक्ष कुणाल वर्मा ने कहा कि "श्रावण मास में जलाभिषेक करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और शिव कृपा प्राप्त होती है।" कांवड़ यात्रा में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। सैकड़ों शिवभक्तों ने गगनभेदी जयकारों के साथ यात्रा में हिस्सा लिया और हर-हर महादेव की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस मौके पर रितेश कुमार, निश्चय वर्मा, निशीथ जायसवाल (विधायक प्रतिनिधि), सुनील अग्रवाल, आशीष गुप्ता, आकाश खत्री, रोहित ओझा, नितेश वर्मा, अमित वर्मा, देवेश साहू, शुभम जायसवाल, मयंक कुमार, सचिन सिंघानिया समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### जय श्रीराम समिति ने पेश की मानवता की मिसाल



**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति ने एक बार फिर मानवता की अनोखी मिसाल पेश करते हुए जरूरतमंद मरीज को समय पर रक्तदान कर जीवनदान देने का कार्य किया, जिससे जिले में समिति की सराहना हो रही है। यह घटना लोहरदगा जिलेवासियों के लिए गर्व की बात बन गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जमशेदपुर निवासी विजय कुमार वर्मा (पिता-देवकी वर्मा) की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें सदर अस्पताल लोहरदगा में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें खून की कमी बताई। मरीज के परिजन जब परेशान हो गए तो उन्होंने जय श्रीराम समिति से संपर्क किया। समिति के सक्रिय सदस्य गणेश साहू ने तत्काल एक यूनिट ब्लड देकर न सिर्फ इंसानियत का परिचय दिया बल्कि संकट की घड़ी में परिवार के लिए उम्मीद की किरण बनकर उभरे। रक्तदाता गणेश साहू ने कहा, "अगर मेरी वजह से किसी को जीवन मिलता है या उसका दुख दूर होता है, तो मैं खुद को सौभाग्यशाली मानता हूं। मैं हमेशा ऐसे कार्यों के लिए तत्पर रहूंगा।" पीड़ित परिवार के सदस्य बिट्टू वर्मा ने समिति के प्रति आभार जताते हुए कहा, "समिति के कार्य की जितनी सराहना की जाए, वह कम है। सही समय पर सहयोग मिलना हमारे लिए बहुत बड़ी बात है। पूरे लोहरदगा जिले के लिए यह गर्व की बात है कि यहां ऐसा संगठन है जो सेवा की भावना से हमेशा तत्पर रहता है। कई बार देखा गया है कि समिति के सदस्य रक्तदान को लेकर आपस में यह कहते हैं कि पहले मैं दूंगा। ऐसे दृश्य देखकर मन को शांति मिलती है।" इस अवसर पर विशाल वर्मा, अनिल वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### वज्रपात की चपेट में आने से महिला की मौत



**कैरो/लोहरदगा।** रविवार की दोपहर मौसम ने करवट ली और तेज बारिश के साथ हुए वज्रपात ने हनहट गांव में कहर बरपाया। वज्रपात की चपेट में आकर एक महिला समेत दो मवेशियों की मौत हो गई, जिससे गांव में मातम पसरा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हनहट गांव निवासी संजय मुंडा की पत्नी आरती मुंडा (उम्र लगभग 30 वर्ष) खेत में काम कर रही थीं। इसी दौरान अचानक वज्रपात हुआ और आरती इसकी चपेट में आ गईं। परिजन आनन-फानन में उन्हें अस्पताल ले जाने लगे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई। इसी घटना में गांव के ही मुख्तार अंसारी की एक गाय सेमर दोन में वज्रपात की चपेट में आकर मारी गई, जबकि बालो महतो की एक अन्य गाय की भी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही कैरो थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक जांच-पड़ताल के बाद महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, लोहरदगा भेज दिया गया। इस दर्दनाक हादसे के बाद पीड़ित परिवार सदमे में है। संजय मुंडा व अन्य ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से तत्काल आर्थिक मुआवजे की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि मृतक महिला के छोटे-छोटे बच्चे हैं और परिवार की पूरी जिम्मेदारी उन्हीं पर थी। प्रशासनिक सहायता मिलने से परिवार को कुछ राहत मिल सकती है।

### फुलसुरी में वज्रपात से दो की मौत



**कुड़ू-लोहरदगा।** कुडू प्रखण्ड के ककरगढ़ पंचायत अंतर्गत फुलसुरी बैठा टोली मे दो अलग-अलग स्थानों पर वज्रपात की घटनाएं हुईं, जिसमें दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों में एक की पहचान बैठा टोली निवासी जितेश्वर बैठा, पिता तुलसी बैठा, के रूप में हुई है, वहीं महिला की पहचान रांची जिले के बुढ़मू प्रखण्ड अंतर्गत उमेदण्डा कदली गांव निवासी धनिया महतो की 45 वर्षीय पत्नी सुमित्रा देवी के रूप में हुई है। मृतक महिला गांव के ही शिवधन बैठा की सास थी। जबकि घटना में दुबराज बैठा गंभीर रूप से झुलस गया, जिसे प्राथमिक उपचार के लिए चान्हो अस्पताल ले जाया गया। हालत नाजुक होने के कारण उन्हें तत्परता से रिम्स रांची रेफर किया गया है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, जितेश्वर बैठा अपने खेत में कार्यरत थे, जबकि गांव के ही दुबराज बैठा और सुमित्रा देवी पास के खेत में लगभग 500 मीटर की दूरी पर काम कर रहे थे। तभी अचानक हुई तेज बारिश और आकाशीय बिजली गिरने से तीनों इसकी चपेट में आ गए।

### वज्रपात से 12 साल बच्चे की मौत

**सेन्हा/लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के बूटी डूमर टोली गांव में रविवार को आकाशीय बिजली गिरने से एक 12 वर्षीय बालक की दर्दनाक मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक बालक की पहचान गांव निवासी महावीर उरांव के पुत्र संतोष उरांव के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि संतोष अपने घर के समीप खेल रहा था, तभी तेज बारिश के साथ अचानक वज्रपात हुआ और वह इसकी चपेट में आ गया। घटना के समय घर के सभी सदस्य खेतों में काम कर रहे थे। बच्चे की हालत बिगड़ते देख ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए उसे निजी वाहन से लोहरदगा सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

## रसोइया को दिया गया प्रशिक्षण

**कैरो/लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीय मध्य विद्यालय कैरो में कैरो के 10 विद्यालय में कार्यरत सभी रसोईया सह सहायिकाओं का प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षक बीआरपी प्रकाश मिश्रा, संयोजिका अनिता देवी व बिरजी देवी के नेतृत्व में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से रसोईया को खाना तैयार करने की तरीके खाना बनाने में बरती जाने वाली सावधानी, परोसने का विधि सहित साफ-सफाई आदि पर प्रशिक्षित किया गया।इस मैके पर रसोइया अमृता देवी,दामो खातून,मुन्नी देवी,लीला देवी,धंसरिया उराईन,मांगो उराईन,यमुना कुजूर,बुधनी उरांव,सुकि उरांव,तेतरी उरांव,सुगिया उरांव ,आसमीना उरांव,फुलमनी खाखा,रेखा कुमारी,जिरामनी उरांव,सयमिन उरांव,सविता उरांव,करमी उरांव,मांगी उरांव व सावित्री कुमारी उपस्थित थी।

## अंजुमन इस्लामिया अदलिया कमिटी ने किया कई मामलों की सुनवाई

**लोहरदगा।** अंजुमन इस्लामिया, लोहरदगा की अदलिया कमिटी ने अंजुमन कार्यालय में एक अहम बैठक कर एक दर्जन से अधिक पारिवारिक और सामाजिक मामलों की सुनवाई की। कमिटी ने इनमें से पांच जटिल विवादों का आपसी सहमति से शांतिपूर्ण निष्पादन कर एक बार फिर सामाजिक सुलह-संवाद की मिसाल पेश की। सुनवाई में अदलिया कमिटी के प्रमुख सदर अब्दुल रउफ अंसारी, सेक्रेटरी शाहिद अहमद बेलू, नाइब सदर सैयद आरीफ हुसैन, सहसचिव अल्ताफ कुरैशी, सदस्य इरशाद अहमद, ऑफिस सेक्रेटरी मौलवी अबुल कलाम तैगी व मोहम्मद असगर तैगी मौजूद रहे। निष्पादित प्रमुख मामलों में सुमैया परवीन बनाम अरशद अंसारी – पति-पत्नी विवाद को दोनों पक्षों की सहमति से सुलझाया गया।

# स्व. सुधीर अग्रवाल की बारहवीं पर विभिन्न वर्गों के लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** सामाजिक, धार्मिक व शैक्षणिक संस्थाओं से गहराई से जुड़े रहे स्व. सुधीर कुमार अग्रवाल की बारहवीं के अवसर पर रविवार को लोहरदगा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, जशपुर (छत्तीसगढ़), पलामू, रांची सहित कई जिलों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। विभिन्न राजनीतिक दलों, धर्म-संप्रदायों, जातियों व संगठनों से जुड़े प्रतिनिधियों ने पहुंचकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत एवं गुमला के सिविल सर्जन डॉ. शंभूनाथ चौधरी ने कहा कि "खून के रिश्ते से भी बड़ा रिश्ता दोस्ती का होता है, जिसमें इंसान अपना दुख-दर्द साझा करता है। सुधीर जी का जाना हमारे लिए व्यक्तिगत क्षति है, उन्होंने हमें जीवन भर का दर्द दे दिया। जिसके पास सच्चा मित्र होता है, वह सबसे बड़ा धनवान होता है।"

पूर्व केंद्रीय मंत्री सुदर्शन भगत एवं भाजपा नेता ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि "सुधीर अग्रवाल वर्षों से समाजसेवा में जुटे एक बहुआयामी और सकारात्मक सोच रखने वाले व्यक्तित्व थे। उनका अचानक जाना समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।" श्रद्धांजलि सभा में जिन प्रमुख लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए, उनमें शामिल हैं –इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रेसिडेंट डॉ. गणेश प्रसाद, आरएसएस के प्रांत संचालक सच्चिदा अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि निशित जायसवाल, पूर्व सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल, अंजुमन इस्लामिया के सचिव शाहिद अहमद 'बेलू', श्रीराम समिति संरक्षक अजय सोनी, मनोज जायसवाल, मनोज दास, उमेश कांस्यकार, देशराज गोयल आदि उपस्थित थे।

# बिजली चोरी मामले में तीन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा (लोहरदगा)।** सेन्हा थाना क्षेत्र के चुरकु गांव में बिजली चोरी के मामले में बिजली विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन उपभोक्ताओं के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। विभाग की विशेष टीम द्वारा छापेमारी अभियान चलाकर अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते हुए उपभोक्ताओं को रंगेहाथ पकड़ा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अलौदी पंचायत अंतर्गत चुरकु गांव निवासी केश्वर उरांव (पिता - चैतू उरांव, उम्र 27 वर्ष), संदीप उरांव (पिता - स्व. बहुरन उरांव, उम्र 25 वर्ष) व गन्दरु उरांव (पिता - स्व. सुधराम उरांव, उम्र 45 वर्ष) के विरुद्ध सेन्हा थाना कांड संख्या 67/25 के तहत भारतीय विद्युत अधिनियम की धारा 135/137 के तहत मामला दर्ज किया गया है। बिजली विभाग के अधिकारियों के अनुसार, आरोपियों द्वारा एलटी तार से टोका लगाकर तथा मीटर से पहले सर्विस लाइन में टैपिंग कर अवैध रूप से बिजली की खपत की जा रही थी, जिससे विभाग को कुल 34,753 रुपये की क्षति हुई है। बिजली विभाग के विद्युत अभियंता अजु कच्छप ने बताया कि यह छापेमारी अभियान विभाग के निर्देश पर चलाया गया, जिसमें फिरोज अख्तर, करमचंद उरांव, विकास गोप, प्रमोद उरांव सहित अन्य कर्मचारी शामिल थे। उन्होंने बताया कि विद्युत अधिनियम के तहत आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। बिजली विभाग ने आम उपभोक्ताओं से वैध कनेक्शन लेकर बिजली का उपयोग करने की अपील की है, साथ ही चेतावनी दी है कि "बिजली चोरी की शिकायत मिलने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।"

**पुलिस की कार्रवाई** लोहरदगा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, रांची-गुमला-लोहरदगा में करते थे वारदात

# बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश, चार गिरफ्तार

- **सूचना मिलते ही सक्रिय हुई पुलिस, चोरी की 7 मोटरसाइकिल बरामद**

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** लोहरदगा पुलिस ने शनिवार की शाम एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अन्तरजिला मोटरसाइकिल चोरी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कृषि बाजार के पास छापेमारी कर दो अपराधकर्मियों को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ धर दबोचा। पूछताछ के बाद गिरोह के दो और सदस्यों की गिरफ्तारी हुई। चारों आरोपियों की निशानदेही पर कुल सात चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गईं। सभी वाहन रांची, गुमला एवं लोहरदगा जिले से चोरी की गई थीं।

दिनांक 12 जुलाई को करीब 4 बजे सूचना मिली कि कृषि बाजार के पास कुछ युवक चोरी की बाइक बेचने की फिराक में हैं। थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर के नेतृत्व में छापामारी दल गठित किया गया। कार्रवाई के दौरान अफराज अंसारी (19 वर्ष) एवं साईदुल अंसारी (24 वर्ष) को दो मोटरसाइकिलों के साथ रंगेहाथ पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे अपने अन्य साथियों मकबुल अंसारी (22 वर्ष) और अफताब अंसारी (25 वर्ष) के साथ मिलकर पिछले दो महीनों से बाइक चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। इसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया और उनके ठिकानों पर छापेमारी कर पांच और बाइक बरामद की।

इस संदर्भ में एसपी सादिक अनवर रिजवी ने बताया कि ये अपराधी विभिन्न मेलों, बाजारों और पार्किंग स्थलों को चिन्हित कर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। चोरी की बाइक को दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों में छुपा कर रखने के बाद उचित समय पर बेचने की योजना बनाते थे। वही इस सफलता पर पुलिस अधीक्षक लोहरदगा द्वारा छापामारी टीम को बधाई दी है। साथ ही आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने वाहन की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहें एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।छापेमारी टीम में थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर के अलावा, पुअनि रविरंजन कुमार, संजय कुमार, मो. शारिक खां, सअनि चन्द्रदीप मेहता, अमरनाथ पांडेय, रमेश कुमार तिवारी, तकनीकी शाखा से नीरज मिश्रा व स्वर्ण साहू, चा.आ. मुकेश शर्मा, सत्य किशोर, निर्मल मार्शल मिंज और महिला आरक्षी पुष्पा देवी शामिल रहे।

## ग्रामीणों की सतर्कता से गौवंश तस्करी विफल, 13 मवेशी बरामद



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिले के रायडीह प्रखंड अंतर्गत सुरसांग थाना क्षेत्र के कोण्डरा पंचायत स्थित चटकपुर-रामरेखा धाम रोड पर गौवंश तस्करी की एक बड़ी कोशिश को ग्रामीणों ने अपनी सतर्कता से विफल कर दिया। घटना 13 जुलाई 2025 (रविवार) सुबह लगभग 4:00 बजे की है, जब ग्रामीणों को पूर्व से इस संदर्भ में सूचना मिली थी। तस्करी के लिए पिकअप वाहन संख्या ओडी-09-5911 पर कुल 13 गौवंशों को ले जाया जा रहा था। जब ग्रामीणों ने सड़क पर वाहन को रोका, तो चालक अंधेरे का फायदा उठाकर वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने तुरंत सुरसांग थाना को दी। सूचना मिलते ही पुलिस दल मौके पर पहुंचा और गौवंशों के साथ पिकअप वाहन को जब्त कर लिया। फिलहाल वाहन चालक की तलाश जारी है। स्थानीय ग्रामीणों की सजगता और त्वरित कार्रवाई से एक बड़ी तस्करी को रोका जा सका। पशु तस्करी की बढ़ती घटनाओं के बीच यह कार्रवाई एक महत्वपूर्ण उदाहरण है कि जनसहभागिता से अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सकता है। पुलिस ने जब्त मवेशियों की देखरेख की व्यवस्था की है और चालक व तस्करी से जुड़े अन्य लोगों की पहचान व गिरफ्तारी के लिए जांच तेज कर दी गई है।

पालकोट के निर्झर पेट्रोल पंप पर 'नो हेलमेट-नो पेट्रोल' नियम की उड़ रही धज्जियां

# बिना हेलमेट पहने बाइक सवारों को आसानी से मिल रहा है पेट्रोल

● प्रशासनिक सख्ती की दरकार

**नवीन मेल संवाददाता**

**पालकोट (गुमला)।** जहां एक ओर सरकार और प्रशासन सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने को लेकर लगातार प्रयासरत है, वहीं दूसरी ओर पालकोट के निर्झर पेट्रोल पंप पर सड़क सुरक्षा अधिनियम का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। यहां बिना हेलमेट पहने बाइक सवारों को भी पेट्रोल आसानी से बेचा जा रहा है, जिससे सड़क सुरक्षा के नियम केवल बैनरों तक सीमित रह गए हैं। निर्झर पेट्रोल पंप पर "नो हेलमेट - नो पेट्रोल" जैसे सरकारी दिशा-निर्देशों को दरकिनार कर सिर्फ लाभ



अर्जित करने की प्रवृत्ति अपनाई जा रही है। इस लापरवाही से जनमानस की सुरक्षा को गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है।

प्रशासन और परिवहन विभाग की ओर से समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं, लेकिन पालकोट जैसे इलाकों में इसका कोई ठोस असर नहीं दिख रहा। हर पेट्रोल पंप पर बड़े-बड़े नियमों के बैनर जरूर लगे हैं, लेकिन उनका पालन कहीं नहीं होता। यदि इस नियम को सख्ती से लागू किया जाए, तो दुर्घटनाओं में निश्चित रूप से कमी लाई जा सकती है। सवाल यह है की प्रशासन इस नियम के पालन को लेकर कितना गंभीर है?

राष्ट्रीय नवीन मेल इस जनहित के मुद्दे को प्रमुखता से उठा रहा है। अब देखना है कि प्रशासन इस लापरवाही के खिलाफ क्या कदम उठाता है। बिना हेलमेट पेट्रोल मिलता रहेगा या वाकई 'नो हेलमेट-नो पेट्रोल' को धरातल पर उतारा जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### बज्मे रब्बानी ट्रस्ट ने लगाएं 300 पौधे



**गुमला।** भीषण गर्मी और धूप से राहत देने के उद्देश्य से बज्मे रब्बानी ट्रस्ट की एक साल की मेहनत आखिरकार रंग लाई। रविवार को गुमला बाजार टांड़ परिसर में वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की गई, जिसका शुभारंभ ट्रस्ट के संरक्षक गौसिया मोती मस्जिद के ईमाम हाफिज जाहिद रब्बानी, इब्राहिम रब्बानी और हिन्दुस्तान ब्यूरो प्रमुख अमरनाथ कश्यप द्वारा संयुक्त रूप से पौधारोपण कर किया गया। ट्रस्ट के खजांची तहसीन रब्बानी ने बताया कि वन विभाग के सहयोग से बाजार टांड़ में 300 फलदार एवं छायादार पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट स्वयं इन पौधों की देखरेख और सुरक्षा करेगा, ताकि लगाए गए पेड़ वास्तव में पनप सकें और स्थायी हरियाली प्रदान कर सकें। पेड़ों की सुरक्षा के लिए ट्रस्ट के 200 युवाओं की विशेष टीम तैनात की गई है जो पेड़ को मानव या पशुजनित क्षति से बचाएगी। तहसीन रब्बानी ने कहा की सरकारी संपत्ति को अपनी जिम्मेदारी मानना हर नागरिक का कर्तव्य है। पेड़ लगाना ही नहीं, उसे बचाना भी उतना ही ज़रूरी है।" ट्रस्ट के राज्य सचिव शादाब रब्बानी (गुलाब) ने जानकारी दी कि बाजार टांड़ में जल्द ही प्याऊ की शुरुआत होगी, जहां ठंडा और गर्म पानी मुफ्त में उपलब्ध कराया जाएगा। इसका निर्माण कार्य फिलहाल जारी है। इस अभियान में नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष कलीम अख्तर, अंजुमन इस्लामिया के नाजिम-ए-आला खलील अशर्फी, शादाब रब्बानी, रिंकू रब्बानी, पप्पू रब्बानी, सैफ खान रब्बानी, और डब्लू कुरैशी रब्बानी समेत ट्रस्ट के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और अपने हाथों से पौधे लगा।

### मानसिक रूप से दिव्यांग महिलाओं के बीच आवश्यक वस्तुओं का वितरण

**गुमला।** मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा शाखा, गुमला द्वारा दिनांक 13 जुलाई को जनसेवा की भावना से ओतप्रोत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय शांति सदन, अर्मी अनाथ आश्रम में किया गया। कार्यक्रम में मानसिक रूप से विकलांग महिलाओं के बीच केला, चप्पल एवं बिस्किट का वितरण कर संस्था ने सेवा, स्नेह और संवेदना का संदेश दिया। इस पुनीत कार्य में शाखा अध्यक्ष आंचल अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, शकुंतला मंत्री एवं सीमा शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी सदस्यों ने न केवल आवश्यक वस्तुएं वितरित कीं, बल्कि समय बिताकर भावनात्मक सहयोग भी प्रदान किया। संस्था की ओर से बताया गया की ऐसे सेवा कार्यों का उद्देश्य समाज के उपेक्षित और जरूरतमंद वर्गों तक मदद पहुँचाना है, और यह सिलसिला भविष्य में भी जारी रहेगा।

## अलग-अलग स्थानों में आकाशीय बिजली गिरने से एक की मौत कई घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**भरनो (गुमला)।** रविवार को भरनो प्रखंड क्षेत्र में तेज बारिश के साथ हुई आकाशीय बिजली (बज्रपात) की अलग-अलग घटनाओं में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि महिला, पुरुष और बच्चों समेत छह से अधिक लोग घायल हो गए। हादसों में मवेशी की भी मौत हुई और कई घरों को नुकसान पहुंचा। एक ही दिन में इतनी घटनाएं होने से इलाके में दहशत का माहौल है। पहली घटना करंज थाना क्षेत्र अंतर्गत जौली गांव की है। यहां के सुका उरांव (50) और गन्दूर मुंडा (50) रविवार पूर्वाह्न लगभग 11:30 बजे खेत में धान रोप रहे थे। इसी दौरान



तेज बारिश के साथ बज्रपात हुआ और दोनों उसकी चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने दोनों को तुरंत सिसई रेफरल अस्पताल पहुंचाया, जहां से सुका उरांव को गंभीर हालत में गुमला सदर अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन वहां पहुंचते ही डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। गन्दूर मुंडा का सिसई में इलाज जारी है। खटको गांव में गोबरा उरांव का बैल बिजली गिरने से मौके पर ही मर गया। बैल को खेत में चारा डाला गया था, उसी दौरान बज्रपात हुआ। तीसरी घटना नहर डीपा गांव में हुई, जहां छोटन दास के घर पर आकाशीय बिजली गिरने से छोटन दास,उनका 10 वर्षीय पुत्र रॉनी,8 वर्षीय पुत्र रॉकी एवं पत्नी घायल हो गए। वज्रपात के समय वे घर के अन्य कमरे में थे, जिससे बड़ी अनहोनी टल गई। घटना में घर का एलबेस्ट छत और घरेलू सामान क्षतिग्रस्त हो गया।

## अवैध बॉक्साइट खनन पर वन विभाग की बड़ी कार्रवाई जेसीबी व ट्रक जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर अनुमंडल के कुरूमगाड़ वन क्षेत्र के डुमरी प्रखंड कोठी लुचुतपाठ में अवैध रूप से बॉक्साइट खनन के खिलाफ वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में एक जेसीबी और एक बारह चक्का ट्रक जब्त किया गया है।मिली जानकारी के अनुसार, वन विभाग को सूचना मिली थी कि लुचुत पाठ में जेसीबी की मदद से अवैध बॉक्साइट ढुलाई की जा रही है। इस सूचना के सत्यापन के लिए डीएफओ अहमद बेलाल और चैनपुर एसडीपीओ ललित मीणा के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। इस टीम में कुरूमगाड़ वन क्षेत्र के वनकर्मी और डुमरी थाना के जवान शामिल थे।टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर सत्यापन किया और पाया कि अवैध खनन हो रहा था। मौके से जेसीबी जेएच 08 बी 8817 और एक लोडर जेसीबी मशीन जेएच 02 ए एल 0347 को जब्त कर कुरूमगढ़ वन कार्यालय, चैनपुर में रखा गया



है।वन विभाग ने इस मामले में तीन लोगों को नामजद किया है और अन्य अज्ञात लोगों की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है। यह कार्रवाई अवैध खनन के खिलाफ वन विभाग की गंभीरता को दर्शाती है।

### श्री गुरुकुल जिला स्तरीय छात्रवृत्ति परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**सिमडेगा।** बीरू कॉम्प्लेक्स स्थित श्री गुरुकुल कैरियर इंस्टीट्यूट और ए ए कंप्यूटर गुरुकुल के द्वारा आयोजित छात्रवृत्ति परीक्षा सफलता पूर्वक सम्पन्न हुई।संस्थान के निदेशक प्रीतम कुमार ने कहा कि परीक्षा में शामिल प्रथम तीन विद्यार्थियों को 10000 प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया जाएगा ,इस परिक्षा का उद्देश्य मेघावी और जरूरतमंद विद्यार्थियों को प्रतियोगिता परीक्षा और कंप्यूटर कोर्स की तैयारी परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर निशुल्क कराई जाएगी ।परीक्षा में 634 विद्यार्थियों ने भाग लिया ।सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की और परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा का परिणाम समाचार पत्र के माध्यम से प्रकाशित किया जाएगा । मौके पर संस्थान के शिक्षक अजय कुमार, रोहित, अखिल उपस्थित थे।

## एनसीसी कैडेटों ने निकाला पर्यावरण संरक्षण जागरूकता रैली



**सिसई (गुमला)।** बैजनाथ जालान महाविद्यालय सिसई में पर्यावरण संरक्षण को लेकर एनसीसी कैडेटों द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जागरूकता रैली का शुभारंभ करते हुए एनसीसी के सीटीओ डॉ श्रवण तिवारी ने कहा कि प्लास्टिक के उपयोग से हमारे जीवन में प्रतिकूल प्रभाव पड रहा है। साथ ही पर्यावरण दूषित हो रहा है। एवं उर्वरक जमीन का क्षरण हो रहा है। जिससे किसानों को कम पैदावार प्राप्त होने से महंगाई भी दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है। आमजन को प्लास्टिक का त्याग कर कागज व कपड़े से बने थैले का उपयोग करना होगा। तभी हमें और हमारे आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ वातावरण मिल पाएगा। रैली में शामिल कैडेट अपने अपने हाथों में जागरूकता नारा लिखा हुआ तख्ती लिए हुए थे। कैडेटों द्वारा "कागज बैग अपनाओ, प्लास्टिक को दुर हटाओ", "अपने गांव,शहर को स्वच्छ रखें, साथ थैला लेकर जाये", "पर्यावरण का संरक्षण करें, अपने जीवन को स्वच्छ रखें",जैसे नारे लगाए जा रहे थे। रैली महाविद्यालय परिसर से शुरू हो कर कॉलेज रोड, बरटोली रोड होते हुए वापस महाविद्यालय परिसर में सम्पन्न हुआ।

गुमला में संकुल स्तरीय शिक्षण कार्यशाला का आयोजन

## शिक्षण में एकाग्रता और गतिविधि का महत्व : अखिलेश कुमार

● नवाचार, एकाग्रता और पंचपदी पद्धति से सजे शिक्षकों के नए आयाम

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, गुमला में आयोजित संकुल स्तरीय कार्यशाला ने शिक्षा के क्षेत्र में नवीन सोच, प्रयोग और समर्पित शिक्षण दृष्टिकोण को बल देते हुए एक प्रेरणादायक मिसाल पेश की। कार्यशाला का उद्देश्य था शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण पद्धतियों से अवगत कराना और कक्षाओं को अधिक जीवंत, सहभागितापूर्ण एवं प्रभावशाली बनाना।

इस कार्यशाला में गुमला, कुदरा, भरनो, मुर्गों, ठेठईटागाँर और बसिया के सरस्वती शिशु विद्या मंदिरों व एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के आचार्य शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, प्रबंधन समिति के सचिव विजय बहादुर सिंह, सह सचिव, कोषाध्यक्ष प्रभात कुमार दास और प्रधानाचार्य



संजीव कुमार सिंहा ने दीप प्रज्वलन कर किया। उद्घाटन सत्र में अखिलेश कुमार ने कहा कि एकाग्रता और गतिविधि आधारित शिक्षण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होता है। उन्होंने कहा की शिक्षण केवल पाठ्यक्रम समाप्त करना नहीं, बल्कि बच्चों के चरित्र और कौशल विकास की नींव रखना है। गतिविधियों के माध्यम से पढ़ाई गई बातें बच्चों के मन में स्थायी स्थान बना लेती हैं। उन्होंने सरल गतिविधियों के उदाहरण प्रस्तुत करते हुए शिक्षकों को उन्हें अपने विषयों में शामिल करने की प्रेरणा दी।

### सीबीएसई की दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न



**गुमला।** डीएवी पब्लिक स्कूल, गुमला में 12 और 13 जुलाई को सीबीएसई के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम का सफल समापन हुआ। इस कार्यशाला का विषय था–"स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस", जिसमें गुमला जिले के विभिन्न विद्यालयों के लगभग 60 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लेकर स्वास्थ्य एवं शिक्षण में नवाचार को अपनाने की दिशा में सार्थक कदम उठाए। डॉ. पल्लवी सिंह ने मादक द्रव्यों की रोकथाम, स्वस्थ जीवनशैली के निर्माण तथा इंटरनेट एवं मीडिया के सुरक्षित उपयोग जैसे विषयों पर विस्तृत प्रकाश डाला। वहीं श्री विजय कुमार ने प्रजनन स्वास्थ्य, एचआईवी रोकथाम तथा हिंसा और दुर्घटनाओं से सुरक्षा जैसे संवेदनशील मुद्दों पर शिक्षक-शिक्षिकाओं को जागरूक किया। डीएवी गुमला के प्राचार्य डॉ. रमाकांत साहू ने कहा की मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस कार्यशाला में सीखी गई बातें शिक्षण प्रक्रिया में क्रांतिकारी बदलाव लाएँगी और छात्र-छात्राओं के समग्र स्वास्थ्य विकास में सहायक सिद्ध होंगी।"

## थाना परिसर में घुसा तेज रफ्तार सवारी पिकअप

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर थाना परिसर में शनिवार देर शाम एक तेज रफ्तार सवारी पिकअप वैन अनियंत्रित होकर थाने की बाउंड्री में जा घुसा। मिली जानकारी के अनुसार, पिकअप वैन कुरूमगाड़ की ओर से आ रहा था और अत्यधिक गति के काफी घुमान के कारण चालक ने नियंत्रण खो दिया।यह घटना एक बड़े हादसे में तब्दील हो सकती थी, लेकिन गनीमत रही कि कोई गंभीर चोट नहीं आई।पिकअप वैन सीधे थाना परिसर में लगी कंटीली तार की बाड़ में जा घुसा।वाहन चालक की पहचान गाड़ाटोली बेसना पाठ निवासी सुबोध असुर पिता सुधीर असुर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि चालक नशे की हालत में था। घटना के बाद थाना के जवानों और स्थानीय लोगों की मदद से सुबोध असुर को वाहन से बाहर निकाला गया और तुरंत सामुदायिक



स्वास्थ्य केंद्र, चैनपुर ले जाया गया।घटना की सूचना मिलते ही चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी और थाना के जवान मौके पर पहुंचे। उन्होंने क्षतिग्रस्त वाहन को बाउंड्री से बाहर निकालने का प्रयास शुरू कर दिया है।

## परसा गांव में सड़क निर्माण ठप

**नवीन मेल संवाददाता**

● आपसी मतभेद और ठेकेदारी विवाद के चलते कार्य शुरू ही नहीं हो पाया, और स्वीकृत फंड वापस लौट गया

**गुमला।** रायडीह प्रखंड के अंतर्गत स्थित परसा गांव, जो गुमला हेडक्वार्टर से महज़ 8 किलोमीटर की दूरी पर है, आज भी बुनियादी सुविधा सड़क से वंचित है। करमटोली–चैनपुर मुख्य पक्की सड़क से परसा गांव की ओर जाने वाला संपर्क मार्ग इतना जर्जर है कि न तो वाहन प्रवेश कर सकते हैं और न ही ग्रामीणों को पैदल चलना आसान रह गया है। बारिश के मौसम में स्थिति और भी भयावह हो जाती है। स्थानीय निवासी आनंद उरांव ने बताया कि पिछले बीस वर्षों से ग्रामीणों द्वारा कई आमसभाएं आयोजित की गईं, जनप्रतिनिधियों के माध्यम से प्रखंड व जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया, लेकिन सड़क निर्माण आज तक नहीं हो पाया। ग्रामीणों की मानें तो पिछले वर्ष ग्राम सड़क योजना के तहत परसा गांव के लिए सड़क निर्माण की स्वीकृति मिली थी, लेकिन गांव में आपसी मतभेद और ठेकेदारी विवाद के चलते कार्य शुरू ही नहीं हो पाया, और स्वीकृत फंड वापस लौट गया। वर्षात के दिनों में कच्चा रास्ता कीचड़ और दलदल में तब्दील हो जाता है, जिससे स्कूल जाने वाले बच्चों, मरीजों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि एक बार अधिकारी गांव आकर स्थिति का जायजा लें, तभी इस गांव की सड़क निर्माण की उम्मीद की जा सकती है।

### बूढ़ा महादेव में पहुंचा कांवड़ियों का जत्था पंपापुर में करेंगे जलाभिषेक

**सिमडेगा।** सावन की पहली सोमवारी के पूर्व सिमडेगा जिले के कोलेबिरा प्रखंड स्थित बूढ़ा महादेव मंदिर में कांवड़ियों का भव्य जत्था पहुंचा। झारखंड और उड़ीसा से आए श्रद्धालु देर रात मंदिर में विश्राम करने के बाद आज सुबह भजन-कीर्तन और 'बोल बम' के जयघोष के साथ पंपापुर के लिए रवाना हुए, जहां वे सोमवारी के दिन जलाभिषेक करेंगे।कांवड़ यात्रा में हाटिंगहोड़े, नौमिल, पाड़ो और उकौली गांवों से गुजरते हुए लगभग 200 कांवड़िये शामिल थे। पैदल यात्रा के दौरान श्रद्धालु "बोल बम" के नारे लगाते आगे बढ़ते रहे और पूरे मार्ग का माहौल भक्तिमय बना रहा। इस पावन अवसर पर हनुमान युवा मंच, लचरागढ़ की ओर से सेवा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कांवरियों के बीच फल और फ्रूटी वितरित किए गए। सेवा कार्य में अजय साहू, आनंद जैन, गौतम जैन, किशन अग्रवाल, राणा प्रताप साहू, अंकित साव, कन्हैया अग्रवाल, प्रभात सेठिया, मनोज अग्रवाल सहित मंच के अन्य सदस्य सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

## दो अगस्त को राजभवन के समक्ष होगा राज्य स्तरीय महाधरना

● अनुसूचित जाति समन्वय समिति ने उठाई अधिकारों की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** अखिल भारतीय अनुसूचित जाति समन्वय समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आज 13 जुलाई 2025 को पूर्व कमिश्नर डी.सी. दास की अध्यक्षता में मोराबादी, रांची में सम्पन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 2 अगस्त को राजभवन, रांची के समक्ष राज्य स्तरीय महाधरना का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों की संख्या में अनुसूचित जाति समाज के लोग शामिल होंगे।

समिति के सदस्यों ने कहा कि झारखंड में रह रहे लगभग 50 लाख अनुसूचित जाति समुदाय की समस्याओं की अनदेखी की जा रही है।

पूर्व कमिश्नर डीसी दास, संतोष रजक, शिव टहल नायक, टिंकू राम, मुकेश नायक,



राजू पासवान सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि धरने से पहले सभी वर्तमान एवं पूर्व अनुसूचित जाति विधायक, जनप्रतिनिधियों को इस आंदोलन से अवगत कराया जाएगा और उनसे सदन में मुद्दा उठाने व धरने में भाग लेने का अनुरोध किया जाएगा। समिति ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन केवल एक धरना नहीं, बल्कि संवैधानिक अधिकारों की रक्षा का व्यापक अभियान है।

इसके तहत राज्यव्यापी जन आंदोलन भी प्रारंभ किए जाएंगे। बैठक में शिव टहल नायक, टिंकू राम, जगदेव राम, बीरन राम, मुकेश नायक, अशोक रजक, डॉ. जयप्रकाश, दिलीप भुइयां, करण नायक, विनोद राजन, ई. अरुण कुमार, गोविंद वाल्मीकि, राजू पासवान, इंद्रजीत मिर्धा, महानंद चौधरी, जीवन राम समेत कई अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### ग्रामीण ने खाया कीटनाशक ईलाज के लिए लाया गया सीएचसी

**कुरडेग।** थाना क्षेत्र के हेठमा डीपाटोली में शनिवार को एक ग्रामीण ने कीटनाशक पीकर आत्महत्या करने का प्रयास किया।परिजन गंभीर अवस्था में सीएचसी कुरडेग लेकर आए जहाँ डॉ तृप्ति सोरेन के देखरेख में ईलाज किया जा रहा है।जानकारी के अनुसार डीपाटोली निवासी दिनेश्वर मांझी,उम्र 51 वर्ष ने नशे के हालत में घर में रखा कीटनाशक दवा को पी लिया।जब परिजन उसे बेहोसी के हालत में देखा और पास में कीटनाशक दवा को गिरा था । परिजन तत्काल इलाज के लिए कुरडेग सी एच से लेकर आए । वहीं डॉ तृप्ति सोरेंग ने मरीज को खतरे से बाहर बताया।

### तामड़ा शिव मंदिर में रामलीला का मंचन

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर प्रखंड के तामड़ा स्थित शिव मंदिर प्रांगण में उत्तर प्रदेश, प्रयागराज से आई हुई रामलीला मंडली द्वारा रामलीला मंचन का आयोजन किया गया है। सावन माह के शुभ अवसर पर शुरू हुए इस धार्मिक आयोजन के पहले दिन ताड़का वध की कथा का सजीव मंचन किया गया।मंडली के सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य धार्मिक और सांस्कृतिक चेतना को बढ़ावा देना है। आयोजन में गांव के महिला, पुरुष, युवा और बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित होकर धार्मिक आस्था और संस्कृति से जुड़ाव प्रदर्शित कर रहे हैं।अशोक केसरी ने बताया कि यह कार्यक्रम नौ दिनों तक चलेगा, जिसमें भगवान राम के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का मंचन किया जाएगा। राम जन्म, सीता स्वयंवर, वनवास, रावण वध जैसे प्रसंगों को दर्शकों के सामने जीवंत रूप में प्रस्तुत किया जाएगा।

### थॉमस फुटबॉल टूर्नामेंट की तैयारी पूरी

**सिमडेगा।** 26वां वीर शहीद थॉमस सोरेगं फुटबॉल टूर्नामेंट को सफल बनाने के उद्देश्य से तैयारी बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता अमित डुंग डुंग ने की। बैठक में टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर विस्तृत रणनीति बनाई गई और जिम्मेदारियां तय की गईं।मैदान की तैयारी हेतु कंचन कबीर, राजेश कुमार सिंह, मरियाणास एक्का, कमांडो, समीउल्लाह को जिम्मेदारी सौंपी गई। चंदा संग्रह का कार्य समशुल अंसारी, कुलदीप मिंज, अमित डुंग डुंग, प्रताप बड़ा, संदीप मिंज को सौंपा गया। रेफरी के ठहराव और भोजन की व्यवस्था की देखरेख सुबास महतो और घनश्याम महतो करेंगे।

“विद्यार्थी को चाहिए कि वह अपने समाज और देश के प्रति जागरूक रहे। उसे अपने समाज और देश की समस्याओं के बारे में सोचना चाहिए और उनका समाधान खोजने का प्रयास करना चाहिए।” - हजारी प्रसाद द्विवेदी

## संपादकीय

### आसमान को क्या छोड़ेंगे?

मानव स्वभाव है विस्तारवादी और वर्चस्व की दौड़ नदी नालों पर मनमाने ढंग से कब्जा करने के बाद अंतरिक्ष भी निशाने पर है। विज्ञान-कथा कहानियों में, अक्सर कंपनियों द्वारा चंद्रमा या क्षुद्रग्रहों पर खनन का जिक्र मिलता है, जो अब 'हकीकत' बनता जा रहा है। चंद्रमा जैसे खगोलीय पिंडों में बहुमूल्य संसाधन मौजूद हैं, जैसे लूनर रेगोलिथ (चंद्रमा की धूल) और हीलियम-3। इनका उपयोग रॉकेट प्रणोदक, ऊर्जा उत्पादन और लंबी अंतरिक्ष यात्राओं को संभव बनाने में हो सकता है, जिससे अंतरिक्ष और पृथ्वी, दोनों को लाभ होगा। इसके लिए सबसे पहले जापान की अंतरिक्ष कंपनी आईस्पेस ने 2020 में नासा के साथ एक अनुबंध किया था, जिसमें चंद्र धूल को इकट्ठा करने और इसके स्वामित्व को हस्तांतरित करने की बात थी। हाल ही में, आईस्पेस ने अपने रेजिलिएंस लूनर लैंडर को चंद्रमा पर उतारने की कोशिश की, जो विफल रही। फिर भी, यह प्रयास अंतरिक्ष संसाधनों के व्यवसायीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम था। ऐसे में सवाल उठता है, अंतरिक्ष संसाधनों के दोहन को नियंत्रित करने वाले नियम क्या हैं? अंतरिक्ष गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए 1967 में आउटर स्पेस ट्रीटी की गई थी, जिसे बाह्य अंतरिक्ष संधि कहते हैं। इस संधि के बाद से अंतरिक्ष गतिविधियां बदल चुकी हैं। 1957 में स्पूतनिक-1 (पहला उपग्रह) के लॉन्च के बाद 60 वर्षों में हर साल 500 से कम अंतरिक्ष पिंड प्रक्षेपित किए गए। लेकिन 2018 के बाद यह संख्या हजारों में पहुंच गई, और 2024 में करीब 3,000 लॉन्च हुए। इस कारण, आउटर स्पेस ट्रीटी को संसाधन दोहन की वर्तमान जटिलताओं से निपटने के लिए अपर्याप्त माना जाता है। स्थिति यह है कि संधि का अनुच्छेद दो केवल भू-क्षेत्र के विनियोजन पर प्रतिबंध लगाता है, संसाधनों के खनन पर नहीं।अब हम अंतरिक्ष कानून के विकास के अहम मोड़ पर हैं। इसलिए बहस छोड़कर यह सुनिश्चित करें कि अंतरिक्ष संसाधनों का खनन सुरक्षित और जिम्मेदारी से हो। अंतरिक्ष संसाधनों के प्रबंधन में एक महत्वपूर्ण प्रगति 'आर्टेमिस समझौता' रहा है, जिस पर जून 2025 तक 55 देशों ने हस्ताक्षर किए। इसकी धारा 10 स्पष्ट करती है कि संसाधनों का दोहन विनियोग नहीं माने जाने के कारण संधि का उल्लंघन नहीं करता है। बहुपक्षीय वार्ताओं की धीमी गति को देखते हुए कुछ देशों ने अपने राष्ट्रीय कानून भी बनाए हैं, जो निजी कंपनियों को अंतरिक्ष संसाधन खनन की अनुमति देते हैं। अब तक छह देशों- अमेरिका, लग्जमबर्ग, संयुक्त अरब अमीरात, जापान, ब्राजील और इटली ने ऐसे कानून पारित किए हैं। इनमें से, लग्जमबर्ग का कानून सबसे पूर्ण है, यह अंतरिक्ष संसाधनों के दोहन का अधिकार देने के लिए कई जरूरी शर्तें निर्धारित करता है। इसी व्यवस्था के तहत आईस्पेस को अंतरिक्ष खनन का लाइसेंस मिला है। वहीं अलग-अलग देश अलग-अलग मानक और दृष्टिकोण अपना रहे हैं। एक समन्वित वैश्विक दृष्टिकोण की जरूरत को समझते हुए संयुक्त राष्ट्र की शांतिपूर्ण अंतरिक्ष उपयोग समिति ने एक कार्य समूह बनाया है। मई 2025 में इसके अध्यक्ष स्टीवन फ्रीलैंड ने कुछ सिद्धांतों का मसौदा पेश किया कि अंतरिक्ष में गतिविधियां सुरक्षित होनी चाहिए और पर्यावरण की सुरक्षा भी हो। यह समूह 2027 तक अपनी अंतिम रिपोर्ट देगा, लेकिन इन सिद्धांतों की गैर-बाध्यकारी प्रकृति चिंताएं पैदा करती है। जैसे-जैसे इन्सान अंतरिक्ष संसाधनों के दोहन और उपयोग के करीब पहुंच रहा है, वैसे-वैसे एक सुसंगत और जिम्मेदार शासन प्रणाली की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक हो गई है।

*विज्ञान-कथा कहानियों में, अक्सर कंपनियों द्वारा चंद्रमा या क्षुद्रग्रहों पर खनन का जिक्र मिलता है, जो अब 'हकीकत' बनता जा रहा है।*

# जेठ की तपन झेलने वालों को ही मिलती है सावन की फुहार

बहुप्रतीक्षित सावन अपने चरम पर पहुंच गया है। बाबा वैद्यनाथ की नगरी में हर ओर हर-हर बम की आवाज गूंज रही हैं। कोई हर-हर महादेव का उच्चारण कर रहा है तो कोई हर-हर बम का जप कर रहा हैं। पवित्र सरोवर शिवगंगा तट पर हर-हर गंगे का कर्णप्रिय उद्घोष करने वालों की भी कमी नहीं है।



### आराधना का अवसर

उल्लेखनीय है कि देवघर में सावन का आना खास मायने रखता है। ऐसा नहीं कि केवल देवघरवासी ही मनभावन सावन की प्रतिक्षा करते है, बल्कि हर वह व्यक्ति जिसमें आस्था हो, समर्पण हो और कर्मठता हो वह साल के ग्यारह माह सावन की प्रतिक्षा करता हैं। सावन साधना का माह है। यह अराधना का अवसर है। रिमझिम वर्षा के प्राकृतिक संगीत में शिव के भजन का शास्त्रीय या लोकसंगीत का घोलमेल आध्यात्मिकता प्रदर्शित करता हैं। इसे कोई शिवभक्त ही अनुभव कर सकता है।

### शिव के नाम में शक्ति है

सुख के अवसर पाने के लिए दुःख का दरिया पार करना पड़ेगा। शिव का नाम लीजिए तो निश्चित ही दुःख का दरिया मात्र कदम भर का ही मालूम पड़ेगा। विश्वास न हो तो वर्षभर बेशकीमती गाड़ियों से यात्रा करने वाले उस कावरिया से पूछ लीजिए कि उन्होंने आखिर 105 किलोमीटर की दूरी नंगे पांव पैदल चलकर कैसे पूरी कर ली? उत्तर मिलेगा-बस! भोलेनाथ का नाम लेते रहे और चलते रहे! कावरियों के होंठ पर शिव का नाम होता है। वे “बम” बोलते हुए चलते है जो साक्षात शिव का प्रतिक है। दूसरों को भी “बम” की शक्ति मिले, अतः दूसरे कावरियों के लिए वे “बोल बम” का जयकारा लगाते चलते हैं। दूसरे कावरियों के लिए “बोल बम” बोला, और स्वयं भी शक्ति पा ली। यही वह संदेश है जो बताता है कि परोपकार से स्वतः ही अपना भी भला हो जाता है। वास्तव में शिव के नाम में शक्ति है। पिता शिव के साथ सदैव माता शक्ति रहती है जो शिव भक्तों को अपनी शक्ति का का अंश प्रदान करती रहती है। जेठ दुःख का दरिया है तो सावन सुख का सागर। देखिए नहीं, महसूस कीजिए कांवर यात्रा को सावन उपासना-आराधना का अवसर है। लाखों के संख्या में भक्तगण कंधे पर कांवर लिए शिवमंत्र का जप करते 105 किलोमीटर दूर सुल्तानगंज से नंगे पांव नदी-नालों, खेत-खलिहानों, जंगल-पहाड़ों को पार कर भूखे-प्यासे बाबा वैद्यनाथ को जलार्पण करने देवघर आते है। यह सामान्य तप नहीं हैं। कांवरिया पथ के किनारे चुपचाप खड़े होकर देख लें, भारतीयों की आस्था का स्वतः अनुभव हो जाएगा। आस्था और विश्वास से लवरेज कावरियों की टोली में आपको कई हठयोगी मिल जाएंगे, कर्मयोगी मिलेंगे, वैरागी मिलेगा, अनुरागी मिलेगा, विशुद्ध गृहस्थ मिलेगा, निर्धन मिलेगा और धनवान भी! पर, कांवर यात्रा में उनका कोई अपना अस्तित्व नहीं रह जाता है, सभी एक हो जाते है, सभी केवल “बम” हो जाते है। अर्थात शिव के दरबार में जाने वाले सभी समान हो जाते हैं, अहंकार शून्य हो जाते हैं। कितना अच्छा होता की सभी सदैव अहंकार शून्य ही रहते, शिवमय ही रहते तो हिंसा का अस्तित्व ही मिट जाता! क्या शिवभक्त ऐसा नहीं कर सकते? कांवरिया पथ पर आपको ऐसे-ऐसे “बम” मिल जाएंगे, जिनको देख कर हृदय द्रवित हो जाता है। भगवान पांव नहीं दिए या शायद देकर छीन लिए लेकिन कंधे पर बाबा के नाम का संकल्प लेकर चले आ रहे है बाबाधाम। किसी की आंख की ज्योति चली गई है लेकिन भगवान से आस्था नहीं गई हैं। अतः जल चढ़ाने कांवर लेकर चल पड़े है बाबानगरी की ओर, परिजन के सहारे प्रतिवर्ष सावन मास में लगभग 50 लाख लोग बिहार के भागलपुर जिला स्थित सुल्तानगंज से कांवर में गंगाजल लाकर झारखंड के देवघर जिला स्थित बाबा वैद्यनाथ को अर्पित करते है।

आज की बात



श्रीयम त्रिपाठी

### श्रृंगार का मौसम

सावन और श्रृंगार का अन्योन्याश्रय संबंध हैं। प्रकृति श्रृंगार करके हरी-भरी हो उठती है, जिसका असर मानव पर भी पड़ता हैं। भारतीय तरुणियों व विवाहिताओं के सजने-संवरने का यह विशेष मौसम है। हाथ में मेंहदी रचाने की बात हो या पांव में महावर लगाना हो, सावन सर्वोत्तम माना जाता हैं। अपने भाई के भाल पर बहन के हाथ का तिलक और कलाई पर राखी सावन में ही शोभायमान होती है। कजरी की तान सुननी हो या फिर बाग में लगे झूलों का आनंद लेना हो, यह सारा कुछ सावन में ही मनभावन लगता हैं।

### जेठ की तपन व सावन की फुहार

सृष्टि का संरक्षक और श्रृंगार के अवसर का माह है सावन। इस माह में सृष्टि के बीज अंकुरित होते है, तभी तो किसान वर्षभर सावन की प्रतिक्षा करते है। भारत में सर्वाधिक वर्षा सावन में ही होती है। वर्षा से ही अन्न उपजता है, ग्रीष्म ऋतु में जेठ की तपन से सूख रही वनस्पति को हरा-भरा होने का अवसर मिलता हैं, जिसे ग्रहण कर सृष्टि के प्राणी जीवन पाते है। अतः सावन सृष्टि का संरक्षक है। जो जेठ की तपन को झेल नहीं पाता, उसे सावन की फुहारों का आनंद नहीं मिल पाता। सावन का आनंद लेने के लिए जेठ की तपन को झेलना ही पड़ेगा। पूरे जेठ कड़ी धूप को सहन करने वाली वनस्पति को ही सावन की फुहारों में लहलहाने का अवसर मिलता है। सावन की हरियाली का क्या कहना! सावन की फुहार बरसते ही धरती की चुनर धानी हो जाती है। पौधों के चहरों पर मुस्कान तैर जाती है। पेड़-पौधे पुष्पित-पल्लवित हो जाते है। इसी माह सृष्टि का, जगत का श्रृंगार होता है, जो जेठ में उजड़ा सा, विधवा जैसा नजर आता है। सच में, यही जगत का आधार भी है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

### बरसात में बीमारियों से बचाव के लिए योग प्राणायाम



बरसात में चिलचिलाती गर्मी से राहत मिलती है पर कई स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियाँ से भी सामना होता है। बच्चे युवा महिलाएं युवतियां, बुजुर्ग यह सभी वायरल संक्रमण व बैक्टीरिया का शिकार हो जाते हैं जिससे गले में दर्द सांस लेने में तकलीफ सर दर्द आंखों में दर्द, तेज बुखार आदि बीमारियां शरीर को जकड़ लेती हैं इन आम बीमारियों के बारे में जागरूक होना और योग को अपनी दिनचर्या मै निवारक उपाय के रूप में शामिल करना आवश्यक हो गया है और योग इस मौसम में आपके स्वास्थ्य की रक्षा करने में मदद कर सकता हैलेप्टोस्पायरोसिस संक्रमित जानवरों के मूत्र से प्रदूषित पानी में बैक्टीरिया के कारण होता है। इसके लक्षणों में गंभीर सिरदर्द, तेज बुखार, मांसपेशियों में दर्द, ठंड लगना, आंखों का लाल होना, पेट में दर्द , पीलिया और दस्त शामिल हैं। बिना इलाज के, यह गंभीर रूप ले सकता है। शरीर पर कट लगने या खरोंच आने के माध्यम से बैक्टीरिया शरीर में प्रवेश करते हैं और लीवर एवं किडनी को प्रभावित करते हैं। यह संक्रमण लेप्टोस्पाइरा जीनस के बैक्टीरिया के कारण होता है। योग प्राणायाम के अभ्यास से हमारे अंदर उच्च इम्यूनिटी क्षमता विकसित होती है जिससे हमारे शरीर मैं रोगों से लड़ने की क्षमता विकसित हो जाती है, और हमारे शरीर के अंदर कोई भी वायरस और बैक्टीरिया प्रवेश नहीं कर पाता जिससे हम विभिन्न प्रकार के वायरल संक्रमण व रोगों से बचे रहते हैं, बरसात के मौसम में सबसे उपयोगी योग अभ्यास के अंतर्गत साधक सूर्य नमस्कार, उत्तांनासना, पर्वतआसन, परिवृत पाश्वर्वकोणासन, पश्चिमोतानासन, नाड़ी शोधन प्राणायाम सुदर्शन योग क्रिया, आज्ञा चक्र पर ध्यान आदि के अभ्यास से हम पूर्ण रूप से बारिश में जन्म लेने वाले वायरस व बैक्टीरिया से अपने शरीर की सुरक्षा कर सकते हैं इसके अलावा बारिश के मौसम में हमारी आहारचर्या पर हमें ध्यान रखना होगा और साथ में ही हम गिलोय अमृता को काढ़े के रूप मै सेवन और तुलसी अर्क का सेवन 1 सप्ताह में दो बार जरूर करे जिससे वायरल संक्रमण व बैक्टीरिया से तो बचाव होगा ही हमें कई स्वास्थ लाभ मिलेंगे, सुबह उठते से ही सर्वप्रथम गुनगुना पानी पिए, जिनको वायरल संक्रमण हो गया है वह पानी उबालकर ही पिए ज्यादा हरी सब्जियां खाने से बचें, गुड, अजवाइन दालचीनी, लहसुन, अदरक, काली मिर्च, लौंग का का काढा बनाकर जरूर ले जिससे कफ खासी सर्दी जुखाम मै लाभ होगा और रात में सोने से पहले गर्म पानी में हल्दी, काला नमक डालकर गरारे करे जिससे गले के इंफेक्शन से बचा जा सकता है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

सेहत की बात



योगाचार्य महेश पाल

# सड़क मांगोगे तो गड्ढे मिलेंगे तारीख मांगो नेताजी मिलेंगे

सड़क बनाना? अरे भैया, ये तो वैसा ही सपना है जैसे ऊँट को झूले पर झुलाना। टेंडर की टकटकी, बजट की बकबक, ठेकेदार की ठिठोली, अफसरों की आँख-मिचौली-सब मिलकर सड़क का ऐसा भट्ठा बिठाते हैं कि बनने से पहले ही उसके भाग्य में गड्ढे आरक्षित हो जाते हैं। ऊपर से बारिश की रिमझिम तो जैसे ठहाका मारती है-“चलो भई, जितनी मिट्टी लगाई थी, सब बहा ले चलूँ!” लेकिन असली तमाशा तो तब शुरू होता है, जब एक गर्भवती औरत सडक की गहार लगाती है-उसके लिए ये रास्ता नहीं, जिन्दगी-मौत की बाज़ी है। और नेताजी का जवाब सुनिए-“ डिलीवरी की डेट बताओ, हम एक हफ्ते पहले उठवा लेंगे!” वाह नेताजी, ये क्या गजब का जुगाड़ निकाला है! सड़क बना दी तो गड्ढे पनपेंगे, गड्ढों की शिकायतें बरसेंगी, अखबार में फोटो छपेगा, ट्विटर पर ट्रेंड होगा-तो ये सब सिरदर्द क्यों मोल लें? तारीख का तड़का लगाओ, गाड़ी का 'ड्रामा' दिखाओ, और वाहवाही की मलाई चाट लो। ये है नेताजी का धांसू दिमाग-न सड़क की झंझट, न गड्ढे, न बजट की फाँसी, बस 'तारीख बताओ' की तुरुप चाल और जनता का जोकरखाना हर बार हाउसफुल। नेताजी का ये जवाब तो सियासी नौटंकी के वर्ल्ड कप में सीधा हैट्रिक मारने जैसा है। सड़क बनाना? अरे भाई, वो तो बेकार का बखेड़ा है। सड़क बनी तो गड्ढे होंगे, गड्ढे होंगे तो जनता यूँ चीखेंगी, और फिर नेताजी को सफाई देनी पड़ेगी कि गड्ढे कैसे आए। तो क्यों न इस सारे नाटक से पिंड छुड़ाया जाए? नेताजी ने तो गजब का गुर बता दिया-सड़क की मांग को तारीख में टरकाओ, और जिम्मेदारी को धुएँ में उड़ा दो। जनता पूछे-“सड़क कब बनेगी?” नेताजी बोलें-“पहले डिलीवरी की तारीख बताओ, गाड़ी भेज देंगे।” वाह! गजब की लोकतांत्रिक 'होम डिलीवरी' सर्विस। सड़क बनाओगे तो गड्ढे पैदा होंगे, शिकायतें जन्म लेंगी, अखबार में फोटू छपेगा, विपक्ष हल्ला मचाएगा। इससे कहीं आसान है ये सियासी तमाशा-एक फोन उठाओ, चार चमचे तैनात करो, और तारीख का ड्रामा रच दो। नेताजी, आप तो सियासत के ब्लॉकबस्टर हीरो निकले-एक डायलॉग, और जनता खड़े होकर ताली बजाए, ठेकेदार को बोनस मिले, और आप अगले चुनाव के पोस्टर पर मुस्कराते रहो। हमारे देश में सड़कें तो वैसे भी सियासी तमाशे का टेंट हैं। हर चुनाव में सड़कें चमकती हैं-पोस्टरों पर, प्रचार में, और नेताओं के झूठे झांसे में। लेकिन हकीकत? कीचड़ का कचरा, गड्ढों का गाना, और धूल का धमाल। और जब कोई गर्भवती महिला सड़क मांगे, जिसके लिए ये रास्ता अस्पताल तक की जिंदगी का सवाल है, तो नेताजी का जवाब है, “तारीख बता!” अरे, सड़क बनाकर गड्ढों की गालियां क्यों सुनें? गड्ढे तो हमारे रास्तों का रुतबा हैं, और शिकायतें तो जनता का रोज़ की जुगाली। नेताजी ने तो एक तीर से सारी सियासत साध ली-सड़क की बात टालो, तारीख पर आओ, और गाड़ी से गदगद कर दो। ये है असली सियासी सलामी-न सड़क बने, न गड्ढे हों, न जनता खुश, न नेताजी परेशान। सब कुछ वही का वही, बस तारीख बदलती रहे और नेताजी की वाहवाही का तांबा चमकता रहे! नेताजी का बयान तो सियासी कॉमेडी का ब्लॉकबस्टर ट्रेलर है, जो समस्याओं को हल करने की बजाय उन्हें हंसी का ओवरडोज़ दे देता है! सड़क न होना? अरे, वो तो बस ट्रेलर का टीज़र है! जनता को चाहिए असली मसाला-सियासी सर्कस का तमाशा, और नेताजी ने रंग-बिरंगा रायता फैलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। सड़क बनाओ तो गड्ढे, गड्ढों की शिकायत, तो फिर ड्रामे का क्या फायदा? बस तारीख पूछो, गाड़ी भेजो, और जनता को हंसी के ठहाकों में डुबो दो! ये तो वैसा ही है जैसे कोई भूखा रोटी मांगे, और नेताजी कहें, “टाइम बता, हम व्यवस्था कर भिजवा देंगे!” नेताजी का ये फंडा सियासी गुरुकुल का पीएचडी लेवल का मंत्र है-समस्या कितनी भी गहरी हो, एक तारीख पूछ लो, और पूरी सियासत को चुटकियों में चटपटा कर दो! अरे वाह, नेताजी ने तो इस बयान से पुरुषवादी सोच का ऐसा झकाझक झंडा फहराया कि महिलाओं की तकलीफ भी मसखरी का मसाला बन गई! एक गर्भवती महिला की गुहार को तारीख के तमाशे में टरकाना-ये तो सियासी जादूगरी का ऑस्कर लेवल का करतब है! सड़क बनाओ तो गड्ढे, गड्ढों से बचने का सबसे जबरदस्त फंडा? सड़क को ही भूल जाओ, भई! तारीख मांगो, गाड़ी भेजो, और दिखाओ कि सियासत का दिल कितना “संवेदनशील” है! नेताजी ने तो गजब का गुर सिखा दिया-सड़क बनाने की मेहनत से तो सौ गुना आसान है एक तारीख पूछ लेना। न सड़क बने, न गड्ढे हों, न कोई सवाल उठे-बस एक चटपटा जवाब फेंको, और सियासी सर्कस को सुपरहिट कर दो!

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

व्यंग्य की बात



प्रो आरके जैन

### फेसबुक वॉल से




### एक्स से




### आज का दोहा

पंथ पराये हो गये, बैरी सुगढ़ विचार।
ऐसी ओढ़ी ओढ़नी, जिसमें छेद हजार।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# अमेरिका पर ही भारी पड़ने वाला है टैरिफ युद्ध

अमेरिकी में डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के साथ ही दुनिया के लगभग समस्त देशों के साथ अमेरिका द्वारा टैरिफ युद्ध की घोषणा कर दी गई है। किंतु अमेरिका विभिन्न देशों से होने वाले आयात पर भारी भरकम टैरिफ लगाकर एवं टैरिफ की दरों में बार-बार परिवर्तन कर इस टैरिफ युद्ध को किस दिशा में ले जाना चाह रहा है, इस सम्बंध में अब तक स्पष्टता का पूर्ण अभाव दिखाई देता है। इसे यदि भारत के संदर्भ में देखें तो ट्रम्प द्वारा कई बार यह घोषणा की गई है कि वह भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौता शीघ्र ही सम्पन्न करेगा। इसके लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल अमेरिका गया भी और निर्धारित समय सीमा से अधिक समय तक वहां रहकर द्विपक्षीय समझौते के अंतिम रूप को अमेरिकी राष्ट्रपति के समक्ष प्रस्तुत करने में भी सफल रहा, परंतु अभी तक अमेरिका द्वारा इस द्विपक्षीय व्यापार समझौते की घोषणा नहीं की जा सकी है। दूसरी ओर इस बीच अमेरिका ने कई देशों के विरुद्ध टैरिफ की दरों को बढ़ा दिया है। विशेष रूप से जापान एवं दक्षिणी कोरिया से अमेरिका को आयात होने वाली वस्तुओं पर 1 अगस्त 2025 से 25 प्रतिशत की दर से टैरिफ लगाया जाएगा। इसी प्रकार, 12 अन्य देशों से अमेरिका में होने वाले आयात पर भी टैरिफ की बढ़ी हुई नई दरें लागू किये जाने का प्रस्ताव किया गया है। इस सम्बंध में अमेरिकी राष्ट्रपति ने इन 14 देशों के राष्ट्राध्यक्षों को पत्र भी लिखा है। फिलहाल भारत इस सूची में शामिल नहीं है। पूर्व में अमेरिका द्वारा चीन से आयात होने वाले उत्पादों पर भारी भरकम टैरिफ की घोषणा की गई थी। चीन ने भी अमेरिका से होने वाली आयातित वस्तुओं पर लगभग उसी दर पर टैरिफ लागू करने की घोषणा कर दी थी। साथ ही, चीन ने विभिन्न देशों को दुर्लभ खनिज पदार्थों (रेयर अर्थ मिनरल) के निर्यात पर रोक लगा दी थी। कहना होगा कि अमेरिका में चीन के इस निर्णय का बहुत गहरा प्रभाव पड़ा था। जिसके दबाव में अमेरिका ने चीन के साथ व्यापार समझौता करते हुए चीन से आयात होने वाली विभिन्न वस्तुओं पर टैरिफ की दरों को तुरंत कम कर दिया। अमेरिका द्वारा इसी प्रकार का एक द्विपक्षीय व्यापार समझौता ब्रिटेन के साथ भी सम्पन्न किया जा चुका है। पूर्व में, ट्रम्प प्रशासन ने 90 दिवस की अवधि में 90 देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते करने की बात कही थी तथा 90 दिवस की समयावधि 9 जुलाई को समाप्त होने के पश्चात भी केवल दो देशों ब्रिटेन एवं चीन के साथ ही द्विपक्षीय व्यापार समझौता सम्पन्न हो सका है। वैश्विक स्तर पर अमेरिका द्वारा छेड़े गए इस टैरिफ युद्ध से निपटने के लिए भारत एक विशेष रणनीति के अंतर्गत कार्य करता हुआ दिखाई दे रहा है। भारत ने वैश्विक मंच पर न तो अमेरिका के टैरिफ की दरों में वृद्धि सम्बंधी निर्णयों की आलोचना की है और न ही भारत में अमेरिका से आयातित वस्तुओं पर टैरिफ बढ़ाने की धमकी दी है। बल्कि, भारत ने तो अमेरिका से आयात होने वाली कुछ विशेष वस्तुओं पर टैरिफ को कम कर दिया है। दरअसल, भारत इस समय विकास के उस चक्र में पहुंच गया है जहां पर भारत को अपना पूरा ध्यान आर्थिक क्षेत्र को आगे बढ़ाने पर केंद्रित करने की आवश्यकता है। भारत को यदि वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में शामिल करना है तो आगे आने वाले लगभग 20 वर्षों तक लगातार लगभग 8 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर को बनाए रखना अति आवश्यक है। इसलिए भारत एक विशेष रणनीति के अंतर्गत अपने आर्थिक विकास पर अपना ध्यान केंद्रित करता हुआ दिखाई दे रहा है। भारत के रूस के साथ भी अच्छे सम्बंध हैं तो अमेरिका से भी अपने सम्बन्धों को सामान्य बनाए रखने के लिए प्रयत्नशील है। भारत के इजरायल के साथ भी अच्छे सम्बंध हैं तो ईरान के साथ भी भारत के व्यापारिक सम्बंध हैं। रूस एवं यूक्रेन युद्ध के बीच भी भारत ने दोनों देशों के साथ अपना संतुलित व्यवहार बनाए रखा है। इसी कड़ी में, चीन के साथ भी आवश्यकता अनुसार बातचीत का दौर जारी रखा जा रहा है, बावजूद इसके कि कई बार अंतरराष्ट्रीय मंचों पर चीन अप्रत्यक्ष रूप से भारत के विरुद्ध कार्य करता हुआ दिखाई देता है। अभी हाल ही में चीन ने भारत को दुर्लभ खनिज पदार्थों (रेयर अर्थ मिनरल) की आपूर्ति पूर्णतः रोक दी है। साथ ही, मानसून का मौसम भारत में प्रारम्भ हो चुका है एवं भारत में कृषि क्षेत्र में गतिविधियां अपने चरम स्तर पर पहुंच गई हैं, ऐसे अत्यंत महत्वपूर्ण समय पर चीन द्वारा भारत को उर्वरकों की आपूर्ति पर परेशनियां खड़ी की जा रही हैं। चीन द्वारा समय-समय पर भारत के लिए खड़ी की जा रही विभिन्न समस्याओं के हल हेतु भारत ने विश्व के पूर्वी देशों एवं विश्व के दक्षिणी भाग में स्थित देशों की ओर रूख किया है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



प्रहलाद सबनानी

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# मध्य प्रदेश: जबलपुर से 101 कांवड़ियों ने बैजनाथ धाम के लिए किया प्रस्थान

**जबलपुर (आईएएनएस)**

सावन के शुरू होने के साथ ही कांवड़ियों में अलग सा उत्साह देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में जबलपुर कांवर संघ द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी बाबा बैजनाथ धाम कांवर यात्रा का आयोजन किया गया। आयोजित की जाने वाली बाबा बैजनाथ धाम कांवर यात्रा का इस वर्ष भी श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ आयोजन हो रहा है। इस साल बैजनाथ धाम कांवर यात्रा जगद्गुरु स्वामी राघव देवाचार्य महाराज के पावन सानिध्य एवं आशीर्वाद में रवाना हुई। वहीं, संघ के अध्यक्ष एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल के नेतृत्व में यह भव्य यात्रा



36 वर्षों से बना हुआ है आस्था का क्रम

महानगरी एक्सप्रेस, जबलपुर स्टेशन से बाबा बैजनाथ धाम (देवघर) के लिए निकली। कांवड़ यात्रा में शामिल भक्तों के बीच श्रद्धा, भक्ति और उत्साह देखने को मिला। इस वर्ष यात्रा में जबलपुर से लगभग 101 कांवड़िए शामिल हुए हैं, जो बिहार के सुल्तानगंज से पवित्र गंगा जल लेकर, लगभग 105 किलोमीटर की पैदल यात्रा करते हुए देवघर पहुंचेंगे और भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। यह यात्रा लगातार 36वें वर्ष आयोजित की जा रही है, जो श्रद्धालुओं की आस्था, सेवा भावना और बाबा बैजनाथ के प्रति अटूट श्रद्धा का प्रतीक है। जगद्गुरु स्वामी राघव देवाचार्य ने आईएएनएस से बात करते हुए कांवड़ यात्रा पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा, "संस्कार दानी संस्कारों के लिए पहचानी जाती है। हमारे नगर निगम एमआई के पार्षद कमलेश अग्रवाल का समाज को जोड़ने और धर्म से बांधने का काम विशेष रहता है। सभी के प्रति आत्मीय भाव रखते हैं। वो लगातार 36 सालों से कांवड़ यात्रा करते हैं। कई किलोमीटर की यात्रा पैदल करते हैं। उनकी यात्रा में भक्तों को बहुत खुशी मिलती है और इस यात्रा में प्रत्येक वर्ष 100 से 150 लोग शामिल होते हैं। सभी भगवान के घर देवघर जाते हैं। मैं सभी भक्तों को आशीर्वाद देता हूं कि वो अच्छे से बाबा का दर्शन करें, यात्रा सुखद हो और वापस आएं।

आयोजक कमलेश अग्रवाल ने बताया, "प्रत्येक वर्ष के अनुसार इस वर्ष भी हम सभी कांवड़ियां बैद्यनाथ धाम के लिए प्रस्थान किए हैं। यह हमारी 36वें वर्ष की यात्रा है। सुल्तानगंज से जल भर हम लगभग 122 किलोमीटर पैदल चलते हैं। बाबा बैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग हैं, वहां पर हमारी जो भी मनोकामना होती है वो पूरी होती है। सभी कांवड़ियों में बहुत उत्साह है और आने वाले समय में हमारी संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।

## अमरनाथ यात्रा : जम्मू आधार शिविर से 7,000 से अधिक तीर्थयात्रियों का जत्था रवाना

दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए रविवार को 7,049 तीर्थयात्रियों का 12वां जत्था जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुआ। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि 1,423 महिलाओं, 31 बच्चों और 136 साधुओं व साध्वियों सहित तीर्थयात्री तड़के कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अलग-अलग काफिलों में अनंतनाग के नुनवान-पहलगाम और गांदरबल के बालटाल आधार शिविरों के लिए रवाना हुए। अधिकारियों ने बताया कि 4,158 तीर्थयात्री 148 वाहनों के काफिले में पहलगाम आधार शिविर जा रहे हैं, जबकि 138 वाहनों में सवार 2,891 तीर्थयात्री बालटाल मार्ग पर बढ़ रहे हैं। अमरनाथ की 38 दिवसीय वार्षिक तीर्थयात्रा तीन जुलाई को दोनों मार्गों से शुरू हुई और यह नौ अगस्त को रक्षाबंधन के दिन समाप्त होगी।

# बिहार की वोटर लिस्ट में बांग्लादेशी नेपाली, म्यांमारियों के नाम भी शामिल

## तेजस्वी यादव-प्रशांत किशोर ने दी प्रतिक्रिया

**पटना । एजेंसी**

बिहार की मतदाता सूची में विदेशी नागरिकों के नाम शामिल होने के खुलासे ने राज्य में एक बड़ा राजनीतिक संकट खड़ा कर दिया है। बताया जा रहा है कि मतदाता सूची में बांग्लादेश, नेपाल और म्यांमार मूल के लोगों के नाम पाए गए हैं, जिसने चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर सवालिया निशान लगा दिया है। इस चौंकाने वाली जानकारी के बाद भारतीय जनता पार्टी ने विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा है, खासकर उन पर जो मतदाता सूची पुनरीक्षण का विरोध कर रहे थे। अब इस गंभीर आरोप पर राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव और जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने भी अपनी राय व्यक्त की है, जिससे यह मुद्दा और गरमा गया है।

**विदेशी नामों के खुलासे पर तेजस्वी ने क्या कहा? :** इस मुद्दे पर पूछे जाने पर, राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा, 'ये सूत्र कौन हैं? ये वही सूत्र हैं जिन्होंने कहा था कि इस्लामाबाद, कराची और लाहौर पर कब्जा कर लिया गया है। ये सूत्र को हम मूत्र समझते हैं। SIR आखिरी बार 2003 में यूपीए सरकार में किया गया था। तब कई चुनाव हुए हैं, उन चुनावों में हम 3-4 लाख वोटों से हारे हैं। क्या इसका मतलब है कि इन सभी विदेशियों ने पीएम मोदी को वोट दिया? इसका मतलब है कि मतदाता सूची में किसी भी संदिग्ध तत्व के नाम जुड़ने के लिए एनडीए दोषी है। इसका मतलब है कि उन्होंने जो भी चुनाव जीते हैं, वे सभी धोखाधड़ी वाले रहे हैं। जहां तक नेपाल की बात है तो बिहार और नेपाल का रोटी और बेटी का संबंध है। बिहार पुलिस में नेपाली लोग हैं। आर्मी में नेपाली लोग हैं। सुप्रीम कोर्ट ने जबसे मामले को संज्ञान में लिया है और जब से चुनाव आयोग को सलाह दी है। तब से



उनके हाथ पांव फूले हुए हैं। अगर फर्जी वोटर हैं भी तो जिम्मेदारी किसकी है? चुनाव आयोग है और एनडीए सरकार की है। चुनाव आयोग राजनीतिक दल का प्रकोष्ठ बनकर काम कर रहा है।'

**बिहार की वोटर लिस्ट में विदेशी घुसपैठ पर क्या बोले प्रशांत किशोर? :** जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने इसपर कहा, 'चुनाव आयोग ने पुनरीक्षण की प्रक्रिया शुरू की है। यदि वे बता रहे हैं कि यहां नेपाली और बांग्लादेशी हैं तो यह बड़ी चिंता की बात है। क्या चुनाव आयोग यह स्वीकार कर रहा है कि जिस निर्वाचक नामावली से लोकसभा का चुनाव हुआ, उसमें बड़ी संख्या में बांग्लादेशी या गैर कानूनी लोग शामिल थे? दूसरी बड़ी बात है कि यदि यह लोग बिहार में आकर रह रहे हैं तो बिहार में तो भाजपा-नीतीश की सरकार है। नीतीश सरकार को जवाब देना चाहिए कि उनकी सरकार के रहते ऐसे लोगों को बिहार में आकर रहने, यहां की सुविधाओं का लाभ लेने, वोट देने का अधिकार कैसे मिल गया?'

## फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नौकरी पाने के आरोप में पुलिसकर्मी समेत 3 पर मामला दर्ज

जम्मू में पुलिस ने जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल कर सरकारी नौकरी हासिल करने के आरोप में एक उपनिरीक्षक और एक शिक्षक समेत तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया। अपराध शाखा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों की पहचान उपनिरीक्षक मोहिंदर पाल, शिक्षक गोविंद कुमार और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शकीला बानो के रूप में हुई है। ये सभी जम्मू क्षेत्र के अलग-अलग इलाकों के रहने वाले हैं। जम्मू अपराध शाखा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेनाम तोष ने बताया कि अपराध शाखा (आर्थिक अपराध शाखा) थाने में तीन अलग-अलग प्राथमिकियां दर्ज की गई हैं।

वर्तमान में भारतीय रिजर्व पुलिस की चौथी बटालियन में तैनात पाल राजौरी के नौशेरा तहसील के 'अपर नोनियाल' का रहना वाला है और उस पर 1995 में फर्जी शैक्षणिक योग्यता दस्तावेजों का उपयोग कर जम्मू-कश्मीर सशस्त्र पुलिस विभाग में नौकरी हासिल करने का आरोप है। अधिकारियों ने बताया कि विभागीय जांच रिपोर्ट और प्रारंभिक सत्यापन रिपोर्ट में प्रथम दृष्टया संज्ञेय अपराध



का खुलासा हुआ है। उन्होंने बताया कि सुचेतगढ़ निवासी बचन लाल की लिखित शिकायत पर आरएस पुरा के खम्ब गांव निवासी कुमार के खिलाफ फर्जी स्थायी निवास प्रमाण पत्र (पीआरसी) का उपयोग कर 2004 में जम्मू-कश्मीर स्कूल शिक्षा विभाग में रहबर-ए-तालीम (आरईटी) शिक्षक के रूप में नौकरी पाने का मामला दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि एक अलग लिखित शिकायत के अनुसार, रामबन जिले के खारी गांव के शिक्षक गुलाम हसन नाइक पर अपनी निरक्षर बेटी शकीला बानो का आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के रूप में चयन कराने के लिए स्कूल के रिकॉर्ड में हेराफेरी करने का आरोप है। शिकायत के अनुसार, नाइक का जन्म छह दिसंबर, 1966 को हुआ था जबकि उनकी बेटी की दर्ज जन्मतिथि एक जनवरी, 1976 थी। पिता और बेटी की उम्र में केवल नौ वर्ष और 26 दिन का अंतर था।

## वोटर लिस्ट में नेपाली और बांग्लादेशी भी मौजूद : पप्पू यादव

*'पिता-पुत्र का नाम पूछ कैसे तय हो रहा कोई विदेशी?'*

**पटना (आईएएनएस)**

निर्दलीय सांसद राजेश रंजन यानि पप्पू यादव ने जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव और बिहार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चल रहे विवाद पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि महाभियोग की प्रक्रिया पर संसद में चर्चा हो सकती है और बहुमत या सहमति से फैसला लिया जा सकता है। इसके साथ ही बिहार मतदाता पुनरीक्षण को लेकर सवाल खड़े किए। उन्होंने आईएएनएस के साथ खास बातचीत में कहा कि भारत की न्यायिक और संसदीय प्रणाली दुनिया में सबसे अलग और सम्मानित है। यदि सर्वोच्च न्यायालय या उच्च न्यायालय के किसी न्यायाधीश पर गंभीर आरोप लगते हैं, जैसे पक्षपात या सरकार को फायदा पहुंचाने की बात, तो संविधान के तहत महाभियोग लाया जा सकता है। पप्पू यादव ने कहा, "हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए यह जरूरी है।



महाभियोग की प्रक्रिया पर संसद में चर्चा हो सकती है और बहुमत या सहमति से फैसला लिया जा सकता है। बिहार में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण पर भी पप्पू यादव ने सवाल उठाए। चुनाव आयोग ने कहा है कि गहन पुनरीक्षण के दौरान नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमार के कई लोग पाए गए, जिनके नाम अंतिम मतदाता सूची में शामिल नहीं किए जाएंगे। इस पर यादव ने तंज कसते हुए कहा, "चुनाव आयोग बिना कागजात लिए कैसे दावा कर रहा है कि कोई नेपाल या बांग्लादेश का है? अगर आधार कार्ड, राशन कार्ड या अन्य दस्तावेज हैं, तो किस आधार पर लोगों को सूची से हटाया जाएगा?

## आईआईएम कोलकाता बलात्कार मामला

## जांच के लिए 9 सदस्यीय एसआईटी गठित आरोपी 7 दिन की पुलिस हिरासत में

**कोलकाता । एजेंसी**

कोलकाता पुलिस ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट कोलकाता में हुए कथित बलात्कार मामले की गहन जांच के लिए एक 9 सदस्यीय विशेष जांच दल का गठन किया है। इस मामले के मुख्य आरोपी महावीर टोप्पनवर उर्फ परमानंद जैन को 12 जुलाई को 19 जुलाई तक 7 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

**आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने मांगी रिमांड :** कोलकाता पुलिस के अनुसार, 'डीसी साउथवेस्ट डिवीजन ने मामले की जांच के लिए 9 सदस्यीय विशेष जांच दल का गठन किया है।' पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, एक महिला क्लिनिकल है कि अपराध किया गया था, और



चिकित्सा साक्ष्य पीड़िता का समर्थन करते हैं। अदालत ने 19 जुलाई तक पुलिस हिरासत प्रदान की।

**पीड़िता के पिता ने बलात्कार के आरोपों को नकारा :** हालांकि, इस मामले में एक नया मोड़ तब आया जब कथित पीड़िता के पिता ने 'बलात्कार' के आरोपों को खारिज कर दिया। शनिवार को पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने दावा किया कि उनकी बेटी को एक दुर्घटना में चोटें आई हैं।

## हिंदू-असमिया मुसलमानों के क्षेत्रों में बसने के पीछे हो सकती है साजिश : हिमंत

**दिसपुर । एजेंसी**

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को दावा किया कि भूमि कटाव से प्रभावित और भूमिहीन लोगों के अपने मूल स्थानों से 200-300 किलोमीटर दूर जाकर उन क्षेत्रों में बसने के पीछे एक षड्यंत्र हो सकता है, जहां हिंदू या असमिया मुस्लिम बहुसंख्यक हैं। शर्मा ने यह भी कहा कि जिन स्थानों पर उनकी सरकार ने अतिक्रमण की गयी भूमि को हटाने के लिए अतिक्रमण रोधी अभियान चलाया था वहां लोगों के इस तरह के पलायन के कारण जनसांख्यिकीय संतुलन खतरे में पड़ गया है। अतिक्रमण रोधी अभियान में हटाए



गये लोगों में से अधिकांश बांग्ला भाषी मुसलमान हैं। शर्मा ने कहा, हमारा मुद्दा यह है कि वे 200-300 किलोमीटर दूर उन जगहों पर क्यों जा रहे हैं जहां हिंदू या असमिया मुसलमान रहते हैं। नतीजतन हमारे लोग असुरक्षा से जूझ रहे हैं। इसलिए मुद्दा सिर्फ अतिक्रमण रोधी अभियान का नहीं है, बल्कि इसके साथ ही हमें अल्पसंख्यक बनाने की एक छिपी हुई साजिश का भी है।

## आज का राशिफल

**मेष :** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा।

**वृष :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वविवेक से कार्य करें। समय का लाभ लें।

**मिथुन :** हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। मनोरथ सिद्धि का योग है।

**कर्क :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभकार्यों में अड़चनें व परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा।

**सिंह :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**कन्या :** अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

**तुला :** अपने काम पर नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**वृश्चिक :** पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**धनु :** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। यात्रा से लाभ।

**मकर :** आत्मविश्वास बढ़ेगा। पारिवारिक विवाद टालें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। संतान-स्त्री पक्ष से लाभ होगा।

**कुंभ :** खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। आय के योग बनेंगे। यात्रा का योग है।

**मीन :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

## अहमदाबाद विमान हादसा

## पायलट की गलती थी या कुछ और, रिपोर्ट पर विवाद गहराया

**अहमदाबाद । एजेंसी**

अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान हादसे के एक महीने बाद, विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो ने अपनी शुरुआती जांच रिपोर्ट जारी कर दी है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, एयर इंडिया की उड़ान AI-171 के दोनों इंजनों को ईंधन पहुंचाने वाले स्विच बंद हो गए थे, जिससे पायलटों में भ्रम पैदा हो गया। इसके कुछ ही सेकंड बाद विमान अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हालांकि, विमानन विशेषज्ञों ने इस रिपोर्ट पर सवाल उठाए हैं। वे एएआईबी की इस शुरुआती जांच से पूरी तरह सहमत नहीं दिख रहे हैं।

वहीं, रिपोर्ट के अनुसार, उड़ान के दौरान सह-पायलट विमान उड़ा रहा था और कप्तान निगरानी कर रहा था। विमान ने दोपहर 1 बजकर 38 मिनट 39 सेकंड पर उड़ान



भरी, और उसके एक सेकंड बाद ही, 180 नॉट्स की गति पर, दोनों इंजन के ईंधन 'कटऑफ स्विच' 'रन' से 'कटऑफ' स्थिति में चले गए। इसके ठीक बाद, 1 बजकर 39 मिनट 05 सेकंड पर एक पायलट ने आपातकालीन 'मे डे' संदेश दिया। कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डिंग से पता चला है कि एक पायलट ने दूसरे से पूछा कि उसने ईंधन क्यों बंद किया, तो दूसरे ने मना किया कि उसने ऐसा नहीं किया। वहीं, भारतीय वायुसेना के पूर्व निदेशक संजीव कपूर ने एयर इंडिया विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो की शुरुआती रिपोर्ट पर कड़ी आपत्ति जताई है।

## उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में प्रेमी जोड़े ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या की

**मिर्जापुर ।** मिर्जापुर जिले के जिगना थाना क्षेत्र में ट्रेन के सामने कूदकर एक युवक-युवती ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक यह घटना शुक्रवार और शनिवार की मध्य रात्रि को गांव चडेरू चौकठा के पास की है। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) ओपी सिंह ने मामले की प्रारंभिक छानबीन में मिली जानकारी के हवाले से बताया कि प्रेमी युगल विवाह करना चाहते थे, लेकिन परिजन उसका विरोध कर रहे थे इसलिए दोनों ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। शवों का पोस्टमार्टम शनिवार देर शाम किया गया। उन्होंने बताया कि प्रेमी जोड़े की पहचान प्रयागराज जिले के महेवा निवासी शिवम सोनकर (21) और उसी जिले के चकडीहा की निवासी अंजली धरिकार (20) के रूप में हुई है।

## ममता बंगाल को 'मिनी पाकिस्तान' बनाने पर तुली हैं : अजय आलोक

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. अजय आलोक ने रविवार को देश के अलग-अलग हिस्सों में सामने आए हालिया घटनाक्रमों पर अपनी बेबाक राय रखी। उन्होंने पश्चिम बंगाल की कानून व्यवस्था से लेकर दिल्ली में कांवड़ यात्रा में उत्पन्न व्यवधान, बिहार चुनाव, छांगुर बाबा प्रकरण और उदयपुर फाइल्स फिल्म पर लगी रोक को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम कन्हैया लाल की पत्नी के पत्र तक पर अपनी बात रखी। कोलकाता में युवती के साथ हुई रेप की घटना पर टिप्पणी करते हुए अजय आलोक ने कहा कि कोलकाता में टीएमसी के गुंडों का जमावड़ा हो चुका है। यूनिवर्सिटी प्रशासन असमर्थ है, पुलिस टीएमसी की एजेंट बन चुकी है। ममता बनर्जी बंगाल को 'मिनी पाकिस्तान' बनाने पर तुली हुई हैं। कानून-व्यवस्था पूरी तरह फेल हो



चुकी है। शाहदरा में कांवड़ यात्रा के मार्ग पर कांच के टुकड़े पाए जाने पर उन्होंने कहा कि यह बेहद गंभीर मामला है। पुलिस इस पर जांच कर रही है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि इसके पीछे कौन है। कुछ लोग सांप्रदायिक माहौल खराब करने की साजिश रच रहे हैं। ऐसी हरकत करने वालों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

छांगुर बाबा से जुड़े खुलासों पर अजय आलोक ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस इस मामले को लेकर बेहद गंभीर है। हर पहलू की जांच हो रही है, चाहे वो फंडिंग हो या संपर्क सूत्र। ऐसे बाबाओं का जाल देशभर में फैला हुआ हो सकता है।

## दिल्ली में अपराध में 8.4 प्रतिशत की कमी

**दिल्ली ।** दुष्कर्म एवं पॉस्को मामलों में 10 प्रतिशत की गिरावट के साथ, राष्ट्रीय राजधानी में 2025 की पहली छमाही में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में समग्र अपराध में 8.38 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। दिल्ली पुलिस के आंकड़ों में यह जानकारी दी गयी। आंकड़ों से पता चला है कि एक जनवरी से 30 जून, 2025 तक लगभग 10,000 मामलों की गिरावट के साथ, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत कुल 1,18,822 मामले दर्ज किए गए, जबकि 2024 की इसी अवधि में 1,29,693 मामले दर्ज किए गए थे। आंकड़ों के अनुसार, हत्या, बलात्कार, डकैती और अपहरण जैसे जघन्य अपराधों में 2023 की तुलना में 13.13 प्रतिशत और 2024 की तुलना में 10.39 प्रतिशत की गिरावट आई है। आंकड़ों से पता चला कि हत्या के मामले पिछले वर्ष के 241 से बढ़कर 2025 में 250 हो गए।

**विडंबना** शिक्षा व्यवस्था को कलंकित न करें, धनखड़ ने जताई चिंता

# कोचिंग सेंटर अब 'पोचिंग सेंटर', उपराष्ट्रपति ने दी चेतावनी

- **उपराष्ट्रपति बोले- शिक्षा को गिरने से रोकना हम सबकी जिम्मेदारी**

**कोटा । एजेंसी**

कोटा स्थित कोचिंग उद्योग पर निशाना साधते हुए, उपाध्यक्ष जगदीप धनखड़ ने कहा कि कोचिंग सेंटर पोचिंग सेंटर बन गए हैं और सीमित दायरे में सिमटी प्रतिभाओं के लिए ब्लैक होल बन गए हैं। राजस्थान के कोटा स्थित भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) के चौथे दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए, धनखड़ ने कहा कि



### कोचिंग ने छीनी छात्रों की सोच

अंकों के प्रति जुनून पर बोलते हुए, धनखड़ ने कहा कि उत्तम ग्रेड और मानकीकृत अंकों की चाहत ने जिज्ञासा को कमज़ोर कर दिया है, जो मानव बुद्धि का एक अभिन्न अंग है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, "सीटें सीमित हैं, लेकिन कोचिंग सेंटर पूरे देश में फैले हुए हैं। वे छात्रों के दिमाग को सालों तक तैयार करते हैं और फिर उन्हें रोबोट बना देते हैं। उनकी सोच पूरी तरह से अवरुद्ध हो जाती है। इससे कई मनोवैज्ञानिक समस्याएं पैदा हो सकती हैं।

कोचिंग सेंटरों की संख्या तेज़ी से बढ़ रही है। यह हमारे युवाओं, जो हमारा भविष्य हैं, के लिए ख़तरा है। हमें इस चिंताजनक कुरूपता का समाधान करना होगा। हम अपनी शिक्षा को इतना कलंकित नहीं होने दे सकते।

जगदीप धनखड़ ने कहा कि कोचिंग सेंटर पोचिंग सेंटर बन गए हैं। ये प्रतिभाओं के लिए ब्लैक होल बन गए हैं। कोचिंग सेंटर कुकुरमुत्ते की तरह उग रहे हैं। यह हमारे युवाओं के लिए ख़तरा है, जो हमारा भविष्य हैं। हमें इस दुर्भावना को दूर करना होगा जो बेहद चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि हम अपनी शिक्षा को इतना कलंकित और कलंकित नहीं होने दे सकते। अखबारों में होर्डिंग और विज्ञापनों में पैसा बहाया जाता है। यह पैसे का इष्टतम उपयोग नहीं है, और ये विज्ञापन आकर्षक तो हैं, लेकिन ये हमारी सभ्यतागत प्रकृति के लिए आँखों में खटकते हैं। शिक्षा को असेंबली लाइन की तरह मानने के विचार का विरोध करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि इस असेंबली लाइन संस्कृति को रोका जाना चाहिए तथा उन्होंने इसे शिक्षा के भविष्य के लिए खतरनाक बताया। उन्होंने कहा कि अखबारों में होर्डिंग और विज्ञापनों पर पैसा बहाया जाता है। यह पैसा उन लोगों से आता है जो या तो कर्ज लेते हैं या अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए कड़ी मेहनत से बचत करते हैं। यह धन का इष्टतम उपयोग नहीं है। ये विज्ञापन आकर्षक तो हैं, लेकिन हमारी सभ्यतागत मान्यताओं के लिए आंखों में धूल झोंकते हैं।

### ईरान के राष्ट्रपति इजराइली हमले में घायल हुए थे

# मीटिंग के दौरान इजराइली सेना ने 6 मिसाइलें दागीं, इमरजेंसी गेट से भागे

**तेहरान । एजेंसी**

ईरान और इजराइल के बीच पिछले महीने 12 दिनों तक जंग हुई थी। इस दौरान 16 जून को इजराइल के हमले में ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान घायल हो गए थे। ईरानी न्यूज एजेंसी फार्स ने इसकी जानकारी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक इजराइल ने 16 जून को तेहरान के पश्चिमी हिस्से में एक इमारत पर 6 मिसाइलों से हमला किया था। उस समय इमारत में देश की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी कैबिनेट की बैठक चल रही थी। बैठक में राष्ट्रपति पजशकियान के साथ ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ, न्यायपालिका प्रमुख गुलाम-हुसैन मोहसेनी एजेई और कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। हालांकि ये सभी इमारत की निचली मंजिल में मौजूद थे, इसलिए हमले का उन पर बहुत असर नहीं हुआ। लिहाजा सभी इमरजेंसी गेट से भागने में कामयाब रहे।

**राष्ट्रपति बोले- इजराइल मुझे मारने में नाकाम रहा :** कुछ दिन बाद, राष्ट्रपति पजशकियान ने 7 जुलाई को दिए एक इंटरव्यू में यह साफ तौर पर कहा था कि इजराइल ने उन्हें मारने की कोशिश की थी, लेकिन नाकाम रहा। राष्ट्रपति ने अमेरिकी पत्रकार टकर कार्लसन को बताया कि इजराइली सेना ने जासूसों की मदद से उस जगह की जानकारी हासिल की, जहां वे बैठक कर रहे थे और फिर उसी जगह बमबारी की।



**12 दिन तक चला ईरान-इजराइल युद्ध**

- ईरान और इजराइल के बीच पिछले महीने 12 दिनों तक तनावपूर्ण जंग चली।
- संघर्ष के दौरान कई सैन्य और रणनीतिक ठिकानों को निशाना बनाया गया।

**16 जून को इजराइल ने किया मिसाइल हमला...**

- 16 जून को इजराइली सेना ने तेहरान के पश्चिमी हिस्से में स्थित एक इमारत पर हमला किया।
- इमारत पर 6 मिसाइलें दागी गईं, जिससे भारी तबाही की आशंका बनी।
- हमला उस वक्त हुआ जब सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी कैबिनेट की बैठक चल रही थी।

## दम घोंट कर राष्ट्रपति को मारना चाहता था इजराइल

रिपोर्ट में कहा गया है कि इजराइल, राष्ट्रपति पजशकियान को नसरल्लाह की तरह मारना चाहता था। इजराइल ने 1 अक्टूबर 2024 को बेरूत में नसरल्लाह के सीक्रेट बंकर पर हमला किया था। वह हिजबुल्लाह के टॉप कमांडरों के साथ मीटिंग कर रहे थे। 64 साल के नसरल्लाह की जहरीले धुएं में दम घुटने से मौत हो गई थी। इस बार भी इजराइली मिसाइलों ने खास तौर पर इमारत के आने-जाने के रास्तों और वेंटिलेशन सिस्टम को निशाना बनाया था, ताकि अंदर मौजूद लोगों को बाहर निकलने से रोका जा सके और उन्हें दम घोंटू माहौल में फंसाया जा सके। हमले के बाद इमारत की बिजली भी काट दी गई, लेकिन वहां पहले से बनाए गए।

## इजराइल को राष्ट्रपति की जानकारी कैसे मिली...

फार्स एजेंसी ने बताया कि इजराइल के पास उस इमारत के बारे में जो सटीक जानकारी थी, वह बहुत चौंकाने वाली है। इसलिए ईरानी अधिकारी अब यह जांच कर रहे हैं कि कहीं इजराइल को अंदर से कोई जानकारी तो नहीं मिली। हालांकि रिपोर्ट में हमले की सटीक जगह नहीं बताई गई, लेकिन ईरान इंटरनेशनल नाम की एक स्वतंत्र मीडिया संस्था ने यह दावा किया कि 16 जून को तेहरान के शाहरक-ए-गर्ब इलाके में इमारत पर हमला हुआ था। उसी संस्था की एक और रिपोर्ट में आईआरजीसी के जनरल मोहसेन रेजाई के हवाले से बताया गया कि इजराइल ने वास्तव में उस स्थान पर हमला किया था जहां राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक चल रही थी। हालांकि इसमें किसी भी अधिकारी को गंभीर नुकसान नहीं पहुंचा।

# 5333, कानून की धाराओं में से किसी भी मामले में आपको हो सकती है सजा

### जैसे बच्चे को दूध न पिलाने, कुत्ता ठीक से न घुमाने , भीख देने पर जेल की सजा हो सकती है

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** आपके विरूद्ध कोई तानाशाह या घमंडी अफसर चाहे तो 5,333 मामलों में से किसी में भी फंसा कर जेल में डलवा सकता है। इस बारे में सेंटर फॉर लीगल पॉलिसी के अनुसार, 7,305 ऐसे मामलों की सूची है जिनमें कानूनी कार्रवाई संभव है। इनमें से 5,333 मामलों में जेल की सजा का प्रावधान है। इनमें अपहरण, दंगा, या संगठित अपराध तो बड़े मामले हैं , इन पर तो मुकदमा चलाया ही जा सकता है, लेकिन यदि आप अपने कुत्ते को जितना घुमाना चाहिए उतना नहीं घुमाते हैं या चिड़ियाघर में कचरा फेंक देते हैं या देर से टैक्स देते हैं तो भी मुकदमा चलाया जा सकता है? यही नहीं , ऐसे कानून भी हैं जो उन लोगों को दंडित करते हैं जो उन माताओं को फीडिंग बोतल देते हैं जो स्तनपान नहीं करा सकती हैं, या भिखारियों को दान देते हैं। कुछ कानून सड़क पर जानवरों को बांधने, बिना लाइसेंस के प्लंबिंग करने, या लाइसेंस को ठीक से न दिखाने को भी अपराध मानते हैं। सेंटर फॉर लीगल पॉलिसी की रिपोर्ट स्टेट ऑफ द सिस्टम में बताया गया है कि भारत में कितने तरह के अपराध हैं और उनके लिए क्या सजा है।इनमें से कई काम तो ऐसे हैं जिन्हें अपराध मानना मुश्किल है जैसे कि अपने कुत्ते को ठीक से न घुमाना, चिड़ियाघर में कचरा फेंकना, या समय पर टैक्स न भरना। कुछ कानून तो ऐसे भी हैं जो उन लोगों को सजा देते हैं जो मां को दूध पिलाने में असमर्थ होने पर बच्चों को फीडिंग बोतल देते हैं या भिखारियों को भीख देते हैं। कानून का डर दिखाकर लोगों से नियम मनवाना और गलती करने वालों को अपराधी बताना एक आम बात हो गई है। लेकिन क्या हर समस्या का समाधान आपराधिक सजा से ही किया जाना चाहिए? विधि सेंटर फॉर लीगल पॉलिसी की एसओएस



- केवल पांच केंद्रीय कानूनों में ही 200 से ज्यादा अपराध हैं, ये कानून मिलकर 1,800 से ज्यादा अलग-अलग कार्यों को अपराध मानते हैं
- भारत में आपराधिक कानून का इस्तेमाल अब केवल गंभीर अपराधों के लिए नहीं होता है, बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी को नियंत्रित करने और सरकारी कामकाज में मदद करने के लिए भी होता है
- कोई व्यक्ति कंपनी को बंद करने से ठीक पहले के दो सालों तक खाते की सही किताबें नहीं रखता है, तो उसे एक से तीन साल तक की कैद व जुर्माना हो सकता है

डेटाबेस रिपोर्ट बताती है कि भारत में अपराधीकरण की संस्कृति कितनी फैली हुई है।

मात्र पांच केंद्रीय कानूनों में ही 200 से ज्यादा अपराध हैं। ये कानून मिलकर 1,800 से ज्यादा अलग-अलग कामों को अपराध मानते हैं। इनमें से एक कानून भारतीय न्याय संहिता, 2023 (बीएनएस) है, जो सामान्य आपराधिक कानून है। लेकिन बाकी चार कानूनों का आपराधिक न्याय से कोई सीधा संबंध नहीं है। इनमें कंपनी अधिनियम, 2013 व नई दिल्ली नगर परिषद अधिनियम, 1994 जैसे कानून शामिल हैं। ये कानून नियमों से जुड़े हैं, लेकिन इनमें भी बहुत सारे आपराधिक अपराध हैं। इतना ही नहीं, इन 7,305 अपराधों में से तीन-चौथाई कानून आपराधिक न्याय से बाहर के 44 विषयों से जुड़े हैं। इनमें से कई शिक्षा, पर्यावरण या कपड़ा से जुड़े हैं। इनका मुख्य उद्देश्य आपराधिक कानून से अलग है। इससे पता चलता है कि भारत में आपराधिक कानून का इस्तेमाल अब सिर्फ गंभीर अपराधों के लिए नहीं होता है, बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी को नियंत्रित करने और सरकारी कामकाज में मदद करने के लिए भी होता है।लगभग 252 कानून ऐसे हैं जिनमें 10 या उससे कम अपराध हैं। भले ही उनका मुख्य उद्देश्य आपराधिक न्याय से जुड़ा न हो, लेकिन वे कुछ खास नतीजों को हासिल करने और लागू करने के लिए अपराधों का इस्तेमाल करते हैं।ऐसा लगता है कि सरकार नियमों का पालन कराने के लिए अपराधों का इस्तेमाल करती है। कई कानून ऐसे हैं जो मामूली गलतियों को भी अपराध मानते हैं। मसलन समय पर कागजात जमा न करना, रिकॉर्ड न रखना, या किसी सरकारी अधिकारी की मदद करने में गलती करना। ये अक्सर प्रशासनिक गलतियां होती हैं, जिनमें गलत इरादा नहीं होता है। लेकिन इनके लिए भी कड़ी सजा दी जाती है, जिसमें जेल भी शामिल है। उदाहरण के लिए, दिल्ली नगर निगम अधिनियम, 1957 के तहत, यदि कोई व्यक्ति अधिनियम के किसी प्रावधान के तहत जानकारी देने में विफल रहता है, तो उसे तीन साल तक की कड़ी कैद हो सकती है। इसी तरह, कंपनी अधिनियम की धारा 338(1) के तहत, अगर कोई व्यक्ति कंपनी को बंद करने से ठीक पहले के दो सालों तक खाते की सही किताबें नहीं रखता है, तो उसे एक से तीन साल तक की कैद और जुर्माना हो सकता है। इन नियमों का पालन करवाने के लिए जेल भेजने के बजाय और भी बेहतर तरीके हो सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक पिछले दो दशकों में बनाए गए केंद्रीय कानूनों के जरिए लगभग 2,500 अपराधों को जोड़ा गया है. पहले से ही बोझ से दबी सरकारी मशीनरी के साथ, लगातार अपराधों को जोड़ना सुशासन और जीवन को आसान बनाने का सही तरीका नहीं है।

## हल्दीराम के कमल अग्रवाल से मुंबईया ठगों ने 9.38 करोड़ रुपये ठगे

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** धंधा करने वालों में धंधा बढ़ाने , और कमाने , कोई कंपनी खरीदने की ललक रहती ही है। इसी तरह की ललक नमकीन व मिठाई बनाने वाली देश बड़ी कंपनी हल्दीराम फूड्स इंटरनेशनल लिमिटेड के एक निदेशक कमल अग्रवाल के साथ 9.38 करोड़ रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। इस बारे में एक मामला नागपुर के कलमना पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया है। कमल अग्रवाल हल्दीराम के निदेशक होने के साथ-साथ ओम इंडस्ट्रीज नाम की एक कंपनी के भी मालिक हैं।पुलिस के अनुसार आरोपियों की पहचान मुंबई के बांद्रा निवासी समीर अब्दुल हुसैन ललानी (51), उसकी पत्नी हीना ललानी (47), बेटा अलीशान ललानी (25) तथा ठाणे जिले के कल्याण निवासी प्रकाश भोसले के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार इन लोगों ने अग्रवाल को बताया कि वे ड्राई फ्रूट की कंपनी रॉयल ड्राई फ्रूट प्राइवेट लिमिटेड चलाते हैं। अग्रवाल से कहा कि यदि वे इस कंपनी में निवेश करते हैं तो उन्हें 76% हिस्सेदारी मिलेगी। इस तरह उन्होंने अग्रवाल को लालच देकर भारी 9 करोड़ रुपये से अधिक रकम हड़प ली।पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने पहले कमल अग्रवाल के इनवेस्टमेंट ऑफिसर से संपर्क साधा और फर्जी बैलेंस शीट्स, बिजनेस रेकॉर्ड और झूठे दस्तावेज दिखाए।

उन्होंने अग्रवाल को बताया कि अगर वह कंपनी में 12.5 करोड़ रुपये का निवेश करेंगे तो उन्हें 35% पार्टनरशिप मिलेगी। अग्रवाल उनके झांसे में आ गए। जनवरी से जून 2023 के बीच कमल अग्रवाल ने ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के जरिए आरोपियों को 4.5 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए। कुल मिलाकर उन्होंने 9.38 करोड़ रुपये का निवेश किया। आरोपियों ने उन्हें 76% हिस्सेदारी देने का वादा किया था।अग्रवाल को बाद में इस इन्वेस्टमेंट में कुछ गड़बड़ी का शक हुआ तो थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई ।इसके बाद दस्तावेजों की असलियत की जांच करवाई। लेकिन सभी दस्तावेज फर्जी पाए गए। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है।

## फडणवीस सरकार वामपंथी संगठनों पर नकेल कसना चाहती है, बिल पास होने के बाद उठे कई बड़े सवाल

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र की विधानसभा में एक ऐसा बिल पास किया गया है जो राज्य सरकार के मुताबिक, वामपंथी उग्र संगठनों की कथित गैरकानूनी गतिविधियों पर रोकथाम के लिए लाया गया है। विपक्ष ने इस बिल को लेकर चिंता जताई है। बिल का नाम महाराष्ट्र स्पेशल पब्लिक सेक्युरिटी बिल। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि इस बिल का इस्तेमाल राजनीतिक कार्यकर्ताओं व प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ नहीं किया जाएगा लेकिन विपक्ष इसके दुरुपयोग की आशंका को लेकर चिंतित है।क्योंकि केन्द्र में भी जो बड़े नेता हैं वे लगातार अपने भाषण में अर्बन नक्सल कह कर विपक्ष के

- **इस बिल को लेकर 12,000 सुझाव व आपत्तियां दी गई थी, लेकिन इसमें से मात्र 3 को ही स्वीकार किया गया**
- **क्या इसी तरह अर्बन नक्सल बिल अन्य भाजपानीत शासित राज्यों में भी पास होगा?**

विरूद्ध बोलते हैं और जेएनयू से लगायत जामिया मिलिया तक में विपक्षी दलों से जुड़े छात्र संगठनों के भाषण व प्रदर्शन तक को यही आरोप लगाकर दबाया जाता है।

विपक्षी दल आशंका जता रहे हैं कि इसी तर्ज पर बिल अन्य भाजपा शासित राज्यों में भी आ सकता है। इधर एनसीपी (शरद पवार) के विधायक रोहित पवार, शिवसेना (यूटीबी) के भास्कर जाधव वरुण सरदेसाई, कांग्रेस के विश्वजीत कदम ने कहा कि इस संबंध में बनाई गई समिति के सभी सुझावों को बिल में शामिल नहीं किया गया। उन्होंने बिल में इस्तेमाल किए गए कुछ शब्दों जैसे 'वामपंथी उग्रवाद' और गैरकानूनी गतिविधियों की परिभाषा को लेकर चिंता व्यक्त की।

कांग्रेस के विधायक नाना पटोले ने कहा कि विपक्ष की ओर से इस बिल को लेकर 12 हजार सुझाव व आपत्तियां दी गई थी, लेकिन इसमें से सिर्फ 3 को ही स्वीकार किया गया। रोहित पवार ने कहा कि वामपंथी उग्र विचारधारा की कोई स्पष्ट परिभाषा नहीं है और जब पहले से ही कानून मौजूद हैं तो नए कानून की क्या जरूरत है?

## पाकिस्तान में स्टेज पर दिखाई जा रही रामायण



**कराची ।** पाकिस्तान के कराची शहर में हिंदू महाकाव्य रामायण का मंचन किया जा रहा है, जिसे दर्शकों से अच्छी सराहना मिल रही है। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, 'मौज' नामक एक थिएटर ग्रुप इस नाटक का मंचन 11 से 13 जुलाई तक कर रहा है। रामायण की यह प्रस्तुति अच्छाई और बुराई की एक ऐतिहासिक कहानी को आधुनिक अंदाज में दिखाती है। इस नाटक में एआई तकनीक का इस्तेमाल करके हर दृश्य को बेहद खूबसूरती से जीवंत किया गया है। जैसे- पेड़ों का झूमना, महलों का वैभव, या जंगल की शांति।

- **कराची के शो में एआई का भी इस्तेमाल, डायरेक्टर बोले- लोग इसे पसंद कर रहे**

## चीन में 750 केवी अल्ट्रा-हाई वोल्टेज ट्रांसमिशन रिंग नेटवर्क का निर्माण पूरा

**बीजिंग ।** तारिम बेसिन के आसपास 750 केवी विद्युत ट्रांसमिशन और परिवर्तन परियोजना का




निर्माण रविवार को पूरा हो गया। इसकी कुल लंबाई 4,197 किमी है। बताया जाता है कि पावर ग्रिड का विस्तार 10 लाख 60 हजार वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को कवर करता है, जो चीन के भूमि क्षेत्र का लगभग नौवां हिस्सा है। यह चीन में सबसे बड़ा 750 केवी अल्ट्रा-हाई वोल्टेज ट्रांसमिशन रिंग नेटवर्क है।जानकारी के अनुसार, इस परियोजना का निर्माण वर्ष 2010 में शुरू हुआ था। 15 सालों के निर्माण के बाद पूरी परियोजना में नौ विद्युत ट्रांसमिशन और परिवर्तन परियोजनाएं शामिल हुई हैं। रिंग नेटवर्क के अधिकांश भाग का निर्माण तकलीमाकन रेगिस्तान के किनारे किया गया, जो अत्यंत कठिन है।

## ऑस्ट्रेलियाई हवाई अड्डे पर 32 किलोग्राम ड्रग्स के साथ दो फ्रांसीसी महिलाएं गिरफ्तार

**सिडनी ।** ऑस्ट्रेलियाई हवाई अड्डे पर दो फ्रांसीसी महिलाओं को तस्करी के आरोप में




गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि इन महिलाओं ने अपने सामान के साथ 30 किलोग्राम से अधिक मेथामफेटामाइन की तस्करी करने की कोशिश की। ऑस्ट्रेलियाई फेडरल पुलिस (एएफपी) और ऑस्ट्रेलियन बॉर्डर फोर्स (एबीएफ) ने रविवार को जानकारी दी है कि इन महिलाओं को मंगलवार दोपहर ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रोका गया। इनकी उम्र 19 और 20 साल है। एबीएफ अधिकारियों को इन महिलाओं के सामान की तलाशी में सफेद पदार्थ से लिपटीं 32 अलग-अलग ईंटें मिलीं।



## बॉर्डर 2 शूटिंग सनी देओल ने 'बॉर्डर 2' की शूटिंग पूरी की, एक्टर ने कहा- मिशन पूरा!



**कहानी फिल्म जगत की**

बॉर्डर 2 इस साल की सबसे चर्चित परियोजनाओं में से एक है। जेपी दत्ता द्वारा निर्देशित इस युद्ध-ड्रामा में सनी देओल, अहान शेट्टी, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ जैसे कई कलाकार शामिल हैं। शुक्रवार को, सनी देओल ने फिल्म से जुड़ी एक अहम जानकारी साझा की और बताया कि उन्होंने फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। इसके साथ ही, अभिनेता ने अपना पहला लुक भी जारी किया, जिससे प्रशंसक उत्साहित हो गए।

अनुराग सिंह के निर्देशन में बनी यह फिल्म 1997 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'बॉर्डर' का अगला भाग है जिसमें सनी देओल के साथ सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ और अक्षय खन्ना नजर आए थे। अभिनेता ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट कर शूटिंग पूरी होने की जानकारी दी। उन्होंने कैप्शन में लिखा, ''मिशन पूरा! फौजी, साइन ऑफ कर रहा है! 'बार्डर 2' के लिए मेरी शूटिंग पूरी हुई। जय हिंद।'' इस पोस्ट में वह सैनिक की वर्दी में नजर आ रहे हैं। 'बॉर्डर 2' में वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ भी हैं। यह फिल्म 23 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसका निर्माण भूषण कुमार (टी-सीरीज़), कृष्ण कुमार, जेपी दत्ता और निधि दत्ता ने किया है। 'बॉर्डर 2' के अलावा देओल अपनी अगली फिल्म 'लाहौर 1947' में नजर आएंगे।

फिल्म 'लाहौर 1947' में वह प्रीति जिंटा के साथ काम करेंगे। इस फिल्म का निर्देशन राजकुमार संतोषी कर रहे हैं और इसका निर्माण आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले किया जा रहा है। इस फिल्म में ए आर रहमान का संगीत और जावेद अख्तर का गीत शामिल होगा।

## पेसा कानून लागू करने में देर क्यों : नायक



**रांची।** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच ने केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कहा कि पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार) अधिनियम, 1996 (पेसा) भारत के आदिवासी समुदायों को स्वशासन, प्राकृतिक संसाधनों पर अधिकार और सांस्कृतिक पहचान की रक्षा के लिए एक क्रांतिकारी कानून है। पांचवीं अनुसूची के तहत अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभाओं को सशक्त करता है। झारखंड, जो आदिवासी बाहुल्य राज्य है में पेसा कानून को लागू करने में 25 वर्षों से अधिक की देरी ने कई सवाल खड़े किए हैं।

# मादक पदार्थों के खिलाफ मंच ने निकाला आक्रोश मार्च

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्र धर्म रक्षा मंच के अध्यक्ष अमृतेश पाठक के नेतृत्व में रांची शहर में हो रहे चरस, अफीम व ब्राउन शुगर जैसे मादक पदार्थों के खिलाफ जन आक्रोश सह जागरूकता मार्च निकाला।

मार्च देवी मंडप रोड स्थित आफिसर्स बैंक कालोनी से शुरू होकर पंडरा थाना, आईटी बस स्टैंड, मधुकम, सुखदेव नगर थाना होते हुए बिड़ला मैदान से सरोवर नगर डैम साइड तक गया। मार्च में वार्ड नं31 और 32 के सैकड़ों महिला पुरुष युवा और बुजुर्ग हाथों में तिरंगा झंडा और डंडा लेकर निकले।




मौके पर अध्यक्ष अमृतेश पाठक ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि रांची अपराधियों और नशेड़ियों की राजधानी है। आम नागरिकों को जब चाहे तब इनके कोप का शिकार होना पड़ता है। शासन प्रशासन और पुलिस सबकुछ जानते हुए इसपर नियंत्रण करने में नाकाम है। आए दिन सुखदेव नगर और पंडरा दोनों ही थाने के अंदर पड़ने वाले सभी गली मोहल्ले में बेखौफ होकर नशेड़ी और अपराधी तांडव मचा रहे हैं। बहन बेटियों को घर से बाहर निकलना मुश्किल कर दिया है। किसी से मोबाइल लूट ले रहा है किसी के गले से चैन खींच रहा है। विरोध करने वालों को जान से मारने की धमकी दे रहा है।

हाईस्पीड में कार या बाइक चला रहे लड़कों ने अलग से जान सकते में डाल रखा है। एक तरह से पूरा नागरिक समाज की सम्मान, सुरक्षा और शांति खतरे में है। मजबूर होकर जनता सड़क पर लाठी डंडे लेकर निकल गया है।

मौके पर मुख्य रूप से मनमोहन पांडेय मंटू मुंडा नीतू सिंह जया तिवारी उषा सिंह राधा चौधरी सुनीता उरांव अनिता कुमारी प्रतिभा कुमारी ,रवि मेहता शैलेश सिन्हा, सत्यप्रकाश मिश्र, रिपू मोहन मिश्रा विजय पांडेय समेत सैकड़ों महिला पुरुष शामिल हुए।

### मोरहाबादी की चौपाल से

## राज्य या राष्ट्र का विकास हो या न्याय पाने की उम्मीद में कुछ और



मोरहाबादी की चौपाल में एक गंभीर विषय था राज्य या राष्ट्र का विकास हो या न्याय पाने की उम्मीद, आम आदमी टकटकी लगाकर देखते रहता है,ध्यान लगता है, हाथ जोड़ता है, प्रणाम करता है, उन लोगों को जिनको आजकल वीआईपी या वीवीआईपी के नाम से जाना जाता है। कल एक ही दिन में एक ही समाचार पत्र में ऐसी तीन खबरें थी ,जिससे पता चला कि वे या तो जेल के अंदर हैं या कार्य मुक्त हैं, तब जनता की उम्मीद का क्या होगा? मोरहाबादी की चौपाल से रविवार को इस सप्ताह की कुछ खबरों पर चर्चा हुई। सारांश यही निकला कि धन, लोभ और पद लोग के यही तो मुख्य परिणाम होते हैं जो समाचार पत्र जनता तक पहुंचाते रहते हैं और विवश असहाय आदमी पढ़ लेता है। आम चुनाव के समय हम सबको एक ही धर्म निभाने को कहा जाता है। प्रजातंत्र बचाना जरूरी है तो जलपान की पहले मतदान।

### समान काम के लिए मांग रहे समान वेतन

# मांगों को लेकर पारा शिक्षक करेंगे विधानसभा का घेराव

- 19 व 20 जुलाई को विधायकों को मांग पत्र सौंपेंगे

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राज्य के सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक) समान काम के लिए समान वेतन समेत अन्य मांगों को लेकर विधानसभा का घेराव करेंगे। यह निर्णय रविवार को झारखंड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा की बैठक में लिया गया। बैठक मोरहाबादी मैदान में हुई। इसमें राज्य भर के लगभग 500 शिक्षक शामिल हुए। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि सरकार उनकी मांगों को लेकर गंभीर नहीं है। ऐसे में आंदोलन ही एकमात्र विकल्प है।

शिक्षक अपनी मांगों को लेकर 19 व 20 जुलाई को राज्य के सभी विधायक को मांग पत्र सौंपेंगे। इसके बाद आगामी विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा का घेराव करेंगे। इसके बाद भी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो शिक्षक पांच सितंबर को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे। इसके बाद राज्य के स्थापना दिवस पर 15 नवंबर को राज्यभर के शिक्षक मोरहाबादी मैदान में जमा होंगे। शिक्षक स्थापना दिवस कार्यक्रम का विरोध करेंगे। बैठक में मोर्चा की राज्य कमेटी के सदस्य विनोद बिहारी महतो, विनोद तिवारी, संजय दुबे, ऋषिकेश पाठक, दिलशाद अंसारी, सिंटू सिंह, विकास कुमार, सुमन कुमार नरोत्तम सिंह मुंडा भागवत तिवारी, सुनील पांडेय समेत अन्य लोग शामिल थे।

## स्कूली बच्चों की साइकिल भी चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट : बाबूलाल मरांडी



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। श्री मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार में चौतरफा भ्रष्टाचार व्याप्त है। स्कूली छात्रों को दी जाने वाली साइकिल भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। कहा कि कल्याण विभाग द्वारा सरकारी स्कूल के छात्र-छात्राओं को कबाड़ साइकिलें वितरित की जा रही हैं।साइकिलें या तो पहले से पंचर थीं, या उनके टायर-ट्यूब ही फटे हुए थे। कुछ के हैंडल ढीले तो कुछ की चेन जाम। मजबूरन बच्चे साइकिलें कंधे पर ढोते या हाथ में थामे पैदल लौटे। कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार की जड़ें इतनी गहरी हो चुकी हैं कि हर बच्चों की योजनाएं तक इससे अछूती नहीं रही। श्री मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को खराब हो चुकी सारी साइकिलें वापस लेकर बच्चों को अच्छी गुणवत्ता वाली साइकिल उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए।

## हेमंत से मिलकर रघुवर ने जाना शिबू सोरेन का हाल



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के संस्थापक संरक्षक और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का कुशलक्षेम जानने के लिए पूर्व सीएम रघुवर दास ने दिल्ली में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती 81 वर्षीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन की हालत स्थिर है। वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम गुरुजी की निगरानी कर रही है। रघुवर ने एक्स पोस्ट कर कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर शिबू सोरेन के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। बाबा वैद्यनाथ से कामना है कि गुरुजी जल्द स्वस्थ हों और झारखंड की सेवा में फिर से जुट जाएं।

उल्लेखनीय है कि शिबू सोरेन को 19 जून को अस्पताल में भर्ती किया गया था। उन्हें ब्रेन स्ट्रोक और किडनी संबंधी समस्याओं के कारण आईसीयू में रखा गया था। सर गंगा राम अस्पताल के डाक्टरों के अनुसार न्यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी और नेफ्रोलॉजी के विशेषज्ञ उनकी देखभाल कर रहे हैं। राज्य में उनके शीघ्र स्वस्थ होने के लिए विशेष पूजा-अर्चना और प्रार्थनाएं की जा रही हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने पिता की स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए हैं।

## लायंस क्लब ऑफ रांची की बोर्ड मीटिंग संपन्न

**रांची।** लायंस क्लब ऑफ रांची हरिकनक ग्रेटर के सचिव लायन दीपक कुमार साहू के संयोजन में वर्ष 25 - 26 की प्रथम बोर्ड मीटिंग का आयोजन हुआ। जनहित एवं समाजसेवा से जुड़े कार्यों नशा मुक्ति,फूड फॉर हंगर,पर्यावरण संरक्षण पर कार्य करने का निर्णय लिया गया। डॉक्टर राजेंद्र कुमार हाजरा ने क्लब को एक एंबुलेंस गाड़ी की चाभी हरिकनक ग्रेटर क्लब को सौंपी और कहा की महीने में दो बार निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर परमानेंट प्रोजेक्ट के तहत गरीब और जरूरतमंद लोगों को प्रदान करेंगे।

## हादसे में महिला की मौत, पति घायल

**रांची।** खरसीदाग ओपी क्षेत्र अंतर्गत मालती रिंग रोड में सीएनजी पंप के समीप अनियंत्रित कार ने खड़े ट्रेलर को टक्कर मारते हुए पलट गई। दुर्घटना में घायल कार सवार दंपती को पुलिस ने स्थानीय लोगों की सहायता से रिम्स पहुंचाया। जहां इलाज के क्रम में सविता लकड़ा की मौत हो गयी। वहीं पति पवन लकड़ा का इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार दोनों कवाली स्थित घर से रिंग रोड होते हुए तुपुदाना की ओर जा रहे थे।

### रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की पहल

## आज से भारतीय तटरक्षक बल जागरूकता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**



- रांची में चार जगहों पर किया जा रहा है कार्यक्रम

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आह्वान है कि अधिक से अधिक युवा देश की सुरक्षा में अपनी भागीदारी निभाएं। इसे लेकर रक्षा मंत्रालय देश के विभिन्न हिस्सों में जागरूकता अभियान चला रहा है। इसी के तहत रांची में भारतीय तटरक्षक बल एक ऐसे अभियान की शुरुआत कर रही है, जो पहले कभी नहीं हुआ। रविवार को ओरमांझी स्थित राम टहल चौधरी विद्यालय में 10 बजे,कांके स्थित एसएस मेमोरियल कॉलेज में 12 बजे, पुंदाग स्थित लाला लाजपत राय स्कूल में एक बजे, गोस्सनर कॉलेज में दो बजे से संगोष्ठी आयोजित की गई है। इस अवसर पर देश के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। भारतीय तटरक्षक बल देश के युवा विद्यार्थियों को आकर्षित करने के लिए एक जागरूकता एवं भर्ती अभियान चलाया जा रहा है, जो रांची के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में आयोजित किया जाएगा। यह अभियान रांची में पहली बार शुरू हुआ है, जो 20 जुलाई तक आयोजित होगा। यह बल रक्षा मंत्रालय के अधीन कार्य करता है। भारत के समुद्री हितों की रक्षा, समुद्री कानूनों का प्रवर्तन, तटीय सुरक्षा, खोज एवं बचाव कार्य, समुद्री पर्यावरण संरक्षण और समुद्री कानून प्रवर्तन शामिल हैं। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य छात्रों के बीच भारतीय तटरक्षक बल को एक आकर्षक करियर विकल्प के रूप में प्रस्तुत करना है।

## चार शहरों में चलेगी मेट्रो रेल



**रांची।** झारखंड के चार प्रमुख शहरों रांची, जमशेदपुर, धनबाद और बोकारो में मेट्रो सेवा शुरू करने की दिशा में राज्य सरकार ने अहम पहल की है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्र सरकार को मेट्रो परियोजना का विस्तृत प्रस्ताव भेजा है और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से इस परियोजना को मंजूरी देने की मांग की है।राजधानी रांची समेत इन शहरी क्षेत्रों में तेजी से बढ़ती आबादी और ट्रैफिक जाम की समस्या को देखते हुए सरकार ने यह कदम उठाया है। मेट्रो सेवा शुरू होने से न सिर्फ ट्रैफिक का दबाव कम होगा, बल्कि वायु प्रदूषण में भी गिरावट आएगी। नागरिकों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में कम समय लगेगा और खर्च भी कम होगा। नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने भी हाल ही में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर को पत्र लिखकर राज्य में मेट्रो सेवा के लिए सहयोग मांगा था।

# कांग्रेस के मंत्री-विधायक से राहुल गांधी आज लेंगे कामकाज की रिपोर्ट, देंगे निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार में कांग्रेस कोटे के चारों मंत्री और पार्टी के सभी विधायक सोमवार को लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात करेंगे। कांग्रेस के झारखंड प्रभारी के. राजू, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश समेत कांग्रेस कोटे के मंत्री और विधायक दिल्ली पहुंच चुके हैं। कांग्रेस कोटे के मंत्री और विधायकों से विभागों के साथ-साथ संगठन में दी गई जिम्मेदारी व कामकाज की रिपोर्ट ली जाएगी। राहुल गांधी संगठन के कार्यों, कार्यक्रमों के साथ-साथ झारखंड में कांग्रेस के मंत्रियों द्वारा किए जा रहे कामों, झारखंड सरकार के आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा करेंगे और आवश्यकता अनुसार निर्देश देंगे।

झारखंड में सरकार बनने के बाद से अब तक क्या-क्या कार्य किए गए हैं और आगे क्या किये जाने हैं। साथ ही, पार्टी के घोषणा पत्र में किये गये वादों में कितने पूरे हुए, कितने पर काम शुरू हुआ, इसके बारे में भी बताना है। इसके अलावा कांग्रेस संगठन सृजन के लिए मंत्रियों को प्रमंडलवार जिम्मेदारी दी गई है। इसमें उन्होंने महीने में कितना दौरा और कितनी बैठकें की हैं, इसके बारे में भी बताना होगा। इसी तरह कांग्रेस विधायकों को भी जिलावार टास्क दिया गया है। इसमें वे कितना काम कर सके हैं, उसकी जानकारी देनी होगी। विधायक बताएंगे अपनी पीड़ा, मंत्री नहीं देते तरजीह राहुल गांधी के समक्ष कांग्रेस कोटे के विधायक अपनी पीड़ा रखेंगे। उन्हें पार्टी कोटे के मंत्री भी तरजीह नहीं देते हैं। पार्टी के कई विधायक खुल कर इस पर अपनी बात रख चुके हैं। कांग्रेस के प्रभारी के. राजू के समक्ष मंत्री-विधायक, पूर्व सांसद-पूर्व मंत्री विधायक दल की बैठक और पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक में आपस में ही भिड़ चुके हैं। पेसा कानून, रिम्स टू को लेकर पार्टी के अंदर ही आम सहमति बनती नहीं दिख रही है। राहुल गांधी के समक्ष इस पर भी बात रखेंगे। पहले कार्यकर्ताओं की मंत्री नहीं सुनते ऐसी शिकायतें आती थीं, लेकिन अब पार्टी के विधायक ही मंत्री पर यह आरोप लगा रहे हैं। मंत्रियों को मिल सकती है चेतावनी कांग्रेस आलाकमान कामकाज में शिथिलता बरतने वाले मंत्रियों को चेतावनी दे सकता है। आलाकमान ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि मंत्रियों का पद कार्यकर्ताओं की बदौलत मिला है। अगर कार्यकर्ताओं की नहीं सुनी जाएगी तो पार्टी उन्हें बदलने में देर नहीं लगाएगी। ऐसे में मंत्रियों को अगले छह महीने तक के काम का मौका दिया जाएगा। एक साल के कार्यकाल के बाद फिर से कामकाज का आकलन होगा और इसमें आशानुरूप प्रदर्शन नहीं रहने पर आलाकमान बदलाव पर निर्णय ले सकेगा।

### कांग्रेस से नाता जोड़ो अभियान शुरू




**रांची।** कांग्रेस से नाता जोड़ो अभियान के तहत रविवार को महानगर कांग्रेस की पहली बैठक धूमकुड़िया भवन, मोरहाबादी में आयोजित की गई। इसका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की बड़ी समस्याओं की जानकारी लेने के साथ ही उनके निराकरण पर विचार-विमर्श करना था। बैठक की अध्यक्षता करते हुए पूर्व उपाध्यक्ष अरुण चावला ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू लगभग प्रत्येक महीने ही झारखंड का दौरा कर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के साथ झारखंड में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। ऐसे में हमसब का यह नैतिक दायित्व है कि रांची लोकसभा और विधानसभा सीट पर अगले चुनाव में जीत हासिल करने के लिए हम भी कोई कसर नहीं छोड़ें। पूर्व नगर उपाध्यक्ष शांति खलखो ने कहा कि वे विगत कई वर्षों से इस क्षेत्र के लोगों के साथ उनकी हर समस्या को दूर करने में कंधे से कंधा मिलाकर चलती हैं। संगीता कुमारी ने कहा कि हम सभी सांगठनिक रूप से मजबूत होकर कांग्रेस पार्टी को जिताने में कोई भी कसर नहीं छोड़ेंगे, लेकिन पार्टी को भी हमारी गंभीर समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए। बैठक में मनीषा मिंज, कैलाश मुंडा, शकुंतला उरांव, आशा तिर्की, राजेश लिंडा, पूनम देवी, निर्मला तिर्की, सुमित्रा खलखो, रेशमा उरांव, सुषमा मिंज, ज्योति कच्छप, ऋषिता मिंज, मालती मिंज, तनिमा मिंज, अंजली, उज्ज्वल लकड़ा, अमित तिग्गा, अनिल कच्छप, ललिता तिर्की, राधा देवी, शांति उरांव, सुनील मिंज, बांके, क्रिस्टीना धान आदि मौजूद थे।

## अधिवक्ता परिषद का प्रांतीय अभ्यास वर्ग संपन्न




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अधिवक्ता परिषद के द्वारा आयोजित प्रांत स्तरीय दो दिवसीय अभ्यास वर्ग रविवार को संपन्न हुई। अभ्यास वर्ग कार्यक्रम में झारखण्ड में रहने वाले लगभग 183 राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य, राष्ट्रीय परिषद के सदस्य, प्रांत के मार्गदर्शक, पदाधिकार, कार्यकारिणी के सदस्य - आयाम टोली के सदस्य जिलों के प्रभारीविशेष रूप से शामिल रहे। मौके पर राष्ट्रीय मंत्री व झारखंड सह बिहार प्रभारी चरण सिंह त्यागी ने कहा कि अधिवक्ता परिषद ऐसे वकीलों का न्यायिक संघ है जो समाज और राष्ट्र की चिंता करता है तथा सामाजिक परेशानियों के ऊपर काम करते हुए अंतिम व्यक्ति तक सुलभ और सस्ता न्याय दिलाता है। उन्होंने कहा कि परिषद के अंतर्गत विभिन्न आयाम बनाए गए है जिसका उद्देश्य विभिन्न कार्यों का विश्लेषण कर अधिवक्ताओं को जागरूक करना है क्योंकि अगर हम अधिवक्ता जागरूक रहेंगे तो समाज जागरूक होगा इसलिए हमें निरंतर परिषद के मूल उद्देश्यों को धरातल पर लाने के लिए प्रयासरत रहना होगा तभी बदलाव आएगी। आज का कार्यक्रम कुल चार सत्रों में संपन्न हुआ जिसमें अधिवक्ता परिषद के विभिन्न आयामों के पदाधिकारियों का व्यक्तिगत उद्बोधन, विचार एवं सुझाव लिया गया एवं आगे अधिवक्ता के व्यक्तित्व विकास के साथ साथ परिषद की आगामी नीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस पूरी चर्चा में एक मूल विचारधारा सामने निकल कर आई कि एक अधिवक्ता समाज में कैसे सुधार एवं बदलाव ला सकता है इस पर निरंतर कार्य करने की जरूरत है और जिस गति से झारखण्ड राज्य अधिवक्ता परिषद इस प्रयास में लगा है इससे यह बदलाव आ रहा है और आता रहेगा। समापन समारोह का मंच संचालन अवनीश रंजन मिश्रा एवं मीरा कुमार ने किया। जिसमें विशेष रूप से वरीय अधिवक्ता प्रभात सिन्हा, गोपाल कृष्ण निताई, भीम महतो, अशोक कुमार, नीता कृष्णा, इंदु परासर सहित अन्य उपस्थित थे।

## झारखंड साहित्य संस्कृति मंच मनाएगा तुलसी जयंती



**रांची।** झारखंड हिंदी साहित्य संस्कृति मंच की कार्यकारिणी की बैठक उपाध्यक्ष निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव की अध्यक्षता में विनय सरावगी, सचिव विनोद सिंह गहवार, कोषाध्यक्ष कृष्णा विश्वकर्मा बादल, कार्यकारिणी सदस्य सुरिंदर कौर 'नीलम,' गुरु कमल सिंह, मुक्ति शाहदेव, असित कुमार और कामेश्वर सिंह 'कामेश' की उपस्थिति में हुई । 03 अगस्त को नामकुम में स्थापना दिवस और तुलसी जयंती मनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। साहित्यकारों को सम्मानित करना और 25 सितंबर को साहित्यानुरागी स्व हनुमान सरावगी कि स्मृति में काव्य गोष्ठी का आयोजन करना स्मारिका का प्रकाशन करने का निर्णय हुआ।

### विकास | बीसीआई टाइटेनियम की बैठक में एक माह के व्यवसाय की हुई समीक्षा, बोले किशोर मंत्री

# ऑफलाइन बिजनेस को मिल रहा बढ़ावा

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** बिजनेस क्रिएशन ऑफ इंडिया (बीसीआइ) टाइटेनियम रांची की बैठक रविवार को स्थानीय होटल में हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए बीसीआइ प्लेटिनम के अध्यक्ष हिमानी गुप्ता ने कहा कि बीसीआई टाइटेनियम के सदस्यों ने बीते महीने उल्लेखनीय व्यापारिक लेन-देन किए गए। इसके माध्यम से आपसी सहयोग और विश्वास को मजबूती मिली है। कई सदस्यों ने यह भी बताया कि बीसीआई मंच के कारण उन्हें नए क्लाइंट्स और बिजनेस लीड्स प्राप्त हुए हैं। बैठक में सभी सदस्यों ने पिछले एक माह के व्यापारिक प्रदर्शन की समीक्षा प्रस्तुत की और व्यापार बढ़ाने को लेकर अनुभव साझा किए।

प्रियंका वर्मा शास्त्री को जून माह का सबसे सफल रेफरेंस देने का और व्यापारिक बढ़ाने का करने का अवार्ड मिला। बैठक में कई नए विज़िटर्स ने भी भाग लिया और संगठन की कार्यप्रणाली को समझा। उन्होंने अपने अनुभव भी साझा किये। इस अवसर पर निदेशक धीरज ग्रोवर, रमेश कुमार, अजय कुमार, बीसीआइ टाइटेनिमय की उपाध्यक्ष डॉ शिप्रा साह, सचिव अनूज अग्रवाल, अजय अग्रवाल, रीता पाठक, शिल्पा केजरीवाल, सुबोध कुमार, प्रियंका शास्त्री, निधि सिंघानिया समेत अन्य सदस्य मौजूद थे।

### ऑफलाइन बिजनेस को बढ़ावा मिला

मेंटर किशोर मंत्री ने कहा कि एक दूसरे का व्यापार को आगे बढ़ाने में बीसीआई टाइटेनियम के सदस्य मेहनत कर रहे हैं। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से सभी सदस्यों का कारोबार में ग्रोथ नजर आ रहा है। ऐसे ही एक दूसरे का सहयोग करेंगे, तो अपने व्यापार एवं संस्था का उंचाई पर ले जा सकते हैं। मिलने जुलने से ही व्यापार को बढ़ावा मिलता है। ऑफलाइन बिजनेस को बढ़ावा मिल रहा है। कंज्यूमर इसका लाभ उठा रहे हैं। इस आधुनिकता के युग में ऑफलाइन बिजनेस के द्वारा बीसीआई भाईचारा स्थापित कर रहा है।

## सदर अस्पताल में लीवर स्पेशलिस्ट की ओपीडी सुविधा शुरू

**रांची।** सदर अस्पताल में अब लीवर रोगियों को विशेषज्ञ से इलाज की सुविधा मिलेगी। कोलकाता के प्रसिद्ध लीवर स्पेशलिस्ट डॉ. प्रवीण कुमार ने रविवार को ओपीडी नंबर 2 में मरीजों को उपचार के लिए सलाह दी। पहले दिन तीन मरीजों को को डॉ प्रवीण ने खानपान सुधारने और जरूरी जांच कराने की सलाह दी। सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने बताया कि डॉ. प्रवीण लीवर, पैंक्रियाज और बिलियरी सिस्टम के रोगों का इलाज करने में विशेषज्ञ हैं। 80 से 90 प्रतिशत लीवर संबंधी समस्याएं समय पर उपचार लेकर ठीक की जा सकती हैं। केवल गंभीर मरीजों को आईसीयू में जाना पड़ता है। हालांकि इसके लिए भी अस्पताल तैयार है। डॉ. प्रवीण को रांची को फैटी लीवर मुक्त जिला बनाने की जिम्मेदारी दी गई है।

## श्री श्याम मित्र मंडल की हुई बैठक



**रांची।** श्री श्याम मित्र मण्डल की बैठक रविवार को हरमू रोड स्थित श्री श्याम उपासना भवन (श्री श्याम मंदिर) में मण्डल के सभागार में अध्यछ सुरेश सरावगी की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने किया। बैठक में सत्र 2025-2027 के लिए निर्विरोध निर्वाचित होने वाले पदाधिकारियो व कार्यकारिणी समिति के सदस्यों के नामों की घोषणा होनी थी। बैठक में सुझाव आया कि फिर से एक बैठक आयोजित करनी चाहिए। अजय मारू, अनुज मोदी,राजीव रंजन मित्तल, राजकुमार केडिया आदि ने अपने विचार रखे। मण्डल के पूर्व अध्यक्ष वर्तमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने अध्यक्ष सुरेश सरावगी से विमर्श करके फिर से जल्द से जल्द बैठक बुलाने की घोषणा की। बैठक में गोपाल मुरारका,श्रवण ढांढनिया, संजय सराफ, पंकज गाड़ोदिया,गौरव अग्रवाल,श्याम सुंदर शर्मा,कविता मित्तल,राजेश ढांढनिया, अशोक लाडिया,रोहित अग्रवाल,विष्णु चौधरी, अनिल नारनोली,रतन सिंघानिया,आदित्या लोहिया,रतन शर्मा सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे। चुनाव पदाधकारी विश्वनाथ नारसरिया ने धन्यवाद ज्ञापन किया ।

## न्यूज बॉक्स

### गिल-क्रॉली की बहस पर मोंटी पनेसर ने दी प्रतिक्रिया



**लंदन।** लॉड्र्स टेस्ट के तीसरे दिन भारतीय कप्तान शुभमन गिल और इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली के बीच तीखी बहस देखने को मिली। इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर मोंटी पनेसर ने इसे 'ड्रामा' और वो सब कुछ बताया, जिसकी इस टेस्ट सीरीज को जरूरत थी। तीसरे दिन की समाप्ति में अभी 10 मिनट शेष थे। इंग्लैंड की दूसरी पारी का पहला ओवर जसप्रीत बुमराह के हाथों में था। इस ओवर के दौरान जैक क्रॉली बार-बार समय बर्बाद करने की कोशिश करते नजर आए। बुमराह की एक गेंद क्रॉली के दस्ताने से भी टकराई, जिसके बाद उन्होंने फिजियो को बुला लिया। इससे शुभमन गिल काफी नाखुश नजर आए। गिल ने ताली बजाकर तंज कसा और ड्रेसिंग रूम की ओर इशारा किया। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए मोंटी पनेसर ने इसे 'नाटकीयता' बताया है। पनेसर ने आईएएनएस को बताया, "यह दिखाता है कि टेस्ट मैच में ड्रामा था, थिएटर था, एक्शन था। यहां सब कुछ हो रहा था। इससे चौथे दिन का माहौल गर्म होगा। जाहिर है कि इंग्लैंड भी पीछे हटने वाला नहीं है। यह वही सब कुछ है, जिसकी इस टेस्ट सीरीज को जरूरत थी। थोड़ी गर्मी, थोड़ा ड्रामा और थोड़ा एक्शन।"

### आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने मिचेल स्टार्क को 100 टेस्ट खेलने पर बधाई दी



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को 100 टेस्ट मैच खेलने की उपलब्धि हासिल करने पर बधाई दी है। शाह के अनुसार, साल 2011 में डेब्यू के बाद से यह बाएं हाथ का तेज गेंदबाज अभी भी अपने खेल के शीर्ष पर है। रविवार को सबीना पार्क में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के लिए मैदान पर उतरते ही स्टार्क 100 टेस्ट मैच खेलने वाले 16वें ऑस्ट्रेलियाई बन गए। वह ग्लेन मैक्ग्रा के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज हैं। जय शाह ने 'एक्स' पर लिखा, "मिचेल स्टार्क को 100 टेस्ट मैच खेलने के लिए बधाई। यह किसी भी क्रिकेटर के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, लेकिन एक तेज गेंदबाज के लिए तो यह और भी मायने रखती है। उन्होंने साल 2011 में टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया था।

### अपनी पहली ही टी20 सीरीज में श्री चरणी ने बनाया अनूठा रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** भले ही भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ एजबेस्टन में पांचवें टी20 मैच को पांच विकेट से गंवा दिया, लेकिन इस सीरीज में बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी ने अनूठा कारनामा किया। 20 वर्षीय श्री चरणी ने इसी सीरीज में अपने टी20 करियर की शुरुआत की। उन्होंने सीरीज के सभी पांच मैच खेले, जिसमें 14.8 की औसत के साथ 10 विकेट अपने नाम किए। इसी के साथ श्री चरणी टी20 सीरीज में सर्वाधिक विकेट लेने वाली भारतीय महिला खिलाड़ियों की लिस्ट में संयुक्त रूप से पहले पायदान पर पहुंच गई हैं। श्री चरणी के अलावा राधा यादव भी एक ही टी20 सीरीज में 10 विकेट लेने का कारनामा कर चुकी हैं।

# भारत को जीत के लिए मिला 193 रनों का लक्ष्य



**लॉड्र्स।** लॉड्र्स टेस्ट के चौथे दिन के तीसरे सत्र में इंग्लैंड की दूसरी पारी 192 रनों पर सिमट गई। दूसरी पारी में भारत के लिए सर्वाधिक सफल गेंदबाज वाशिंगटन सुंदर रहे। सुंदर ने 4 विकेट लिए। जीत दर्ज करने और सीरीज में बढ़त बनाने के लिए टीम इंडिया को अब 193 रनों की आवश्यकता है। इंग्लैंड ने दिन की शुरुआत बिना किसी विकेट के 2 रन से की थी। पहले सत्र की शुरुआत से ही इंग्लैंड के बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजों के सामने संघर्ष करते नजर आए। पहले सत्र में इंग्लैंड ने महज 98 रन के स्कोर पर अपने 4 टॉप ऑर्डर के बल्लेबाज खो दिए थे। इस स्थिति से बाहर आना टीम के लिए मुश्किल था, और ऐसा ही हुआ। पूरी टीम 192 रन पर सिमट गई। पिछली पारी में शतक लगाने वाले जो रूट मात्र 40 रन बनाए, हालांकि वह इंग्लैंड टीम की तरफ से शीर्ष स्कोरर रहे। उन्होंने कप्तान बेन स्टोक्स (33 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिए 67 रन बनाकर टीम को संभालने की कोशिश की, लेकिन यह जोड़ी टूटते ही टीम का निचला क्रम बिखर गया। अगर भारतीय गेंदबाजी की बात करें तो वाशिंगटन सुंदर ने शानदार गेंदबाजी की और 4 विकेट लिए। जसप्रीत बुमराह और सिराज ने 2-2 जबकि रेड्डी और आकाश दीप को 1-1 विकेट मिले। इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने 387 रन बनाए थे। इंग्लैंड के लिए जो रूट ने 104, जेमी स्मिथ ने 51 और ब्रायडन कार्स ने 56 रन की पारी खेली थी। भारत की पहली पारी 387 रनों पर समाप्त हुई थी। टीम इंडिया के लिए सलामी बल्लेबाज केएल राहुल में शतक लगाया था। वह 100 रन बनाकर आउट हुए। ऋषभ पंत ने 74 और रवींद्र जडेजा ने 72 रनों की महत्वपूर्ण अर्धशतकीय पारी खेली थी। इसके अलावा करुण नायर ने 40 रनों का योगदान दिया था।

### मैं अभी और टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहता हूं : अजिंक्य रहाणे



**नई दिल्ली।** दो वर्षों से कोई टेस्ट मैच नहीं खेलने वाले 37 वर्षीय अजिंक्य रहाणे की भूख और जुनून अभी बाकी है। उन्होंने इस संबंध में चयनकर्ताओं से संपर्क करने की कोशिश भी की थी लेकिन उन्हें चयनकर्ताओं की ओर से कोई जवाब नहीं मिला। रहाणे इस समय लंदन में हैं और उन्हें स्काई स्पोर्ट्स में नासिर हुसैन और माइकल आथटर्न से बात करते हुए कहा, 'मैं अभी भी टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहता हूं। मेरे अंदर टेस्ट क्रिकेट खेलने का जुनून बाकी है और इस समय मैं अपनी क्रिकेट का लुत्फ उठा रहा हूं। मैं यहां सिर्फ कुछ दिनों के लिए आया हूं और अपने ट्रेनिंग के कपड़े भी साथ लाया हूं ताकि मैं खुद को फिट रख सकूं। हमारा घरेलू सीजन शुरू होने वाला है इसलिए तैयारी अभी शुरू ही हुई है।' जब रहाणे से पूछा गया कि विरोट कोहली और रोहित शर्मा सरीखे सीनियर खिलाड़ियों के संन्यास के बाद भारतीय टीम युवा खिलाड़ियों पर ध्यान केंद्रित कर रही है ऐसे में उनके सामने टेस्ट में वापसी करने के लिए कैसी चुनौतियां हैं तो उन्होंने कहा कि उनका ध्यान सिर्फ उन चीजों पर है जिन पर उनका नियंत्रण है। नए कप्तान शुभमन गिल ने कोहली की जगह चौथे नंबर पर ले ली है।

## खेल मंत्री मांडविया ने गांधीनगर में 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' का नेतृत्व किया

### द ग्रेट खली दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' का 31वां संस्करण रविवार सुबह देशभर में आयोजित किया गया, जिसमें केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने गुजरात के गांधीनगर में 500 से अधिक प्रतिभागियों के एक समूह का नेतृत्व किया। इस सप्ताह सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) के साथ साझेदारी में आयोजित इस साइकिलिंग अभियान में देश भर के 7000 से अधिक स्थानों पर 'फिटनेस की डोज, आधा घंटा रोज' के संदेश को मजबूत करते हुए 3000 नमो फिट इंडिया साइक्लिंग क्लबों ने भाग लिया।

युवा मामले और खेल मंत्रालय की ओर से जारी विज्ञप्ति में डॉ. मांडविया ने कहा कि ''फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल'' अब एक शक्तिशाली राष्ट्रव्यापी पहल बन गई है, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फिट इंडिया मिशन को पूरी ताकत से आगे बढ़ा रही है। यह वास्तव में एक ऐसी श्रृंखला बन गई है जो न केवल फिटनेस के बारे में है, बल्कि राष्ट्रीय परिवर्तन का भी प्रतीक है। आज 7000 से ज़्यादा जगहों पर हमारे युवाओं ने इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया है।



डॉ. मांडविया ने भारतीय युवा महिला हैंडबॉल टीम से भी बातचीत की, जो वर्तमान में गांधीनगर स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में अपने राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में भाग ले रही है।

दिल्ली में द ग्रेट खली ने बढ़ाई शोभाराष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम एक उत्सव जैसे माहौल में आयोजित किया गया, जिसमें रस्सी कूद, जुम्बा और हठ योग गतिविधियां शामिल थीं। पूर्व डब्ल्यूडब्ल्यूई वर्ल्ड हैवीवेट चैंपियन और यह उपलब्धि हासिल करने वाले एकमात्र भारतीय दलीप सिंह राणा उर्फ द ग्रेट खली ने इस अभियान को हरी झंडी दिखाई। 3000 से ज्यादा युवा और बुजुर्ग फिटनेस प्रेमियों की उपस्थिति में 52 वर्षीय खली ने भारत के 'विश्वगुरु' बनने में फिटनेस के महत्व पर जोर दिया। खली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना है कि भारत 'विश्वगुरु' बने और यह सपना तभी साकार होगा जब हम स्वस्थ और सशक्त होंगे। आइए हम सब मिलकर प्रधानमंत्री के इस विचार को मजबूत करें और सभी को जागरूक करें।

### 'करो या मरो' के मुकाबले में शत प्रतिशत देने उतरेगी बांग्लादेशी टीम

**नई दिल्ली।** श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच दांबुला में रविवार को दूसरा टी20 मैच खेला जाएगा, जिसमें बांग्लादेश की टीम हर हाल में जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी। श्रीलंकाई टीम तीन मुकाबलों की सीरीज का पहला मैच अपने नाम कर चुकी है। ऐसे में दबाव मेहमान टीम पर ही होगा। श्रीलंकाई टीम को बल्लेबाजी में कुसल मेंडिस, कुसल परेरा और पथुम निसांका जैसे खिलाड़ियों से उम्मीदें होंगी। वहीं, गेंदबाजी में महेश दीक्षाना, दासुन शनाका और जेफ्री वेंडरसे विपक्षी टीम को परेशान कर सकते हैं। वहीं, बांग्लादेश को परवेज हुसैन एमोन, मोहम्मद नईम, मेहदी हसन मिराज जैसे खिलाड़ियों से खासा उम्मीदें होंगी। दूसरे टी20 मैच के दौरान बारिश की आशंका बेहद कम है। अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस बने रहने की उम्मीद है।

## अचानक न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम से जुड़े चार खिलाड़ी



**एजेंसी। क्राइस्टचर्च**

डेवोन कॉन्वे, मिच हे, जेम्स नीशम और टिम रॉबिन्सन को जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी त्रिकोणीय सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की टी20 टीम में शामिल किया गया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने बताया है कि विकेटकीपर-बल्लेबाज कॉन्वे टी20 सीरीज में फिन एलन की जगह लेंगे। एलन इस सप्ताह चोट के बाद सीरीज से बाहर हो चुके हैं। एलन को संयुक्त राज्य अमेरिका में मेजर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स की ओर से खेलते समय पैर में चोट लग गई थी। न्यूजीलैंड के हेड कोच रॉब वाल्टर ने कहा, "हम फिन एलन के लिए बहुत दुखी हैं। मैं उनके साथ काम करने को लेकर उत्सुक था, लेकिन दुर्भाग्य से चोटें लग जाती हैं। हम भाग्यशाली हैं कि फिन की जगह डेवोन जैसे खिलाड़ी को टीम में शामिल कर पाए।

**सीरीज का कार्यक्रम**

- **14 जुलाई** - जिम्बाब्वे बनाम दक्षिण अफ्रीका।
- **16 जुलाई** - दक्षिण अफ्रीका बनाम न्यूज़ीलैंड।
- **18 जुलाई** - जिम्बाब्वे बनाम न्यूज़ीलैंड।
- **20 जुलाई** - जिम्बाब्वे बनाम दक्षिण अफ्रीका।
- **22 जुलाई** - न्यूज़ीलैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका।
- **24 जुलाई** - जिम्बाब्वे बनाम न्यूज़ीलैंड।
- **26 जुलाई** - फाइनल



## नकली और घटिया उर्वरक बेचने वालों पर होगी कार्रवाई

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर किसानों को नकली और घटिया उर्वरक बेचने वालों के खिलाफ तत्काल और सख्त कार्रवाई करने को कहा है। सरकार द्वारा जारी बयान में कहा गया कि यह पत्र नकली उर्वरकों की बिक्री, सब्सिडी वाले उर्वरकों की कालाबाजारी और देश भर में जबरन टैगिंग जैसी अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए जारी किया गया है। केंद्रीय मंत्री द्वारा लिख गए इस पत्र में इस बात पर जोर दिया है कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसानों की आय में स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए, उन्हें सही समय पर, किफायती दामों पर और मानक गुणवत्ता वाले गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराना आवश्यक है। उन्होंने आगे कहा कि उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985, जो आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के अंतर्गत आता है, के तहत नकली या घटिया उर्वरकों की बिक्री प्रतिबंधित है।शिवराज सिंह चौहान ने पत्र में आगे कहा कि जहां भी आवश्यकता हो, सही स्थानों पर उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना राज्यों की जिम्मेदारी है। राज्यों को कालाबाजारी, अधिक मूल्य निर्धारण और सब्सिडी वाले उर्वरकों के दुरुपयोग जैसी गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखनी चाहिए और उनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने उर्वरक उत्पादन और बिक्री की नियमित निगरानी करने के साथ-साथ नमूनाकरण और परीक्षण के माध्यम से नकली और घटिया उत्पादों पर कड़ी निगरानी रखने को कहा है। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि पारंपरिक उर्वरकों के साथ नैनो-उर्वरकों या जैव-उत्तेजक उत्पादों की जबरन टैगिंग तुरंत बंद की जानी चाहिए। पत्र में केंद्रीय मंत्री ने यह भी सिफारिश की है कि दोषियों के खिलाफ लाइसेंस रद्द करने और एफआईआर दर्ज करने सहित सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए और दोषसिद्धि सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी अभियोजन सुनिश्चित किया जाना चाहिए।इसके अलावा, राज्यों को निगरानी प्रक्रिया में किसानों को शामिल करने के लिए फीडबैक और सूचना प्रणाली विकसित करने और असली-नकली उत्पादों की पहचान करने के बारे में किसानों को शिक्षित करने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए गए हैं।

## देश की 8 कंपनियों का मार्केट कैप 2.07 लाख करोड़ गिरा, टीसीएस को सबसे अधिक नुकसान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

घरेलू शेयर बाजार में पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान हुई खरीद-बिक्री के कारण देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में से 8 कंपनियों के मार्केट कैप में 2.07 लाख करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। इनमें सबसे अधिक नुकसान टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और भारती एयरटेल को हुआ। दूसरी ओर, टॉप 10 में शामिल 2 कंपनी के मार्केट कैप में इस सप्ताह 47 हजार करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। इनमें सबसे अधिक फायदा हिन्दुस्तान यूनिलीवर को हुआ।



इस सप्ताह के कारोबार के दौरान हिन्दुस्तान यूनिलीवर और बजाज फाइनेंस के मार्केट कैप में 47,396.70 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। दूसरी ओर, टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारती एयरटेल, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई), इंफोसिस और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के मार्केट कैप में 2,07,501.58 करोड़ रुपये की गिरावट आ गई। 7 से 11 जुलाई के बीच हुए कारोबार के दौरान टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मार्केट कैप 56,279.35 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 11,81,450.30 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया।

इसी तरह भारती एयरटेल का मार्केट कैप 54,483.62 करोड़ रुपये घट कर 10,95,887.62 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 44,048.20 करोड़ रुपये लुढ़क कर 20,22,901.67 करोड़ रुपये के स्तर पर, इंफोसिस का मार्केट कैप 18,818.86 करोड़ रुपये कम होकर 6,62,564.94 करोड़ रुपये के स्तर पर, आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 14,556.84 करोड़ रुपये घट कर 10,14,913.73 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

### सर्राफा बाजार में सपाट स्तर पर कारोबार सोना-चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज सपाट स्तर पर कारोबार हो रहा है। सोना और चांदी की कीमत में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। भाव में बदलाव नहीं होने की वजह से आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 99,710 रुपये से लेकर 99,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 91,400 रुपये से लेकर 91,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 1,15,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है।

साप्ताहिक आधार पर देखा जाए तो सोमवार से शनिवार तक के कारोबार के बाद देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोने के भाव में 880 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की मजबूती दर्ज की गई है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी पिछले एक सप्ताह के दौरान 800 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो चुका है।

### प्राइमरी मार्केट में अगले सप्ताह 3 नए आईपीओ देंगे दस्तक

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** सोमवार से शुरू हो रहे कारोबारी सप्ताह के दौरान तीन कंपनियां अपना आईपीओ लॉन्च करने वाली है। इनमें एक ऐंथेम बायो साइंसेज का आईपीओ मेनबोर्ड सेगमेंट का है, जबकि शेष दो कंपनियों के आईपीओ एसएमई सेगमेंट के हैं। इसके अलावा पिछले सप्ताह 10 जुलाई को सब्सक्रिप्शन के लिए खुले एक आईपीओ में भी कल तक बोली लगाई जा सकती है। अगले सप्ताह सोमवार से लेकर गुरुवार तक 6 कंपनियों के शेयर स्टॉक मार्केट में एंट्री करने वाले हैं। इसके अलावा इसी सप्ताह एक कंपनी का फॉलोऑन पब्लिक ऑफर (एफपीओ) भी लिस्ट होने वाला है। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन 14 जुलाई को ही ऐंथेम बायो साइंसेज का 3,395 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलने वाला है। इस आईपीओ में 16 जुलाई तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के तहत 540 रुपये से लेकर 570 रुपये का प्राइस बैंड तय किया गया है।

### टीसीएस और भारती एयरटेल का मार्केटकैप इस हफ्ते एक लाख करोड़ रुपए से अधिक घटा



**मुंबई।** टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और भारती एयरटेल का मार्केटकैप इस हफ्ते संयुक्त रूप से 1,10,762.97 करोड़ रुपए कम हो गया है। इसकी वजह शेयर बाजार में गिरावट होना है। 7-11 जुलाई तक के कारोबारी सत्र में सेंसेक्स में 932.42 अंक या 1.11 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। शेयर मार्केट की शीर्ष 10 कंपनियों में टीसीएस के बाजार मूल्यांकन में सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। कंपनी का मार्केटकैप 56,279.35 करोड़ रुपए कम होकर 11.81 लाख करोड़ रुपए हो गया है। टीसीएस के जून तिमाही के नतीजे निवेशकों की उम्मीदों पर खरे नहीं उतरने के कारण टीसीएस के शेयर में शुक्रवार को 3.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। वहीं, भारती एयरटेल का मार्केटकैप 54,483.62 करोड़ रुपए कम होकर 10.95 लाख करोड़ रुपए हो गया है। इसके अतिरिक्त, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस, आईसीआईसीआई बैंक, एलआईसी, एचडीएफसी बैंक और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के मार्केट कैप में कमी दर्ज की गई।

### पीएलआई स्कीम में इलेक्ट्रॉनिक्स और फार्मा उद्योग को मिला 70 प्रतिशत से ज्यादा फंड

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2024-25 में सरकार द्वारा प्रोडक्शन लिंक्ड स्कीम (पीएलआई) के लिए जारी किए गए कुल फंड में से 70 प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक्स और फार्मा उद्योग को मिला है। यह जानकारी आधिकारिक डेटा में दी गई। डेटा में बताया गया कि वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान योजना के तहत जारी 10,114 करोड़ रुपए में से इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र को 5,732 करोड़ रुपए मिले, जबकि फार्मा क्षेत्र को 2,328 करोड़ रुपए प्राप्त हुए। घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए 2021 में शुरू की गई पीएलआई योजना को शुरू में 14 प्रमुख क्षेत्रों के लिए लॉन्च किया गया था। इसने देश के औद्योगिक आधार और हाई वैल्यू वाले निर्यात को बढ़ाने में अहम भूमिका अदा की है। इस योजना की सफलता इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र के प्रदर्शन में स्पष्ट रूप से दिखती है। विनिर्माण क्षेत्र में मजबूत प्रगति के कारण, इलेक्ट्रॉनिक्स अब भारत की शीर्ष तीन निर्यात श्रेणियों में शामिल हो गया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, इस क्षेत्र ने 2024-25 में 32.46 प्रतिशत की अच्छी निर्यात वृद्धि दर्ज की।